सूर्योदय 7:18 सूर्यास्त 5:26

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.0 न्यू | 17.0 अधि |
| धर्मशाला | 10.0 न्यू | 20.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,525 |
| निफ्टी | 26,177 |
| सोना 1,36,283 | चांदी 2,11,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 24 दिसंबर 2025 | 9 पौष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 358, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### पाकिस्तान की सरकारी एयरलाइन पीआईए नीलाम

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सरकारी एयरलाइन कंपनी पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) नीलाम हो गई है। आरिफ हबीब ग्रुप ने 4320 करोड़ रुपए में पीआईए को खरीद लिया है। पाकिस्तानी सरकार ने एयरलाइन की बिक्री के लिए 3200 करोड़ रुपए का अनुमान लगाया था, हालांकि उसे 1320 करोड़ रुपए ज्यादा मिले हैं। एयरलाइन के लिए आरिफ हबीब ग्रुप और लकी सीमेंट ग्रुप के बीच ओपन बिडिंग राउंड चल रहा था। लकी सीमेंट ग्रुप 4288 करोड़ रुपए तक ही बोली लगा पाई। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका में मेक्सिको नेवी का प्लेन क्रैश, 5 की मौत

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** मेक्सिको की नेवी का एक प्लेन गैलवेस्टन के पास अचानक क्रैश हो गया। प्लेन में एक बीमार युवा के अलावा 7 अन्य लोग मौजूद थे। प्लेन क्रैश में कम से कम 5 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, टेक्सस तट के पास पानी में बाकी लोगों की तलाश की जा रही है। प्लेन में 4 नौसेना के अधिकारी भी मौजूद थे। इसके अलावा 1 बच्चा समेत 4 आम नागरिक भी थे। मेक्सिको की नौसेना ने बयान जारी करते हुए बताया कि इस हादसे में किसकी जान गई है, यह बता पाना काफी मुश्किल है। अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने प्लेन क्रैश में 5 लोगों की मृत्यु की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

### ट्रंप ने सालभर में लिया 2 अरब डॉलर का चंदा

**एजेंसी, वॉशिंगटन।** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी टीम ने बड़े पैमाने पर चंदा जुटाया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की जांच में सामने आया है कि चुनाव के बाद ट्रंप और उनके करीबियों ने करीब 2 अरब डॉलर अलग-अलग फंड और योजनाओं के लिए इकट्ठा किए। यह रकम उनके इलेक्शन कैंपेन के लिए जुटाई गई राशि से भी ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक, कम से कम 346 बड़े दानदाता ऐसे हैं, जिनमें से हरेक ने 2.5 लाख डॉलर या उससे ज्यादा का चंदा दिया। इनमें से 200 दानदाता ऐसे हैं, जिन्हें या जिनके कारोबार को ट्रंप सरकार के फैसलों से फायदा मिला। (अनंत ज्ञान)

### शिवसेना-मनसे मिलकर लड़ेंगी बीएमसी चुनाव

**एजेंसी, मुंबई।** शिवसेना यूबीटी के नेता संजय राउत ने दावा किया है कि उद्धव-राज का गठबंधन वास्तव में अस्तित्व में आ चुका है। दोनों दलों के कार्यकर्ता मुंबई समेत राज्य के कई हिस्सों में मिलकर काम करने लगे हैं। संजय का कहना है कि अब केवल गठबंधन की औपचारिक घोषणा बाकी है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि बृहन्मुंबई म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (बीएमसी) चुनावों के लिए शिवसेना और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के बीच दादर, सेवरी, विक्रोली और भांडुप इलाकों में सीट शेयरिंग को लेकर सहमति नहीं बन पाई है। यहां दोनों को ही जनता का समर्थन है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- टेक्नोलॉजी के उपयोग से सुनिश्चित हुई तत्परता और जवाबदेही -पेज 2
- साहसिक फैसलों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रही सरकार: सीएम -पेज 3
- अनुशासन और संस्कारों को बनाएं अपने जीवन का आधार -पेज 6
- बदहाली पर आंसू बहा रहा कटेरु-पौड़ाकोठी मार्ग -पेज 9
- हरिपुरधार में पुलिस की नजर से नहीं बच पाई नकली पुलिस -पेज 12


# आईजीएमसी प्रकरण पर सीएम सुक्खू सख्त

## जांच के लिए दिया एक दिन का समय, कहा- सौम्य और शांत हो पेशेवरों का व्यवहार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आईजीएमसी शिमला प्रकरण को लेकर सख्त रुख अपना लिया है। दिल्ली से लौटते ही उन्होंने मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग, आईजीएमसी शिमला और निदेशालय चिकित्सा शिक्षा के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में आईजीएमसी शिमला में 22 दिसंबर को मरीज के साथ हुई मारपीट की घटना पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग, आईजीएमसी और निदेशालय चिकित्सा शिक्षा के अधिकारियों से इस घटना से जुड़े सभी तथ्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि इस घटना की जांच 24 दिसंबर तक पूर्ण कर अतिशीघ्र उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि हर संस्थान में पेशेवरों का व्यवहार सौम्य और शांत होना चाहिए। इससे व्यक्तित्व के साथ-साथ संस्थान की छवि भी झलकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आईजीएमसी से पढ़ाई करने के उपरांत चिकित्सकों ने राज्य का नाम देश और विदेश में रोशन किया है। आईजीएमसी में हुई घटना निंदनीय है। किसी भी संस्थान में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को अपनी शिकायत देते पीड़ित मरीज के परिजन।

सुक्खू ने निदेशालय चिकित्सा शिक्षा को सीनियर रेजिडेंसी करने के लिए चिकित्सा महाविद्यालय में आने वाले चिकित्सकों को इंडक्शन ट्रेनिंग प्रदान करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने सीनियर रेजिडेंसी प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने विगत तीन वर्ष के दौरान चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में अनेक महत्वाकांक्षी पहल की हैं। चिकित्सकों और पैरा मेडिकल स्टाफ को संस्थान और अस्पताल में बेहतर वातावरण प्रदान करने के लिए विश्व-स्तरीय मानकों को अपनाया जा रहा है। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को न केवल सुदृढ़ कर रही है, बल्कि इस क्षेत्र में आदर्श राज्य बनने के लिए भी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य संस्थानों में दो दशकों से इस्तेमाल हो रहे पुराने चिकित्सा उपकरणों को नए और अत्याधुनिक उपकरणों से बदला जा रहा है।

### एसपी से मिले मरीज के परिजन आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग

**शिमला।** आईजीएमसी शिमला में इलाज करवाने आए एक मरीज के साथ डॉक्टर द्वारा मारपीट करने के मामले को लेकर पीड़ित मरीज अर्जुन पंवार के परिजनों व चौपाल के कुपवी के लोगों ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक शिमला को लिखित शिकायत सौंपी है। शिकायत में आरोप लगाया है कि गंभीर श्वसन समस्या के चलते मरीज अर्जुन आईजीएमसी में भर्ती थे और ब्रॉन्कोस्कोपी प्रक्रिया के बाद डॉक्टरों ने उन्हें लगातार ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखने के निर्देश दिए थे, लेकिन इसी नाजुक हालत में आरोपित डॉक्टरों ने जानबूझकर मरीज की ऑक्सीजन पाइप को नुकसान पहुंचाया और नाक व छाती जैसे संवेदनशील हिस्सों पर हमला किया। इससे उनकी हालत और बिगड़ गई और उनकी जान को सीधा खतरा पैदा हो गया। शिकायत में कहा गया है कि इस पूरे मामले में केवल एक डॉक्टर ही नहीं, बल्कि अन्य अस्पताल कर्मचारियों की भूमिका भी संदिग्ध है और सभी किसी न किसी रूप में घटना को छिपाने की कोशिश में शामिल रहे। पीड़ित ने पुलिस से मांग की है कि सभी संबंधित डॉक्टरों और अस्पताल स्टाफ की भूमिका की गहन और निष्पक्ष जांच की जाए, वीडियो और अन्य साक्ष्यों को जब्त कर सुरक्षित रखा जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थानों पर इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

### डॉक्टर के समर्थन में उतरी रेजिडेंट डॉक्टर वेलफेयर एसोसिएशन



**शिमला।** आईजीएमसी में मरीज से मारपीट के मामले में सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर पर प्राथमिकी दर्ज होने के बाद रेजिडेंट डॉक्टर वेलफेयर एसोसिएशन उनके समर्थन में आगे आई है। एसोसिएशन का कहना है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित किया जा रहा वीडियो घटना की पूरी सच्चाई को नहीं दिखाता, बल्कि केवल एक हिस्सा सामने रखता है। उनका तर्क है कि किसी भी गंभीर मामले में निष्कर्ष तक पहुंचने से पहले पूरे घटनाक्रम और सभी पहलुओं को समझना आवश्यक है। एसोसिएशन ने मामले की निष्पक्ष व पारदर्शी जांच करने की मांग की है। साथ ही कहा कि अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**वायरल वीडियो को बताया अधूरा, निष्पक्ष व पारदर्शी जांच की मांग**

### ज्ञानपीठ से सम्मानित साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल का निधन

**एजेंसी, रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मशहूर कवि, कथाकार और उपन्यासकार विनोद कुमार शुक्ल का 88 साल की उम्र में मंगलवार शाम को निधन हो गया है।



एक महीने पहले ही उन्हें भारत के सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान ज्ञानपीठ पुरस्कार से नवाजा गया था। विनोद शुक्ल पिछले कुछ महीनों से बीमार चल रहे थे। उनका रायपुर एम्स में इलाज चल रहा था। शुक्ल को ज्ञानपीठ के महाप्रबंधक आरएन तिवारी ने वाग्देवी की प्रतिमा और पुरस्कार का चेक सौंपकर उन्हें सम्मानित किया था। ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले वे छत्तीसगढ़ के पहले साहित्यकार हैं। (अनंत ज्ञान)

## हिमाचल के पूर्व आईजी जैदी की उम्रकैद की सजा पर रोक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने हिमाचल प्रदेश के चर्चित गुड़िया रेप-मर्डर मामले से जुड़े आरोपी की पुलिस हिरासत में हुई मौत के प्रकरण में पूर्व आईजी सैयद जहूर हैदर जैदी की उम्रकैद की सजा पर फिलहाल रोक लगा दी है और उन्हें जमानत दे दी है। इससे पहले 18 जनवरी को चंडीगढ़ स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने जैदी समेत आठ पुलिसकर्मियों को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट में जैदी की अपील स्वीकार करते हुए सजा निलंबित की गई है, हालांकि विस्तृत आदेश अभी आना शेष है। वर्ष 2017 में शिमला जिले के कोटखाई क्षेत्र में 16 वर्षीय छात्रा के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना सामने आई थी। इस मामले में गठित विशेष जांच दल ने सूरज नामक आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसकी बाद में पुलिस हिरासत में मौत हो गई। जन आक्रोश के बाद जांच सीबीआई को सौंपी गई, जिसमें यह निष्कर्ष निकला कि सूरज की मौत पूछताछ के दौरान पुलिस यातना से हुई थी। सीबीआई ने जैदी सहित कई पुलिस अधिकारियों के खिलाफ हत्या और सबूत मिटाने जैसी गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया था।



**पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने दी जमानत**

## हिंदू संगठनों का बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन

### बांग्लादेश में हुई हिंदू युवक की मौत पर जताया विरोध, यूनुस का पुतला भी जलाया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के खिलाफ देश में आक्रोश है। इसके चलते हिंदू संगठन देशभर में जम्मू से लेकर कोलकाता तक अपना विरोध दर्ज करा रहे है। इसी कड़ी में बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की बर्बर तरीके से की गई गई हत्या के खिलाफ हिंदू परिषद और बजरंग दल ने मंगलवार सुबह 11 बजे बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार नहीं सहेंगे के नारे लगाए गए। इस दौरान मो. यूनुस का पुतला भी फूंका गया। कुछ लोगों ने देश में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को देश से बाहर करने की अपील की। बांग्लादेश में भारत विरोधी नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत की हत्या के बाद से देश में विरोध प्रदर्शन जारी है। इस दौरान भारतीय उच्चायोग सहित कई प्रतिष्ठानों और मीडिया को निशाना बनाया गया है। इस तरह के प्रदर्शनों में लगातार हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक कट्टरपंथियों का निशाना बन रहे हैं। इस हिंसा में ही एक हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी और उसका शव पेड़ से लटकाकर जला दिया था, जिसे लेकर भारत के हर राज्य में भारी रोष है। (अनंत ज्ञान)



नई दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के बाहर प्रदर्शन करते हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता।

### बांग्लादेश ने भारतीय उच्चायुक्त किया तलब

**एजेंसी, ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने मंगलवार को ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को बुलाकर हालिया घटनाओं पर गहरी चिंता जताई। विदेश मंत्रालय की विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। इस बीच ढाका ने अपने दिल्ली स्थित बांग्लादेशी मिशन से वीजा सेवाओं को निलंबित करने की घोषणा की है। पिछले 10 दिन में भारतीय उच्चायुक्त को दूसरी बार तलब किया गया है। अंतरिम सरकार के कार्यकाल के दौरान भारत के राजदूत को विभिन्न मुद्दों पर कम से कम छह बार बुलाया गया है।

**दिल्ली स्थित बांग्लादेशी मिशन से वीजा सेवाओं को किया निलंबित**

## श्रीलंका को 450 मिलियन डॉलर की मदद देगा भारत

**एजेंसी, कोलंबो**

विदेश मंत्री जयशंकर ने मंगलवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से मुलाकात की। उन्होंने चक्रवात दितवाह से हुए नुकसान से निपटने के लिए भारत की तरफ से 450 मिलियन डॉलर के सहायता पैकेज का ऐलान किया। जयशंकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष दूत के रूप में दो दिन के दौरे पर श्रीलंका पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि भारत संकट की इस घड़ी में श्रीलंका के साथ मजबूती से खड़ा है। भारत के इस सहायता पैकेज में 350 मिलियन डॉलर रियायती कर्ज और 100 मिलियन डॉलर अनुदान शामिल हैं। इस राशि से चक्रवात से सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में सड़क, रेलवे और पुलों की मरम्मत, पूरी तरह और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घरों का निर्माण, स्वास्थ्य और शिक्षा सेवाओं को दोबारा मजबूत करने, कृषि क्षेत्र को राहत देने और आपदा प्रबंधन व्यवस्था सुधारने पर काम किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**विदेश मंत्री ने श्रीलंकाई राष्ट्रपति से मुलाकात में किया ऐलान**

## एसआईआर : एमपी में 42.74 लाख नाम कटे

### केरल में 24.08 लाख और छत्तीसगढ़ में 27.34 लाख नाम लिस्ट से हटाए गए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने मंगलवार को मध्य प्रदेश में एसआईआर की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की है। इसके मुताबिक राज्य की वोटर लिस्ट में से 42.74 लाख नाम हटाए गए हैं। इनमें 19.19 लाख पुरुष और 23.64 लाख महिलाएं हैं। इसके अलावा 8.40 लाख नाम ऐसे हैं, जिनकी मैपिंग नहीं हुई है। ड्राफ्ट जारी होते ही लोगों ने अपने नाम देखना शुरू किया तो उन्हें निराशा हाथ लगी। वेबसाइट खुलते ही ईपीआई नंबर डालने पर कैप्चा आ रहा है, लेकिन उसे सब्मिट करने पर डिटेल नहीं मिल रही, फिर से कैप्चा आ रहा है। इसके अलावा केरल में 24.08 लाख और छत्तीसगढ़ में 27.34 लाख नाम लिस्ट में से हटाए गए हैं। छत्तीसगढ़ में 6.42 लाख मतदाताओं की मौत हो चुकी है। 19.13 लाख दूसरी जगह शिफ्ट हुए और 1.79 लाख डुप्लीकेट पाए गए। 2025 की स्थानीय निकाय चुनावों के लिए तैयार वोटर लिस्ट के मुताबिक केरल में 2.86 करोड़ से ज्यादा रजिस्टर्ड वोटर हैं।



एसआईआर के तहत मतदाता सूची का 99% से अधिक डिजिटलीकरण पूरा हो गया है और लगभग 25 लाख नाम हटाए जा सकते हैं। इससे पहले चुनाव आयोग ने 7 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेश- पश्चिम बंगाल, राजस्थान, तमिलनाडु, गुजरात, गोवा, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की थी।

इन राज्यों में कुल 2 करोड़ 70 लाख से ज्यादा नाम हटाए गए थे। इनमें सबसे ज्यादा 97 लाख तमिलनाडु से फिर गुजरात से 73 लाख, बंगाल से 58 लाख और राजस्थान से 44 लाख नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में से बाहर किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिका ने एच-1बी और एच-4 वीजा जांच की सख्त

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिका ने एच-1बी और एच-4 वीजा के सभी आवेदकों की जांच सख्त कर दी है। 15 दिसंबर से अब वीजा प्रक्रिया में ऑनलाइन और सोशल मीडिया की जांच भी शामिल कर दी गई है।

भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने कहा कि यह कदम एच-1बी वीजा के दुरुपयोग और अवैध इमिग्रेशन पर रोक लगाने के लिए उठाया गया है। इस फैसले के बाद भारत में हजारों आवेदकों के तय वीजा इंटरव्यू टाल दिए गए हैं। कई इंटरव्यू अब मार्च से मई तक के लिए रीशेड्यूल किए गए हैं। इससे वे लोग ज्यादा परेशान हैं, जो इंटरव्यू के लिए पहले ही भारत आ चुके हैं और वीजा न होने के कारण अमेरिका वापस नहीं जा पा रहे। दूतावास के मुताबिक, एच-1बी और एच-4 वीजा के आवेदन लिए जा रहे हैं, लेकिन जांच बढ़ने से प्रक्रिया में ज्यादा समय लग सकता है। भारत सरकार ने कहा है कि वह इस मुद्दे पर अमेरिका से लगातार बातचीत कर रही है, ताकि भारतीय छात्रों और पेशेवरों को परेशानी न हो। (अनंत ज्ञान)

**ऑनलाइन व सोशल मीडिया जांच भी होगी**

## अरुणाचल में जासूसी रैकेट का भंडाफोड़

### जम्मू-कश्मीर के दो लोग गिरफ्तार, पाक को सूचना भेजने के आरोप

**एजेंसी, ईटानगर**

अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने राज्य में चल रहे एक बड़े जासूसी रैकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के रहने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि ये लोग अरुणाचल प्रदेश के संवेदनशील इलाकों से अहम जानकारियां जुटाकर पाकिस्तान में बैठे अपने हैंडलर्स को भेज रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान एजाज अहमद भट और बशीर अहमद गनई के रूप में हुई है।

मामले में पुलिस महानिरीक्षक चुखु आपा ने बताया कि दोनों लोगों को 18 दिसंबर को जम्मू और कश्मीर के कुपवाड़ा जिले से गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उन दोनों को ट्रांजिट रिमांड पर अरुणाचल प्रदेश लाया गया, जहां वे वर्तमान में पुलिस की हिरासत में हैं। यह मामला तब सामने आया जब 21 नवंबर को पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर नजीर अहमद मलिक (गंगा गांव से) और साबिर अहमद मीर (अबोटानी कॉलोनी से) को ईटानगर से गिरफ्तार किया था। इसके अलावा, वेस्ट सियांग पुलिस ने हिलाल अहमद नाम के एक व्यक्ति को आलो शहर के ओल्ड मार्केट से पकड़ा, जो वहां कपड़ों की दुकान चला रहा था।

पुलिस अब आरोपियों के पास से जब्त किए गए उपकरणों की फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। आईजीपी ने स्पष्ट किया कि पूछताछ अभी जारी है और आने वाले दिनों में मिले सबूतों के आधार पर और भी गिरफ्तारियां संभव हैं। पुलिस इस बात की गहराई से जांच कर रही है कि वे पाकिस्तान में किसके संपर्क में थे और अब तक कितनी जानकारी साझा की जा चुकी है। (अनंत ज्ञान)

### कंबल विक्रेता बनकर कर रहे थे जासूसी

**आईजीपी** चुखु आपा के अनुसार, पकड़े गए आरोपी मुख्य रूप से कंबल बेचने का काम करते थे। इस व्यवसाय की आड़ में वे राज्य के अलग-अलग हिस्सों में घूमते थे और सुरक्षा व अन्य रणनीतिक महत्व की संवेदनशील जानकारियां इकट्ठा करते थे। ईटानगर के एसपी जुम्मार बसर के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने इस गिरोह का भंडाफोड़ किया। जांच के दौरान चांगलांग जिले के मियाओ से गुलाम मोहम्मद मीर को भी हिरासत में लिया गया था। हालांकि, जांचकर्ताओं को उसके खिलाफ जासूसी गतिविधियों में शामिल होने के ठोस सबूत नहीं मिले, जिसके बाद उसे रिहा कर दिया गया है।

**चिंतनीय** चंबा में सामने आई प्रकृति के साथ हो रहे खिलवाड़ की दिल को झकझोरने वाली तस्वीर

## चमेरा डैम में लकड़ियों का जखीरा, अवैध कटान की ओर इशारा

**अजीत सिंह, अनंत ज्ञान**

**डलहौजी।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले से पर्यावरण को झकझोर देने वाली तस्वीर सामने आई है। रावी नदी पर बने चमेरा डैम में बीते कई दिनों से लकड़ियों का विशाल जखीरा पानी की सतह पर तैरता नजर आ रहा है। इन लकड़ियों में कटे हुए बड़े-बड़े पेड़ साफ दिखाई दे रहे हैं, जो पहाड़ों में हो रहे अंधाधुंध और संभावित अवैध कटान की ओर इशारा कर रहे हैं।

बरसात के मौसम में हिमाचल प्रदेश में हुई भारी वर्षा और बाढ़ के दौरान हिमालयन रेंज के जंगलों से बहकर आए पेड़ रावी नदी के रास्ते अब चमेरा डैम में जमा हो गए हैं। आलम यह है कि दूर-दूर तक फैली लकड़ियों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो यह बांध पानी का नहीं, बल्कि लकड़ियों का बांध बन गया हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी भारी मात्रा में पेड़ों का बहकर आना सामान्य नहीं है। यह जंगलों के बड़े पैमाने पर हो रहे कटान और प्रकृति के असंतुलन का गंभीर संकेत है। इससे न केवल पर्यावरण को भारी क्षति पहुंच रही है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी खतरे की घंटी बज चुकी है।

**पानी का नहीं बल्कि लकड़ियों का डैम नजर आ रहा है चमेरा**

चिंता की बात यह भी है कि पिछले तीन महीनों से क्षेत्र में सूखे जैसी स्थिति बनी हुई है। दिसंबर का महीना समाप्त होने को है, लेकिन न बारिश हुई और न ही पहाड़ों पर बर्फबारी। कभी बर्फ से ढकी रहने वाली पहाड़ियां आज सूखी नजर आ रही हैं। चमेरा डैम में तैरती लकड़ियों की यह तस्वीर केवल एक दृश्य नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ हो रहे खिलवाड़ की गंभीर चेतावनी है, जिस पर समय रहते ठोस कदम उठाना अनिवार्य हो गया है।




चंबा जिले में रावी नदी पर बने चमेरा डैम में एकत्रित हुईं हजारों टन लकड़ियां।

### अंधाधुंध कटान से पर्यावरण को अपूरणीय क्षति: अशोक

**सेवानिवृत्त** शिक्षक एवं पर्यावरणविद् अशोक बकारिया ने कहा कि पेड़ों के अंधाधुंध कटान से पर्यावरण को अपूरणीय क्षति पहुंची है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि पकृति का यह विनाश आज नहीं रोका गया तो इसके दुष्परिणाम हमें और हमारी आने वाली पीढ़ियों को भुगतने होंगे। जीवनदायनी संपदा, जो हमें पोषित करती है, उसे नष्ट होने से बचाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### सिख समुदाय वीर बाल दिवस नहीं, शहीदी दिवस मनाएगा

**अनंत ज्ञान, नादौन।** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य डॉ. दलजीत सिंह भिंडर ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों की अनोखी शहादत को दिल्ली सरकार द्वारा वीर बाल दिवस के रूप में प्रस्तुत करना उचित नहीं है। उन्होंने इसे साहिबजादों के महान बलिदान को कम करके आंकने जैसा बताया। जारी बयान में डॉ. भिंडर ने स्पष्ट किया कि सिख समुदाय वीर बाल दिवस नहीं, बल्कि परंपरागत रूप से शहीदी दिवस ही मनाएगा। उन्होंने कहा कि साहिबजादा बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह कोई साधारण बच्चे नहीं थे, बल्कि उन्होंने कम उम्र में ही धर्म की रक्षा के लिए अद्वितीय कुर्बानी दी। डॉ. भिंडर ने कहा कि सिख समुदाय लंबे समय से साहिबजादों का शहीदी दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाता आ रहा है और यह परंपरा आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने सिख समुदाय से अपील की कि वे आने वाली पीढ़ी को साहिबजादों की शहादत, आदर्शों और बलिदान के बारे में सही जानकारी दें।

### छात्रों को जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** थाना भोरंज, जिला हमीरपुर के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) डुंगरी में पुलिस विभाग द्वारा जन-जागरूकता व संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कानून, सुरक्षा व सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन, साइबर अपराध से बचाव तथा नशा उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को सुरक्षित, सतर्क और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया तथा विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवालों के सरल और व्यावहारिक उत्तर दिए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विषयों में गहरी रुचि दिखाई। पुलिस विभाग ने भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित करने की बात कही।

### पीड़ित परिवार को दी एक लाख की आर्थिक सहायता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीनियर सिटिजन काउंसिल हमीरपुर आपदा प्रभावित परिवारों को 37 लाख 50 हजार रुपए की सहायता राशि दे चुकी है। इसके अलावा कैंसर या गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को भी आर्थिक सहायता मुहैया करवा रही है, जिससे इलाज करवाने में कोई परेशानी न हो। सीनियर सिटिजन काउंसिल ने मंगलवार को उपमंडल भोरंज के मालियां गांव के बाबू राम को मकान बनाने के लिए एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। बाबू राम मानसिक रूप से बीमार है और उसकी बेटी भी 73 प्रतिशत विकलांग है। उनके घर में कमाने वाला कोई नहीं व भारी बरसात में उनका मकान गिर गया था। इसके लिए सीनियर सिटिजन काउंसिल ने मकान बनाने के लिए मालियां गांव में जाकर आर्थिक सहायता दी। सीनियर सिटिजन काउंसिल के अध्यक्ष विजय कुमार पुरी ने बताया कि आपदा पीड़ित परिवारों की मदद के लिए आर्थिक सहायता दे रही है।

### आपदा जोखिम न्यूनीकरण के उपाय सिखाए

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डिजास्टर रिस्क रिडक्शन यानि आपदा जोखिम न्यूनीकरण के बारे में विभागीय अधिकारियों को प्रशिक्षित करने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) द्वारा हमीर भवन में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन भी अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं। इस कार्यशाला में लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, बिजली बोर्ड, कृषि, बागवानी, पशुपालन, खाद्य आपूर्ति, शहरी निकायों, ग्राम एवं नगर नियोजन, शिक्षा, पुलिस और अन्य विभागों के अधिकारी भाग ले रहे हैं। डीडीएमए की प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण समन्वयक समीक्षा शर्मा ने बताया कि कार्यशाला के विभिन्न सत्रों में अधिकारियों को आपदा जोखिम न्यूनीकरण के उपायों, सुरक्षित भवन निर्माण, आपदा के दौरान आपसी समन्वय, आपात परिस्थितियों में विभिन्न विभागों की भूमिकाओं और आपदा प्रबंधन से संबंधित अन्य विषयों की जानकारी दी जा रही है।

### युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण शिविर के लिए रवाना

**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन से रोवर एवं रेंजर इकाई के 25 विद्यार्थियों को 24 से 30 दिसंबर तक आयोजित युवा आपदा मित्र योजना प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए गौतम गर्ल्स कॉलेज, हमीरपुर के लिए रवाना किया गया। यह शिविर विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन, आपातकालीन सहायता, राहत एवं बचाव, प्राथमिक उपचार और सामाजिक सेवा में व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मनिर्भरता और समाज सेवा की भावना विकसित करते हैं। रोवर एवं रेंजर लीडर प्रोफेसर योगेश कौंडल एवं डॉ. रजनी के नेतृत्व में विद्यार्थियों को रवाना किया गया। महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. सुशील कुमार बस्सी ने हरी झंडी दिखाकर शुभकामनाएं दी और कहा कि यह प्रशिक्षण उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने में सक्षम बनाएगा।

### खो खो प्रतियोगिता का आज होगा फाइनल

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में चल रहे हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय खो-खो प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। डॉ. पवन कुमार वर्मा ने बताया कि पहले सेमीफाइनल मुकाबले में राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर की टीम ने गवर्नमेंट कॉलेज सोलन की टीम को एक इनिंग और 6 के स्कोर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले के मुख्यातिथि ओलंपियन एवं अंतरराष्ट्रीय जूडो खिलाड़ी दिव्या तथा अंतरराष्ट्रीय जूडो खिलाड़ी संजीव कुमार रहे। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला गवर्नमेंट कॉलेज कोटशेरा और गवर्नमेंट कॉलेज धामी के बीच खेला गया, जिसमें गवर्नमेंट कॉलेज कोटशेरा की टीम ने रोमांचक मुकाबले में एक इनिंग और 6 के स्कोर से जीत दर्ज कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। इस मैच के मुख्य अतिथि कांग्रेस युवा नेता डॉ. चंदन रहे, जबकि उप-प्रधान पुरुषोत्तम विशेष रूप से उपस्थित रहे। आज फाइनल मुकाबला राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर और राजकीय महाविद्यालय कोटशेरा के बीच खेला जाएगा, जबकि तीसरे स्थान के लिए गवर्नमेंट कॉलेज धामी और गवर्नमेंट कॉलेज सोलन के बीच मुकाबला होगा।

### यूनियन ने गरीब परिवार को दी आर्थिक सहायता

**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** शिक्षा विभाग में कार्यरत पार्ट टाइम मल्टी वर्कर्स यूनियन के जिलाध्यक्ष विनोद ठाकुर ने अपने साथियों के साथ मंगलवार को सुजानपुर ब्लॉक के प्राइमरी स्कूल ख्याह में कार्यरत पार्ट टाइम मल्टी टास्क वर्कर स्व. अर्नव के परिवार को अपनी यूनियन की तरफ से 21050 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। जिलाध्यक्ष विनोद ठाकुर ने बताया कि अर्नव कुमार जिनकी आयु 40 वर्ष थी काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। गत 17 दिसंबर को उन्होंने बिलासपुर के एम्स अस्पताल में अंतिम सांस ली थी। उनका 8 वर्ष का बेटा है एवं विधवा पत्नी है। अर्नव कुमार इकलौता अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था। उन्होंने स्वर्गीय अर्नब कुमार के परिवार की स्थिति के बारे में सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कैप्टन रणजीत राणा को अवगत करवा दिया है।

### पर्यावरण सुरक्षा पर बच्चों ने बनाए संदेशपूर्ण चित्र

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन ब्लॉक में हंस फाउंडेशन के तत्वावधान में जंगलों में आग लगने से बचाव और जागरूकता के उद्देश्य से चार स्कूलों में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता राजकीय माध्यमिक विद्यालय म्वालघाट, राजकीय माध्यमिक विद्यालय घलूं और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दंगड़ी में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने चित्रों के माध्यम से जंगलों के महत्व और उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी का संदेश दिया। बच्चों ने जंगल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और वनाग्नि रोकथाम पर सुंदर और संदेशपूर्ण चित्र बनाए। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जबकि सभी प्रतिभागियों की भागीदारी की सराहना की गई।

### पुलकित को शिक्षा उपनिदेशक ने किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नेशनल स्कूल गेम्स में कुराश में गोल्ड मेडल जीतने वाले हमीरपुर के छात्र पुलकित ठाकुर को शिक्षा उपनिदेशक कमल किशोर भारती ने मंगलवार को अपने कार्यालय में सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्र को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई और उन्हें ट्रैकसूट व मोमेंटो भी भेंट किए गए। उनके पिता अजय कुमार और स्कूल के हैडमास्टर प्रवीण पुरी को भी शुभकामनाएं दी गईं। पुलकित ठाकुर ने अंडर-14 वर्ग के 25 किलो भार में राष्ट्रीय स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर हिमाचल प्रदेश के लिए इतिहास रच दिया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र हमीरपुर के कोच दिव्या तिवारी शर्मा, कोच संजीव सिंह और परिजनों को दिया। इस अवसर पर एडीपीओ अश्वनी कुमार, शारीरिक शिक्षक संघ के प्रधान राकेश सिंह, अधीक्षक ग्रेड वन कश्मीर सिंह और जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम भी उपस्थित रहे।

### पहली जनवरी को बिजली बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** बिजली उपमंडल सुजानपुर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र सुजानपुर शहर, डोली, टिकर, पेट्रोल पंप, छौंटा, भलेठ, दाड़ला, मिहाड़पुर, टिक्करू, चमियाणा, गाडी, पटलांदर, रंगड़, ठाणा, धवडियाणा, रियाह, मैलहड्डू, नलाही, जयाणा, जोल लंबरी, आंसला, आदि स्थानों पर पहली जनवरी को बिजली आपूर्ति सुबह 10 बजे से 5 बजे तक बंद रहेगी। सहायक अभियंता चंद्रकांत ठाकुर ने बताया कि इस दिन 11केवी सुजानपुर, 11 केवी चबूतरा और 11केवी पटलांदर के साथ लगते पेड़ों की कटाई और छंटाई का कार्य किया जाएगा। उन्होंने जनता से सहयोग की अपील की है।

# टेक्नोलॉजी के उपयोग से सुनिश्चित हुई तत्परता और जवाबदेही : अमरजीत सिंह



सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित कार्यशाला में डीसी अधिकारियों को सुधार के निर्देश देते हुए।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने कहा कि प्रशासनिक एवं विभागीय कार्यों में आधुनिक तकनीक, विशेषकर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के प्रभावी उपयोग से न केवल कार्यों में तेजी आई है, बल्कि पारदर्शिता और अधिकारियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित हुई है।

हमीर भवन में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आयोजित अधिकारियों की कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समय और परिस्थितियों के अनुसार प्रशासनिक कार्यप्रणाली में निरंतर बदलाव आवश्यक है। उपायुक्त ने कहा कि हाल के वर्षों में आईटी क्रांति के चलते प्रशासन के प्रत्येक स्तर पर डिजिटल सेवाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान में आसानी हुई है तथा विभागीय तंत्र अधिक दक्ष और प्रभावी बना है। लोकतांत्रिक व्यवस्था के सशक्त होने, नागरिकों में बढ़ती जागरूकता और प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया के विस्तार के कारण लोगों की प्रशासन से अपेक्षाएं भी बढ़ी हैं। जिला सुशासन सूचकांक में हमीरपुर जिले का प्रदर्शन सराहनीय रहा है, जिसे और बेहतर बनाने के लिए सभी अधिकारियों को निरंतर प्रयासरत रहना होगा। अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक गर्ग ने भी अधिकारियों को संबोधित करते हुए सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा किए गए विशेष प्रयासों की जानकारी दी।

## नशा उन्मूलन पर जिला स्तरीय बैठक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नशे की समस्या से निपटने के लिए जिला स्तरीय नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर (एनकॉर्ड) की बैठक मंगलवार को उपायुक्त अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिले में नशे की समस्या और इसे रोकने के उपायों पर व्यापक चर्चा हुई। डीसी ने कहा कि नशीले पदार्थों के सेवन और तस्करी पर नियंत्रण के लिए प्रदेश सरकार प्रभावी रणनीति लागू कर रही है। उन्होंने अधिकारियों से सुझाव मांगे, जिन्हें राज्य स्तरीय एनकॉर्ड में शामिल किया जाएगा। टोल फ्री 112 और 'ड्रग फ्री हिमाचल' ऐप पर सूचना देने तथा नशा उपचार एवं पुनर्वास केंद्रों का प्रचार करने के निर्देश दिए। एसपी बलवीर सिंह ने बताया कि इस वर्ष 108 एनडीपीएस एक्ट केस दर्ज हुए हैं। उन्होंने शिक्षकों, अभिभावकों और समाज को युवाओं को नशे से बचाने के लिए जागरूक करने पर जोर दिया। बैठक में एडीसी, एसडीएम और अन्य अधिकारी भी शामिल रहे।

## सड़क सुरक्षा को दुरुस्त करने के लिए 8 करोड़ होंगे खर्च

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डीसी ने कहा कि शहर और आसपास के क्षेत्रों में यातायात को सुचारू बनाए रखने और दुर्घटना की आशंका वाले स्थानों को दुरुस्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उन्होंने बताया कि हमीरपुर से पक्का भरो तक मुख्य सड़क पर सुधार कार्यों के लिए 8 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। फुटपाथ निर्माण और सड़क सुदृढ़ीकरण के लिए भी धनराशि का प्रावधान किया गया है। लोक निर्माण, नेशनल हाईवे, परिवहन, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को राज्य सड़क सुरक्षा नीति लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना के शिकार लोगों का आयुष्मान भारत योजना के तहत 1.5 लाख रुपए तक कैशलैस इलाज होगा। एसपी बलवीर सिंह, एडीसी अभिषेक गर्ग और लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता दीपक कपिल ने भी सुझाव और जानकारी साझा की।

# बिजली संशोधन विधेयक 2025 पर पेंशनर्स फोरम ने जताई गंभीर आपत्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड पेंशनर्स फोरम के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह खरवाड़ा ने कहा कि देश की आजादी के बाद बिजली क्षेत्र के विकास के लिए बिजली अधिनियम 1948 बनाया गया था। इसका उद्देश्य देशभर में बिजली बोर्ड स्थापित कर हर घर तक बिजली पहुंचाना और औद्योगिकीकरण के लिए सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध कराना था।

प्रारंभिक लक्ष्यों को प्राप्त किया गया और बोर्डों को 3 प्रतिशत तक मुनाफा अर्जित करने का प्रावधान था, लेकिन राजनीतिक कारणों से यह संभव नहीं हो पाया। खरवाड़ा ने बताया कि 1998 में इंडियन इलैक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी एक्ट और 2003 में बिजली अधिनियम 2003 लागू होने के बावजूद बिजली वितरण क्षेत्र का घाटा 26 हजार करोड़ से बढ़कर 6.9 लाख करोड़ तक पहुंच गया। अब बिजली संशोधन विधेयक 2025 के जरिए निजीकरण को बढ़ावा देने और कॉर्पोरेट घरानों को लाभ पहुँचाने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि विधेयक लागू होने पर निजी कंपनियां केवल लाभदायक औद्योगिक और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को चुनेंगी, क्रॉस सब्सिडी समाप्त होगी, और घरेलू व कृषि उपभोक्ताओं की दरें कई गुना बढ़ेंगी। निजी कंपनियां सार्वजनिक वितरण नेटवर्क का मुफ्त उपयोग करेंगी, जबकि रख-रखाव की जिम्मेदारी सार्वजनिक कंपनियों पर रहेगी। हिमाचल जैसे राज्यों में 65 प्रतिशत राजस्व औद्योगिक क्षेत्रों से आता है, जिससे सार्वजनिक वितरण कंपनियों की आमदनी घटने पर कर्मचारियों और 30 हजार पेंशनर्स के लाभों पर खतरा उत्पन्न होगा। खरवाड़ा ने कहा कि निजीकरण से राज्य अधिकार कमजोर होंगे, केंद्र का नियंत्रण बढ़ेगा, ग्रिड अस्थिर होंगे, स्थाई नौकरियां समाप्त होंगी और सार्वजनिक वितरण क्षेत्र नष्ट हो जाएगा। उन्होंने बिजली क्षेत्र के कर्मचारियों, पेंशनर्स और आम जनता से एकजुट होकर इस सत्यनाशी विधेयक को लागू होने से रोकने की अपील की।

## बीमार भिखारी का करवाया उपचार, स्वस्थ होने पर चार महीने बाद भाइयों के साथ भेजा नेपाल

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**



**नादौन।** पुलिस ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए एक भिखारी को गंभीर शारीरिक स्थिति से निकालकर उपचार करवाया और स्वस्थ होने पर उसके परिजनों से मिलवाया।

यह कार्रवाई क्षेत्र में पुलिस की सराहना का विषय बनी है। मिली जानकारी के अनुसार, एक अनजान व्यक्ति न्यायालय परिसर नादौन में भीख मांग रहा था। उसकी स्थिति अत्यंत दयनीय थी और वह अपना नाम या पता नहीं बता पा रहा था। उसके बाजू पर पुरानी गंभीर चोटें थीं, जिनमें कीड़े पड़ चुके थे। इसकी सूचना नादौन पुलिस को अस्पताल से मिली। पुलिस ने तुरंत उसे नादौन अस्पताल लाकर प्राथमिक उपचार करवाया और न्यायालय से आवश्यक अनुमति लेकर उपचार की प्रक्रिया शुरू की। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज हमीरपुर रेफर किया। मनोचिकित्सकीय परीक्षण के उपरांत उसे मेंटल हेल्थ एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर, बालूगंज (शिमला) भेजा गया, लेकिन वहां बेड की कमी के कारण वह पुलिस अभिरक्षा में मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में ही रखा गया। करीब चार महीने तक चिकित्सकों ने समुचित उपचार किया। स्वस्थ होने पर व्यक्ति ने अपना नाम अनिल पटेल, पुत्र वचन राउत, निवासी गांव ठेगाना, नेपाल बताया। पुलिस ने उसके भाई लाल बाबू राउत से संपर्क किया, जिन्हें पता चला कि अनिल उनका सगा भाई है, जो दो वर्ष पूर्व घर से चला गया था। उसे 8 दिसंबर को अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया और थाना नादौन में सुरक्षित रखा गया। एसएचओ निर्मल सिंह ने पुष्टि की कि अनिल को विधिवत तस्दीक के बाद उसके भाईयों को सुरक्षित तरीके से सुपुर्द कर नेपाल भेजा गया।

## युवाओं को नशे से बचाकर ही देश व समाज का भविष्य कर सकते हैं सुरक्षित : नरेश ठाकुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**




राज्य नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार नरेश ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में नशे की गंभीर समस्या को रोकने और विशेषकर, चिट्टे जैसे बहुत ही खतरनाक नशीले पदार्थ के सेवन एवं तस्करी को पूरी तरह समाप्त करने के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एक विशेष अभियान आरंभ किया है।

इस अभियान में सभी लोगों को सक्रिय सहयोग देना चाहिए। नरेश ठाकुर मंगलवार को होली हार्ट पब्लिक हाई स्कूल डिडवीं टिक्कर में बोर्ड की ओर से आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हिमाचल में भी चिट्टे के नशे से कई युवा बर्बाद हो रहे हैं। अगर इस पर काबू नहीं पाया गया तो यह हमारी युवा पीढ़ी को तबाह कर देगा। इसे रोकने के लिए मुख्यमंत्री ने कड़े एवं प्रभावी कदम उठाने के साथ-साथ नशा विरोधी मुहिम को एक जन आंदोलन का रूप देने का निर्णय लिया है। इसी कड़ी में शिमला, धर्मशाला और हमीरपुर में चिट्टा विरोधी मैगा वॉकथॉन आयोजित की गई हैं। 26 दिसंबर को बिलासपुर में भी इसी तरह का बड़ा आयोजन किया जा रहा है। नरेश ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थियों और युवाओं को नशे से बचाकर ही हम अपने देश एवं समाज का भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं। इसके लिए सभी शिक्षक और अभिभावक बच्चों पर नजर रखें तथा करियर को लेकर उन पर अनावश्यक दबाव न डालें। सभी बच्चे भी सकारात्मकता के साथ पढ़ाई करें तथा अपनी दिनचर्या में खेलों को अवश्य शामिल करें।

## श्मशानघाट पर युवकों से मिली 12.06 ग्राम चरस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस थाना सदर हमीरपुर के अंतर्गत उपप्रधान बलवीर कुमार ने बताया कि 22 दिसंबर को श्मशानघाट टिक्कर पर दो युवकों को संदिग्ध अवस्था में देखा। तलाशी के दौरान अक्षय कुमार पुत्र सुरेंद्र कुमार की जेब से 12.06 ग्राम भांग बरामद हुई। पुलिस चैकी को सूचना देने पर मुख्य आरक्षी कुलदीप और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक बलवीर सिंह ने कहा कि भांग रखने के आरोप में अक्षय कुमार और पंकज शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## टौणी देवी में वरिष्ठ पेंशनर्स को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ, टौणी देवी खंड इकाई की मासिक बैठक मंगलवार को टौणी देवी माता मंदिर परिसर में खंड प्रधान जगदीश चंद शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष, प्रदेश मुख्य संरक्षक और वित्त सचिव शंभू राम जसवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 16 वरिष्ठ पेंशनरों को हार, हैंडबैग और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा संघ गतिविधियों में सक्रिय 16 पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। बैठक में सदस्यता अभियान और लंबित मांगों पर चर्चा हुई, साथ ही आगामी पेंशनर दिवस समारोह में सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद व्यक्त किया गया।

## क्लिनिक पर पुलिस व ड्रग इंस्पेक्टर की छापेमारी

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के भड्डा में फोरलेन के किनारे स्थित एक क्लिनिक पर नादौन पुलिस और जिला ड्रग इंस्पेक्टर अकांक्षा शर्मा की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। टीम ने क्लिनिक में रखी दवाओं के सैंपल लिए और बिल, खरीद-बिक्री दस्तावेजों की जांच की। जो दस्तावेज मौके पर उपलब्ध नहीं थे, उन्हें निर्धारित समय में कार्यालय में जमा करने के आदेश दिए गए। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि चिकित्सक पंजीकृत हैं और नियमों का कोई उल्लंघन नहीं हुआ। जांच के बाद रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी दवा विक्रेताओं और क्लिनिक संचालकों को सख्त चेतावनी भी दी।

## एनआईटी में उपडाकघर का नवीनीकरण पूरा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एनआईटी हमीरपुर में स्थित उपडाकघर का नवीनीकरण पूरा होने के बाद लोकार्पण मुख्य अतिथि चीफ पोस्टमास्टर जनरल संजय सिंह ने किया। इस अवसर पर एनआईटी हमीरपुर के प्रभारी प्रो अनूप कुमार, प्रवीण कुमार, निदेशक डाक सेवाएं हिमाचल प्रदेश परिमंडल, प्रवर अधीक्षक डाकघर कंचन सिंह चौहान और अन्य डाक कर्मचारियों ने भाग लिया। सीपीएमजी ने बताया कि भारतीय डाक विभाग युवाओं को आकर्षित करने और उनकी जरूरत अनुसार सेवाएं देने के लिए इस पहल को शुरू कर रहा है। हिमाचल में यह दूसरा और हमीरपुर में पहला नवीनीकृत डाकघर है। प्रो अनूप कुमार ने डाक सेवाओं की सराहना की।

## लोगों ने अधिकारियों के समक्ष रखीं समस्याएं

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत ग्राम पंचायत दाड़ला के गांव भलेठ में मंगलवार को शिकायत निवारण शिविर आयोजित किया गया। एसडीएम विकास शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में क्षेत्रवासियों ने विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। जंगली जानवरों से फसलों के नुकसान पर अधिकारियों को हूटर उपलब्ध करवाने, कुत्तों का एंटी रेबीज टीकाकरण, पेयजल योजना की सफाई और खेतों की बाड़बंदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। तहसीलदार प्रवीण ठाकुर और अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## बाबा बालक नाथ ट्रस्ट की बैठक में लिए अहम निर्णय

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर में बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट की बैठक एसडीएम स्वाति ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कर्मचारियों के कल्याण के लिए निधि बढ़ाकर 10 करोड़ करने का निर्णय लिया गया, जिसमें 7.92 करोड़ रुपए कर्मचारी कल्याण निधि में जमा होंगे। लंबे समय से खाली पड़े 60 पदों को भरने का प्रस्ताव भी पारित हुआ। गरीब कन्याओं की शादी के लिए सहायता राशि बढ़ाकर 15,000 रुपए करने और गरीब लोगों को अतिरिक्त मदद देने का निर्णय लिया गया। ट्रस्ट में श्रद्धालुओं को अधिक सुविधाएं देने और लंबित पेंशन मामलों को हल करने के लिए 2 करोड़ रुपए जमा किए जाएंगे। बैठक में ट्रस्टी सुभाष ढटवलिया, नरेश लखनपाल, कमल पठानिया सहित अन्य सरकारी और गैर-सरकारी सदस्य उपस्थित थे। कुछ ट्रस्टी बैठक छोड़कर बाहर चले गए। सभी प्रस्ताव जिलाधीश को भेजे जाएंगे और सरकार की सहमति के बाद लागू होंगे।

## सांसद अनुराग से पुल निर्माण की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** टौणी देवी क्षेत्र में नए राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-3) के निर्माण के बाद पुराना उहल चौक बाजार सूना पड़ गया है। नए बाईपास से सारा यातायात वहीं से गुजरने लगा है, जिससे पुराने बाजार के व्यापार पर नकारात्मक असर पड़ा है। मंगलवार को पुराने बाजार के व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने सांसद अनुराग ठाकुर से भेंट कर नए एनएच के ऊपर पुल बनाकर कक्कड़ रोड से संपर्क बहाल करने की मांग रखी। उनका कहना है कि पुल बनने से बाजार की रौनक लौटेगी और आम जनता की आवाजाही सुगम होगी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बारी के प्रधान रविंद्र ठाकुर, पूर्व प्रधान जगदीश चौहान, दुकानदार और कई स्थानीय नागरिक मौजूद थे। सांसद अनुराग ठाकुर ने समस्या को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि 1 जनवरी को होने वाली नेशनल हाईवे अथॉरिटी की बैठक में इस मुद्दे को उठाया जाएगा और पुल निर्माण पर विचार किया जाएगा। यह प्रयास स्थानीय व्यापार और यातायात सुविधा दोनों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# अनुराग ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**




डीएवी पब्लिक स्कूल गुब्बर के वार्षिक समारोह में सांसद सम्मानित करते हुए।

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने हमीरपुर जिला की सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत डीएवी पब्लिक स्कूल, गुब्बर के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया और विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों को संबोधित किया। अनुराग सिंह ठाकुर ने मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए सोनल 98 प्रतिशत, श्रेया कुमारी 96 प्रतिशत, कृतिका 88 प्रतिशत और अरमान 87 प्रतिशत को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। ऐसे होनहार विद्यार्थी भविष्य में प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे। अपने संबोधन में अनुराग ठाकुर ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इसी सोच के तहत उन्होंने विद्यालय को इनडोर एवं आउटडोर खेलों के लिए खेल सामग्री उपलब्ध करवाने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय के बाहरी गतिविधि क्षेत्र में रेन शेड निर्माण को भी स्वीकृति दी, ताकि वर्षा के दौरान भी छात्रों की गतिविधियां बाधित न हों। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि वे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नि:शुल्क शैक्षणिक भ्रमण प्रायोजित करेंगे। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को राष्ट्रपति भवन, संसद, प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं संसद संग्रहालय सहित देश की राजधानी के अन्य महत्वपूर्ण स्थलों को देखने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के भ्रमण विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं और उन्हें जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने पहले भी शिक्षा और खेल के क्षेत्र में मेधावी विद्यार्थियों के लिए 'भारत भ्रमण कार्यक्रम' की शुरुआत की थी, जिससे सैकड़ों विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर का अनुभव मिला और यह उनके जीवन की एक अविस्मरणीय उपलब्धि बनी। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ-साथ उनमें राष्ट्र के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित करते हैं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राकेश, मंडल अध्यक्ष विक्रम राणा, जिला प्रवक्ता विनोद ठाकुर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय बहल, जिला उपाध्यक्ष सुमन चैहान, पूर्व महामंत्री पवन शर्मा एवं अनिल शामा तथा पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष कपिल मोहन शामा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योति ठाकुर तथा स्कूल समिति अध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर ने मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया।

**जिम्मेदारी** बिहार चुनावों में सफल नेतृत्व के बाद मिली नई जिम्मेदारी, युवा नेता के सोशल मीडिया योगदान से संगठन को महत्वपूर्ण सफलता

# कपिल बने प. बंगाल विधानसभा चुनावों में राज्य चुनाव सह-प्रभारी

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**



**हमीरपुर।** हमीरपुर से ताल्लुक रखने वाले कपिल परमार को पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों के लिए भाजयुमो का राज्य सह प्रभारी बनाया गया है।

कपिल इस समय भाजयुमो के सोशल मीडिया के नेशनल इंचार्ज हैं। वे बिहार के विस चुनावों में भी इस बार राज्य सह प्रभारी के पद पर कार्यरत थे। पार्टी में उनके लगातार बेहतर प्रयासों की वजह से ही विधानसभा चुनावों के समय अलग-अलग राज्यों में चुनाव के समय महत्वपूर्ण जिम्मेवारियां देने का सिलसिला जारी है। वे पिछले करीब कई सालों से अच्छे खासे सक्रिय हैं और उनका सोशल मीडिया में अच्छा प्रभाव रहा है इसीलिए बिहार के चुनावों में बेहतर सफलता हासिल करने के बाद संगठन ने उन्हें पश्चिम बंगाल के चुनावों के लिए भी नई उम्मीद के साथ जिम्मेदारी सौंपी है। कपिल के पिता कमलेश परमार हमीरपुर में भी सेवानिवृत्ति के बाद भाजपा के पदाधिकारियों में शुमार हैं। दर असल में कमलेश परमार के बेटे कपिल पर भाजयुमो में सोशल मीडिया के तौर पर पिछले कई सालों से बेहतर कार्य करने का मौका मिला है और इससे पार्टी को भी महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छे रिजल्ट्स मिले हैं। यही वजह है कि कपिल परमार का कद विधानसभा चुनावों के समय मिलने वाले दायित्व में अच्छा खासा बढ़ा है। उन पर संगठन ने भी हर एक चुनाव में जिस अंदाज में जिम्मेदारी सौंपी, उस पर भी खरे उतरे हैं। अब पश्चिम बंगाल के चुनावों की नई जिम्मेदारी के साथ उनकी एक बार फिर परीक्षा होगी।

## डिजिटल अभियान व ऑनलाइन संरचना के कार्यभार में अनुभव

**इस** महत्वपूर्ण नियुक्ति की आधिकारिक घोषणा मंगलवार को भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा जारी की गई है। जिसमें कई और राज्यों में भी इस तरह की नियुक्तियां की गई हैं। कपिल परमार पिछले कई वर्षों से युवा मोर्चा के सोशल मीडिया एवं डिजिटल रणनीति प्रमुख के रूप में सफलता पूर्वक कार्यरत रहे हैं। वह राष्ट्रीय सोशल मीडिया इंचार्ज के रूप में पार्टी के डिजिटल अभियान, ऑनलाइन संरचना तथा प्रचार-प्रसार के महत्वपूर्ण कार्यों का कार्यभार संभालते रहे हैं। उन्हें यह पद पहले भी मिल चुका है और उन्होंने भाजपा वरिष्ठ नेता पूनम महाजन के साथ मिलकर सोशल मीडिया और आईटी रणनीतियों पर तीन वर्ष से अधिक समय तक कार्यभार संभाला है, जिससे संगठन की डिजिटल पहुंच और युवाओं में जुड़ाव और अधिक प्रबल हुआ है।

## युवाओं व कार्यकर्ताओं ने नई जिम्मेदारी पर दी बधाई

**वे** वर्तमान में भाजयुमो पंजाब प्रभारी के साथ-साथ राष्ट्रीय सोशल मीडिया हेड के रूप में कार्य करते हैं और एक पेशेवर मार्केटिंग व फाइनेंस पृष्ठभूमि के साथ डिजिटल अभियानों की दिशा निर्देशित करते हैं। इससे पूर्व बिहार विधानसभा चुनावों में भी कपिल परमार को सह-प्रभारी बनाया गया था। बिहार चुनावों में एनडीए और भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली थी। कपिल परमार के नेतृत्व में भाजयुमो की सोशल मीडिया टीम ने पार्टी के मिशन तथा नीतियों को प्रभावी ढंग से सोशल प्लेटफॉर्म्स पर पहुंचाया है, जिनमें युवा वर्ग के साथ संवाद, पार्टी के संदेशों का प्रसार और चुनावी रणनीतिक संचार शामिल रहा है। वह वर्तमान में भाजयुमो पंजाब प्रभारी के साथ-साथ राष्ट्रीय सोशल मीडिया हेड के रूप में कार्य करते हैं और एक पेशेवर मार्केटिंग व फाइनेंस पृष्ठभूमि के साथ डिजिटल अभियानों की दिशा निर्देशित करते हैं। हमीरपुर में कपिल परमार की इस नई जिम्मेदारी की घोषणा से युवाओं एवं कार्यकर्ताओं में खुशी है। स्थानीय संगठन तथा पार्टी कार्यकर्ता उन्हें बधाई देते हुए और आगामी चुनावी दायित्वों में सफलता की शुभकामनाएं प्रकट की हैं।

## हिमांशु को एमएस ऑर्थोपेडिक्स में पीजी मेडिकल सीट का आवंटन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** अटल मेडिकल एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी, हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित पीजी मेडिकल काउंसलिंग के दूसरे राउंड में हमीरपुर जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। जिले की तहसील भोरंज के अंतर्गत नगरोटा गजियां गांव के होनहार चिकित्सक हिमांशु सोनी को एमएस (ऑर्थोपेडिक्स) पाठ्यक्रम में अस्थायी रूप से सीट आवंटित की गई है। यह सीट उन्हें डॉ. राजेंद्र प्रसाद गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, टांडा (कांगड़ा) में मिली है। हिमांशु सोनी ने अपनी मेहनत, लगन व निरंतर अध्ययन के बल पर यह सफलता हासिल की है। पीजी मेडिकल काउंसलिंग के दूसरे राउंड में सीट आवंटन के साथ ही उनके डॉक्टर बनने के सपने को नई उड़ान मिली है। ऑर्थोपेडिक्स जैसे चुनौतीपूर्ण और प्रतिष्ठित विषय में चयन को उनकी शैक्षणिक क्षमता और समर्पण का प्रमाण माना जा रहा है। हिमांशु सोनी के पिता राजीव सोनी पेशे से वरिष्ठ अधिवक्ता हैं, जबकि उनकी माता अनुपम सोनी गृहिणी हैं। परिवार ने हमेशा शिक्षा को प्राथमिकता दी और हिमांशु को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। परिवारजनों का कहना है कि यह उपलब्धि हिमांशु की वर्षों की मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। हिमांशु की इस सफलता से न केवल उनके परिवार में, बल्कि पूरे नगरोटा गजियां गांव और हमीरपुर जिले में खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों, मित्रों व शुभचिंतकों ने उन्हें बधाइयां दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। क्षेत्रवासियों ने इसे ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया है। हिमांशु सोनी की उपलब्धि यह संदेश देती है कि लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### रग्बी चैंपियनशिप के लिए ट्रायल 25 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** आगामी 27 दिसंबर को पांवटा साहिब में आयोजित होने वाली अंडर-15 छात्र व छात्राओं की राज्य स्तरीय रग्बी चैंपियनशिप के लिए जिला शिमला से खिलाड़ियों के चयन हेतु 25 दिसंबर को एमईएस हाई स्कूल, मशोबरा में ट्रॉयल आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी खेल प्रभारी नंदलाल शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि पांवटा साहिब में होने वाली राज्य स्तरीय रग्बी चैंपियनशिप का आयोजन हिमाचल प्रदेश रग्बी संघ के सौजन्य से किया जा रहा है, जिसमें जिला शिमला से अंडर-15 वर्ग के छात्र व छात्राएं भाग लेंगे। चयन प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से संपन्न किया जाएगा, ताकि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिल सके। नंदलाल शर्मा ने जिला शिमला के सभी टीम प्रभारियों से आग्रह किया है कि वे 25 दिसंबर को प्रातः 9 बजे अपने-अपने खिलाड़ियों को लेकर एमईएस हाई स्कूल, मशोबरा पहुंचना सुनिश्चित करें, ताकि ट्रॉयल समय पर शुरू किए जा सकें।

### एसएफआई ने बांग्लादेश में हमलों पर जताई चिंता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की प्रदेश राज्य कमेटी ने बांग्लादेश में लगातार बढ़ रही सांप्रदायिक हिंसा और अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की है। हाल ही में म्यामेंसिंग में एक हिंदू युवक दिपु चंद्र दास को झूठे आरोपों के आधार पर भीड़ द्वारा घेरकर पेड़ से बांधने और आग में झोंक देने की अमानवीय घटना ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। इसी तरह बीते 330 दिनों में अल्पसंख्यकों पर 2400 से अधिक हमलों की रिपोर्ट और शरीफ उस्मान हादी की हत्या जैसी घटनाओं ने हालात को और गंभीर बना दिया है। एसएफआई हिमाचल प्रदेश राज्य कमेटी ने कहा कि म्यामेंसिंग की घटना कोई अलग-थलग मामला नहीं है, बल्कि यह उस खतरनाक प्रवृत्ति का हिस्सा है जिसमें अल्पसंख्यकों और हाशिए पर रह रहे समुदायों की सुरक्षा और उनके धार्मिक अधिकारों को लगातार कमजोर किया जा रहा है।

### माया पब्लिक स्कूल को मिला नेशनल बेस्ट स्कूल सम्मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय रामानुजन गणित क्लब के सौजन्य से अहमदाबाद में आयोजित राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में माया पब्लिक स्कूल मशोबरा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल बेस्ट स्कूल का अवार्ड प्राप्त किया है। विद्यालय के अध्यक्ष हरीश शर्मा ने बताया कि बीते दो वर्षों से लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते विद्यालय को यह सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के साथ-साथ पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है और यह विद्यार्थियों की मेहनत तथा शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा हंसिका शर्मा ने एक्सटेम्पोर पजल प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल किया। कविता पाठ प्रतियोगिता में कृत्तिका ठाकुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि वरिष्ठ वर्ग में आरोही वालिया ने भी तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। हरीश शर्मा ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नेशनल टैलेंट हंट से कांग्रेस चुनेगी प्रशिक्षित प्रवक्ता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम के तहत हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पार्टी प्रवक्ताओं, मीडिया पैनलिस्टों और समन्वयकों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शिमला के राजीव भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने कार्यक्रम की शुरुआत की। नेशनल टैलेंट हंट की राष्ट्रीय संयोजक चित्रा बाधम ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं के कमजोर होने के दौर में तथ्यपरक और प्रशिक्षित प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक भवानी सिंह पठानिया ने बताया कि चयन प्रक्रिया पारदर्शी होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 5 जनवरी तय की गई है, जबकि साक्षात्कार 12 से 15 जनवरी तक होंगे।

# साहसिक फैसलों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दे रही सरकार : सीएम सुक्खू

## बोले- देश का अग्रणी प्राकृतिक खेती राज्य बनने की ओर हिमाचल

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था में ग्रामीण आबादी की निर्णायक भूमिका को केंद्र में रखते हुए राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देकर गांवों की आर्थिक बुनियाद को सुदृढ़ कर रही है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने नई दिल्ली से लौटने के बाद कहा कि कृषि आज भी प्रदेश की जीवनरेखा है। राज्य की लगभग 90 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और करीब 53.95 प्रतिशत लोग प्रत्यक्ष रूप से कृषि एवं इससे जुड़े कार्यों पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना वर्तमान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी दिशा में दूरगामी व निर्णायक सुधार लागू किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों और बागवानों की आय बढ़ाने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्राकृतिक खेती से उत्पादित फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की व्यवस्था, सेब के लिए यूनिवर्सल कार्टन का क्रियान्वयन, लक्षित सब्सिडी योजनाएं और किसानों को अतिरिक्त आय देने के उद्देश्य से



गोबर खरीद जैसी अभिनव पहलें की गई हैं। इन फैसलों का सीधा लाभ ग्रामीण परिवारों तक पहुंच रहा है और खेती की लागत घटने के साथ आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हो रही है।

इसी क्रम में सरकार ने 9.61 लाख किसान परिवारों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य तय किया है। इसके तहत अब तक लगभग 38,437 हेक्टेयर क्षेत्र में 2,22,893 किसान और बागवान पूरी तरह या आंशिक रूप से प्राकृतिक खेती अपना चुके हैं। इससे मिट्टी की उर्वरता में सुधार हुआ है और खेती अधिक टिकाऊ बनी है। बाजार में पहचान मजबूत करने के लिए प्राकृतिक खेती के उत्पादों को विशेष ब्रांड के तहत उतारा गया है। मक्का का आटा 'हिम भोग हिम मक्की', गेहूं के उत्पाद 'हिम चक्की आटा' और 'हिम दलिया', जबकि कच्ची हल्दी 'हिम हल्दी' नाम से बेची जा रही है, जिससे हिमाचली उत्पादों को नई पहचान और बेहतर बाजार मिल रहा है।

### जनजातीय क्षेत्रों से क्लस्टर मॉडल तक व्यापक विस्तार

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि 15 अप्रैल 2025 को चंबा जिले की जनजातीय पांगी उप-मंडल को आधिकारिक रूप से प्राकृतिक खेती उपमंडल घोषित किया गया है। यहां किसान पारंपरिक फसलों के साथ-साथ औषधीय जड़ी-बूटियों की प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। इसके अलावा हिम उन्नति, हिम कृषि योजना के तहत क्लस्टर आधार पर कृषि गतिविधियों को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है और प्रदेश में 2600 क्लस्टर चिन्हित किए जा रहे हैं। चंबा, लाहौल-स्पीति और किन्नौर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्दी और कुछ क्षेत्रों में केसर की खेती को प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

# आपदा प्रबंधन उपकरणों से सुसज्जित हुई छौहारा ब्लॉक की 30 पंचायतें



पंचायत प्रतिनिधियों को आपदा प्रबंधन उपकरण किट वितरित करते अधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिला दंडाधिकारी एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में छौहारा विकास खंड की सभी पंचायतों को आपदा प्रबंधन उपकरण वितरित किए गए। यह सामग्री पंचायत आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्र योजना के तहत उपलब्ध करवाई गई है, जिसका उद्देश्य पंचायत स्तर पर आपदा के समय त्वरित राहत, बचाव और समन्वय को मजबूत करना है। कार्यक्रम का आयोजन खंड विकास कार्यालय, छौहारा में किया गया, जहां पंचायत प्रतिनिधियों को उपकरण सौंपे गए।

योजना के अंतर्गत प्रत्येक पंचायत को सेफ्टी हेलमेट, लाइफ जैकेट, रस्सी, सर्च लाइट, ताला-चाबी, ट्रंक, सीटी, फोल्डिंग स्ट्रेचर, तिरपाल, टेंट, गैंती, कुल्हाड़ी, फावड़ा, हथौड़ा, सीढ़ी, प्राथमिक उपचार किट और मेगाफोन प्रदान किए गए। इस अवसर पर ब्लॉक की 30 पंचायतों के प्रतिनिधियों को किट वितरित की गई और उपकरणों के सही उपयोग तथा रख-रखाव के बारे में आवश्यक जानकारी भी दी गई।

इस मौके पर जिला दंडाधिकारी अनुपम कश्यप ने कहा कि पंचायतें आपदा प्रबंधन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हैं और उन्हें संसाधनों से सशक्त करना समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ये उपकरण प्राकृतिक आपदाओं, दुर्घटनाओं और अन्य आपात स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में मददगार साबित होंगे। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से सामग्री का समुचित रख-रखाव करने और जरूरत पड़ने पर जिम्मेदारी के साथ उपयोग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी छौहारा हिमानी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण शिमला से प्रलेखन समन्वयक गौरव मेहता सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# हत्या मामले में तीन दोषियों को उम्रकैद, 25-25 हजार रुपए जुर्माना

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** जिला एवं सत्र न्यायालय किन्नौर एट रामपुर ने वर्ष 2020 के हत्या मामले में अहम फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने तीनों दोषियों को उम्रकैद की सजा तथा 25-25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

उपजिला न्यायवादी कमल वंदेल ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी शशि कुमार पुत्र राजी राम निवासी गांव कावे तहसील निचार जिला किन्नौर, टिकम सिंह पुत्र जय चंद निवासी गांव कावे तहसील निचार जिला किन्नौर तथा राजू नेपाली पुत्र तिल बहादुर निवासी गांव विदाखसील तहसील व जिला दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल) को अदालत ने दोषी ठहराया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार वर्ष 2020 में आपसी पुरानी रंजिश के चलते शराब पीने को लेकर विवाद हुआ। इसी दौरान आरोपियों और मृतक सुनील कुमार के बीच कहासुनी हुई, जो हाथापाई में बदल गई। गुस्से में आकर आरोपी शशि कुमार ने चाकू से सुनील कुमार की गर्दन पर वार कर उसकी हत्या कर दी, जबकि अन्य दो आरोपियों ने इस अपराध में उसका साथ दिया।

घटना के बाद थाना भावानगर में मामला दर्ज किया गया तथा जांच डीएसपी राज द्वारा की गई। अदालत ने सभी तथ्यों, साक्ष्यों व दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद तीनों आरोपियों को उम्रकैद की सजा तथा 25 हजार रुपए जुर्माने का आदेश सुनाया। मामले की पैरवी सरकार की ओर से जिला न्यायवादी एलएम शर्मा एवं उप-जिला न्यायवादी कमल वंदेल ने की।

# स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को सुरक्षित भोजन का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा हिमाचल प्रदेश खाद्य एवं औषधि प्रशासन के सहयोग से 23 दिसंबर 2025 को हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला में 600 स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण एवं प्रमाणन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्ट्रीट फूड क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता और साफ-सफाई से जुड़ी सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करना रहा।



कार्यक्रम के दौरान सांसद सुरेश कश्यप अपनी बात रखते हुए।

कार्यक्रम में सांसद सुरेश कुमार कश्यप ने मुख्य अतिथि के रूप में

- फोसटेक के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा की मजबूत पहल
- सुरेश कश्यप ने स्वस्थ समाज की दिशा में बताया अहम कदम

सहभागिता की। उन्होंने खाद्य स्वच्छता, साफ-सफाई और सुरक्षित भोजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम स्ट्रीट फूड विक्रेताओं की कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ-साथ आम उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**व्यावहारिक प्रशिक्षण से बेहतर होगा खाद्य स्तर**

**प्रशिक्षण** के दौरान प्रतिभागी विक्रेताओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वच्छ खाद्य तैयारी, सुरक्षित भंडारण, कचरा प्रबंधन और खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने हिमाचल प्रदेश खाद्य एवं औषधि प्रशासन के साथ मिलकर सुरक्षित, पौष्टिक और स्वच्छ भोजन सुनिश्चित करना अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

# विंटर कार्निवाल, क्रिसमस और नववर्ष पर विशेष योजना तैयार

## 24 दिसंबर से 2 जनवरी तक लागू रहेगा प्रशासन का सुरक्षा प्लान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विंटर कार्निवाल शिमला-2025, क्रिसमस और नववर्ष की पूर्व संध्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने राजधानी शिमला में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष योजना लागू की है। जिला दंडाधिकारी अनुपम कश्यप द्वारा जारी आदेशों के अनुसार यह योजना 24 दिसंबर 2025 से 2 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगी। इस दौरान पर्यटकों और स्थानीय लोगों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात को प्राथमिकता दी है।

इस विशेष योजना के अंतर्गत शिमला शहर को पांच सेक्टर में बांटा गया है। सभी सेक्टरों का समग्र प्रभार अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कानून व्यवस्था पंकज शर्मा के पास रहेगा। हर सेक्टर में एक प्रशासनिक अधिकारी को प्रभारी बनाया गया है, जिनके साथ पुलिस बल की तैनाती रहेगी। पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा बलों की व्यवस्था पहले से ही सुनिश्चित कर दी गई है ताकि किसी भी स्थिति से समय पर निपटा जा सके। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि उत्सवों के दौरान शहर में शांति बनी रहे और यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रहे। जिला दंडाधिकारी ने बताया कि शहर के प्रवेश बिंदुओं पर एंबुलेंस की तैनाती की जाएगी ताकि आपात स्थिति में तुरंत सहायता उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही यातायात नियंत्रण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि जाम की स्थिति न बने।

**पांच सेक्टर में विभाजित किया शहर, हर क्षेत्र की जिम्मेदारी तय**

### पर्यटक तय नियमों का करें पालन

**जिला** प्रशासन ने आम जनता और शिमला आने वाले पर्यटकों से अपील की है कि वे तय नियमों का पालन करें। प्रशासन ने कहा है कि वाहन निर्धारित गति में चलाएं, अनावश्यक ओवरटेक से बचें और नशे की हालत में वाहन न चलाएं। प्रशासन का मानना है कि जनता के सहयोग से ही विंटर कार्निवाल, क्रिसमस और नववर्ष का पर्व सुरक्षित, शांतिपूर्ण और यादगार बनाया जा सकता है।

### महिला विरोधी नीतियों में कांग्रेस अव्वल : डेजी ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष डेजी ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर महिलाओं के हितों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि चुनावों से पहले महिलाओं को 1500 रुपए



प्रतिमाह देने का वादा किया गया था, लेकिन यह वादा आज तक पूरा नहीं हुआ। डेजी ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने अब एचआरटीसी बसों में महिलाओं को मिलने वाली 50 प्रतिशत किराया छूट को भी हिम बस कार्ड से जोड़कर सीमित कर दिया है। इसके लिए महिलाओं से 200 रुपये शुल्क और जीएसटी सहित 236 रुपये वसूले जा रहे हैं, जबकि पहले ऐसी कोई बाध्यता नहीं थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की करीब 28 लाख महिलाओं पर इसका सीधा असर पड़ा है, विशेषकर ग्रामीण, गरीब और बुजुर्ग महिलाएं इससे सबसे अधिक प्रभावित हुई हैं। डेजी ठाकुर ने मांग की कि महिलाओं को बिना किसी शुल्क और कार्ड की बाध्यता के पूर्व की तरह रियायती या मुफ्त बस यात्रा सुविधा तुरंत बहाल की जाए।

# बागवानी विभाग का पौध वितरण अभियान शुरू

## करीब छह लाख ग्राफ्टेड पौधे व रूट स्टॉक बागवानों को उपलब्ध करवाने का लक्ष्य

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बागवानी के नए मौसम की तैयारी अब जमीन पर साफ दिखाई देने लगी है। सर्दियों के आगाज के साथ ही प्रदेशभर में पौध आवंटन की प्रक्रिया रफ्तार पकड़ चुकी है। इसी कड़ी में बागवानी विभाग ने इस सीजन के लिए नर्सरियों से पौध वितरण को सुव्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ा दिया है, ताकि बागवान समय रहते रोपण की तैयारी कर सकें।

जानकारी के अनुसार राज्य के सभी सेब बहुल जिलों में जिला और ब्लॉक स्तर पर बागवानी कार्यालयों के माध्यम से पौध आवंटन किया जा रहा है। पहले से की गई बुकिंग के आधार पर सेब के साथ-साथ स्टोन फ्रूट की विभिन्न किस्मों के पौधे बागवानों को उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। विभाग के अनुसार यह प्रक्रिया दिसंबर से शुरू होकर जनवरी और फरवरी तक चल सकती है। जैसे-जैसे विभिन्न क्षेत्रों से मांग सामने



बागवानी विभाग द्वारा बांटे जा रहे पौधे।

आ रही है, उसी अनुपात में नर्सरियों से आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

मशोबरा स्थित बागवानी अनुसंधान केंद्र और नौणी स्थित विश्वविद्यालय की नर्सरियों में भी पौध वितरण तेज हो गया है। यहां पहले आओ, पहले पाओ की व्यवस्था लागू की गई है, जिसके तहत शुरुआती दौर में बड़े और अधिक स्वस्थ पौधे उपलब्ध हो रहे हैं। कंडाघाट सहित आसपास के क्षेत्रों में भी इसी तर्ज पर वितरण किया जा रहा है। बागवानी विभाग और संबंधित संस्थानों से मिली जानकारी के अनुसार इस सीजन में प्रदेशभर में करीब छह लाख ग्राफ्टेड पौधे और रूट स्टॉक बागवानों को उपलब्ध करवाने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें सेब के अलावा प्लम, आड़ू, खुबानी और अन्य स्टोन फ्रूट प्रजातियां शामिल हैं। वहीं, नौणी स्थित विश्वविद्यालय की नर्सरियों से लगभग एक लाख अस्सी हजार फलदार पौधों का वितरण किया जा रहा है। विभागीय स्तर पर यह भी बताया गया है कि मांग के अनुसार रूट स्टॉक की आपूर्ति अलग-अलग चरणों में की जा रही है, ताकि रोपण का संतुलन बना रहे और किसी क्षेत्र में कमी न आए। बागवानी विभाग का कहना है कि इस बार केवल संख्या नहीं, बल्कि पौधों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विभागीय प्रोटोकॉल के तहत प्रमाणित और रोगमुक्त पौधे ही आवंटित किए जा रहे हैं, ताकि बागवानों को भविष्य में किसी तरह की तकनीकी या उत्पादन संबंधी परेशानी न हो। जिला शिमला के कई क्षेत्रों में वितरण शुरू हो चुका है, जबकि कुछ इलाकों में प्रक्रिया शीघ्र आरंभ होने की तैयारी है।

बागवानी विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. सतीश शर्मा ने बताया कि पौध आवंटन का यह अभियान मांग के अनुसार चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन बागवानों ने पहले से बुकिंग कर रखी है, उन्हें प्राथमिकता दी जा रही है, लेकिन विभाग यह भी प्रयास कर रहा है कि अन्य मांगों को भी यथासंभव पूरा किया जाए। उनका कहना है कि फरवरी तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य बागवानों को बेहतर, स्वस्थ और उच्च गुणवत्ता वाले पौधे उपलब्ध करवाकर प्रदेश की बागवानी को मजबूत आधार देना है।

**जनसभा** कोटखाई में विकास को दी जा रही नई रफ्तार, कई परियोजनाओं का किया उद्घाटन

# शिक्षा, स्वास्थ्य व सड़कों पर एक साथ हो रहा काम: शिक्षा मंत्री

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

शिमला। जिला शिमला के कोटखाई उपमंडल के दौरे पर पहुंचे शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत और सड़क से जुड़ी कई अहम परियोजनाओं का लोकार्पण और निरीक्षण कर क्षेत्र को विकास की नई सौगात दी। दिनभर चले कार्यक्रमों में उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार का लक्ष्य सिर्फ योजनाएं घोषित करना नहीं, बल्कि उन्हें जमीन पर उतार कर आम लोगों की जिंदगी को आसान बनाना है। बखोल और महासू क्षेत्र में हुए कार्यक्रमों ने यह साफ कर दिया कि ग्रामीण इलाकों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है।

कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पंचायत बखोल के नव-निर्मित भवन के लोकार्पण से हुई, जिस पर करीब 24 लाख रुपए की लागत आई है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि पंचायत भवन केवल एक इमारत नहीं, बल्कि गांव के विकास की धुरी होता है। इसके माध्यम से पंचायत प्रतिनिधियों को अपने कार्य बेहतर ढंग से करने में सुविधा मिलेगी और सरकारी योजनाओं का लाभ तेजी से जनता तक



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर कोटखाई उपमंडल में जनसभा को संबोधित करते हुए।

पहुंचेगा। इसके बाद शिक्षा मंत्री ने लगभग 1 करोड़ 83 लाख रुपए से निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बखोल के भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र में इस समय 11 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने नवीनीकृत राजकीय उच्च विद्यालय बखोल के भवन का भी निरीक्षण किया।

अपने दौरे के अंतिम चरण में शिक्षा मंत्री महासू पहुंचे, जहां उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महासू के अतिरिक्त भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि इस भवन के निर्माण और नवीनीकरण के लिए 1 करोड़ 78 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई थी। उन्होंने कहा कि बलसन क्षेत्र और विशेष रूप से बखोल-शिलागांव से उनका पारिवारिक और भावनात्मक रिश्ता रहा है, जो स्वर्गीय ठाकुर राम लाल के समय से चला आ रहा है। इसी भावना के साथ क्षेत्र की प्रमुख हुल्ली-महासू सड़क को 13 करोड़ रुपए से पक्का किया जा रहा है, जबकि कुफर-महासू सड़क को 12 करोड़ 76 लाख रुपए की लागत से उन्नत किया जा रहा है। गुम्मा-बखोल उठाऊ सिंचाई परियोजना के लिए 3 करोड़ 90 लाख रुपए का प्रस्ताव भी स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

उन्होंने यह भी बताया कि जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र में इस समय करीब 500 करोड़ रुपए के सड़क निर्माण और मरम्मत कार्य चल रहे हैं, जो प्रदेश में सबसे अधिक हैं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष मोती लाल डेरटा, तहसील को-ऑपरेटिव यूनियन कोटखाई के चेयरमैन गुमान सिंह चौहान, एलएमबी बैंक के निदेशक देविंदर नेगी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष दीपक कालटा, कोटखाई कांग्रेस युवा अध्यक्ष अतुल चौहान, ग्राम पंचायत महासू के प्रधान मंजीत चौहान, ग्राम पंचायत बखोल की प्रधान सोनिका चौहान सहित विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि, एसडीएम कोटखाई, बीडीओ कोटखाई और अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जयराम ठाकुर ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर किया वार, बोले-

# प्रदेश में अस्पतालों की हालत बदतर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था गंभीर संकट से गुजर रही है और सरकार को केवल घोषणाओं से आगे बढ़कर ठोस कार्रवाई करनी होगी। उन्होंने कहा कि जुबानी आश्वासनों से न तो अस्पतालों की हालत सुधरती है और न ही मरीजों को बेहतर इलाज मिल पाता है। आज हालात यह हैं कि प्रदेश भर में स्वास्थ्य सुविधाएं चरमराई हुई हैं और इसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ रहा है, जिन्हें इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है।

नेता प्रतिपक्ष ने शिमला से जारी बयान में आरोप लगाया कि प्रदेश में मेडिकल और पैरामेडिकल स्टाफ की भारी कमी है, लेकिन सरकार इन पदों को भरने के बजाय आंकड़ों और दावों तक सीमित है। अस्पतालों में डॉक्टरों, नर्सों और तकनीकी कर्मियों के कई पद खाली पड़े हैं,



जरूरी उपकरणों और दवाइयों की भी समय पर उपलब्धता नहीं हो पा रही। उन्होंने कहा कि कागजों में योजनाएं चल रही हैं, मगर जमीनी सच्चाई यह है कि मरीजों को राहत नहीं मिल रही।

आईजीएमसी शिमला में हाल ही में हुई मारपीट की घटना का जिक्र करते हुए पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने इसे सरकार और स्वास्थ्य विभाग के लिए गंभीर चेतावनी बताया। उनका कहना था कि अस्पतालों में अव्यवस्था, अत्यधिक भीड़, सुरक्षा व्यवस्था की कमी और काम का दबाव ऐसी घटनाओं को जन्म देता है। सरकार को चाहिए

### हिमकेयर और आयुष्मान का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे

**जयराम** ठाकुर ने कहा कि हिमकेयर और आयुष्मान भारत जैसी केंद्र प्रायोजित स्वास्थ्य योजनाएं गरीब और मध्यम वर्ग के लिए जीवन रेखा हैं, लेकिन वर्तमान में इनके क्रियान्वयन में लापरवाही के कारण जनता को पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा। उन्होंने मांग की कि सरकार इन योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करे ताकि बजट उपलब्ध होने के बावजूद किसी भी मरीज को इलाज और दवाइयों के लिए भटकना न पड़े और स्वास्थ्य सेवाओं का फायदा आखिरी व्यक्ति तक पहुंच सके।

कि केवल बयानबाजी न करे, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, दवाइयों और उपकरणों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा खाली पदों को तुरंत भरने जैसे ठोस कदम उठाए।

# धर्मशाला में आज शोभायात्रा के साथ होगा कांगड़ा वैली कार्निवाल का शुभारंभ

## उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री बतौर मुख्य अतिथि करेंगे शिरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**डीसी** हेमराज बैरवा ने बताया कि कांगड़ा वैली कार्निवाल के पहले दिन 24 दिसंबर (बुधवार) को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि दोपहर 3 बजे हनुमान मंदिर कचहरी अड्डा में पूजा-अर्चना के बाद पुलिस मैदान तक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

इसमें प्रदेश के साथ ही अन्य स्थानों के सांस्कृतिक दल और धर्मशाला के आमजन भाग लेंगे। डीसी ने बताया कि जिला प्रशासन कांगड़ा द्वारा कांगड़ा वैली कार्निवाल का भव्य आयोजन 24 से 31 दिसंबर तक पुलिस ग्राउंड, धर्मशाला में किया जा रहा है। यह कार्निवाल जिले की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक कलाओं, पर्यटन और स्थानीय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा वैली कार्निवाल के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों, संगीत संध्याओं, हास्य प्रस्तुतियों, पारंपरिक लोक नृत्यों, बैंड प्रस्तुतियों तथा विभिन्न आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। पहले दिन एनजेडसीसी नृत्य प्रस्तुति, रुद्र बैंड, फिरदौस बैंड एवं प्रसिद्ध हास्य कलाकार भावना पठानिया की विशेष प्रस्तुति दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इसके अलावा कांगड़ा कार्निवाल के दौरान मैराथन, फुटबाल प्रतियोगिता, लिटफेस्ट, साइकिल राइड, मिस एंड मिसेज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही धर्मशाला के प्रमुख स्थलों पर पुलिस और होमगार्ड के बैंड अपनी प्रस्तुति देंगे। सांस्कृतिक संध्याओं के दौरान नामी कलाकार भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्निवाल का उद्देश्य स्थानीय कलाकारों, स्वयं सहायता समूहों, हस्तशिल्पियों और उद्यमियों को मंच प्रदान करना है, जिससे उन्हें अपनी प्रतिभा और उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर मिले। उन्होंने जिलेवासियों, पर्यटकों और कला-संस्कृति प्रेमियों से अपील की कि वे इस कार्निवाल में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं और कांगड़ा की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहयोग करें।

### यातायात व्यवस्था में सहयोग करे आमजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** डीसी हेमराज बैरवा ने कांगड़ा वैली कार्निवल-2025 के तहत 25 दिसंबर को आयोजित धर्मशाला मैराथन-2025 के सफल आयोजन और ट्रैफिक व्यवस्था के सुचारु संचालन के लिए मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के तहत अनुमति प्रदान की। मैराथन प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक साई स्टेडियम से शुरू होकर चिलगाड़ी, सर्किट हाउस, मैक्सिमस मॉल, कोतवाली बाजार, कंड, खनियारा, रक्कड़, फतेहपुर, सिद्धबाड़ी, दाड़ी और आईटीआई होते हुए पुनः साई स्टेडियम पर समाप्त होगी। उपायुक्त ने आम जनता से यातायात व्यवस्था में सहयोग करने और निर्देशों का पालन करने की अपील की।

## डाडासीबा तहसील को मिला स्थायी आधुनिक भवन

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डाडासीबा क्षेत्र के लिए मंगलवार का दिन प्रशासनिक दृष्टि से ऐतिहासिक साबित हुआ, क्योंकि लंबे समय से अस्थायी और सीमित संसाधनों में संचालित डाडासीबा तहसील को आखिरकार अपना स्थायी और आधुनिक भवन मिल गया। सरकारी कॉलेज के समीप करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित इस संयुक्त कार्यालय भवन से तहसील कार्यालय का विधिवत संचालन शुरू हो गया है। इससे क्षेत्रवासियों को राजस्व और प्रशासनिक सेवाओं में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। भवन का लोकार्पण पूर्व कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने किया। तहसीलदार बीरबल और सभी कर्मचारियों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। भूमि पूजन और कार्य प्रारंभ होने पर क्षेत्रवासियों में उत्साह देखा गया। भवन की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि यहीं से डीएसपी कार्यालय का संचालन भी होगा, जिससे तहसील और पुलिस प्रशासन एक ही परिसर में समेकित हो गया। अब जनता को प्रमाण पत्र, जमाबंदी, शिकायत या पुलिस मामलों के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। पुराने कार्यालय में स्थान की कमी और अव्यवस्थाओं के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नए भवन के साथ आधुनिक सुविधाओं के कारण प्रशासनिक समन्वय तेज़, पारदर्शी और प्रभावी होगा। इस मौके पर पंचायत प्रधान, उपप्रधान, स्थानीय प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## युवराज और रितिका को चुना सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी


शिवनगर कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में मंगलवार को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की शुरुआत संयोजक प्रो. राजेश कुमार ने मार्च पास के साथ कराई। रोवर-रेंजर, रोड सेफ्टी और एनएसएस के स्वयंसेवियों ने मार्च पास करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जरनैल सिंह को सलामी दी। मार्चपास में रोवर-रेंजर समूह प्रथम स्थान पर रहा।

मार्च पास के बाद सभी विधार्थियों ने अपने भीतर उत्साह और खेल भावना की शपथ लेते हुए खेल को हां और नशे को न कहा। डॉ. संगीता सिंह ने संबोधित करते हुए खेल का महत्व बताया और विधार्थियों को खेल के लिए प्रेरित करते हुए आज के आयोजन के लिए आयोजक और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आर्मी पर्सन जरनैल सिंह ने इस सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। प्रतियोगिता का शुभारंभ 100 मीटर दौड़ के साथ हुआ। प्रतियोगिताओं के बाद प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह और मुख्य अतिथि ने विजेताओं को पुरस्कारों से सम्मानित किया। लड़कों के वर्ग मे युवराज और लड़कियों के वर्ग में रितिका को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस सफल आयोजन के बाद सभी को जलपान देकर वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### अब 125 दिन के काम की गारंटी: शिवा कटोच



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश आईटी सह संयोजक शिवा कटोच ने कहा कि राष्ट्रपति ने विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबी-जी राम जी विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी है। इस स्वीकृति के साथ यह विधेयक अब कानून बन गया है। इस कानून के तहत ग्रामीण परिवारों को मिलने वाली वैधानिक मजदूरी रोजगार की गारंटी को बढ़ाकर अब एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 125 दिन कर दिया गया है। शिवा कटोच का कहना है कि वीबी-जी राम जी कानून लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की कानूनी गारंटी पहले से ज्यादा मजबूत हो जाएगी।

### हर बूथ पर पांच नए सदस्य जोड़ने पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक मंगलवार को पालमपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में मोर्चा जिला अध्यक्ष अमी चंद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक बूथ में 5 नए सदस्य जोड़ना और बूथ सशक्तिकरण पर जोर देना था। कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता अभिषेक इन्दोरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। इन्दोरिया ने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव में मोर्चा की अग्रणी भूमिका और पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यों की जानकारी दी। जिला अध्यक्ष कैप्टन अमी चंद ने कहा कि उनकी पूरी टीम मिलकर हर कार्य को समय पर पूरा करेगी। बैठक में जिला महामंत्री स्वरूप डोगरा, जिला सचिव अरुण तथा मंडलों के अध्यक्ष और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

### तहसीलदार बीरबल का कार्यकाल एक साल बढ़ा

**अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा।** डाडासीबा तहसील में प्रदेश सरकार ने तहसीलदार बीरबल का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। उनका कार्यकाल 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त होने वाला था, लेकिन जनहितकारी और परिणामकारी कार्यों को देखते हुए सरकार ने उन्हें सेवा में बनाए रखने का निर्णय लिया। तहसीलदार बीरबल के कार्यकाल में तकसीम, इंतकाल और निशानदेही जैसे लंबित मामलों का त्वरित और पारदर्शी निपटारा किया गया। तहसीलदार बीरबल ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कांग्रेस नेता ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया का धन्यवाद व्यक्त किया।

### बच्चों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** घाड़ स्कूल में 'चिट्टामुक्त हिमाचल हमारा' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस थाना पंचरुखी से सहायक उप निरीक्षक सुरेश ने बच्चों को नशे के विरुद्ध जानकारी प्रदान की गई। प्रधान ग्राम पंचायत रमेश ने पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद पर भी ध्यान देने का आह्वान किया। बच्चों को अपराध एवं नशे के हेल्पलाइन की जानकारी भी साझा की। प्रधानाचार्या ननिता शर्मा ने सभी का आभार किया।

### सुनेहड़ में शहीद विधि चंद को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, योल।** तहसील नगरोटा बगवां के गांव सुनेहड़ में शहीद सिपाही विधि चंद के शहीदी दिवस पर गांववासियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सीआरपीएफ के एएसआई राकेश चंद कटोच विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि शहीद विधि चंद की शहादत आज भी जवानों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। पंचायत प्रधान निर्मल कुमार ने शहीद पर गर्व जताया। शहीद विधि चंद का जन्म 5 नवंबर 1950 को हुआ था और वे 1982 में त्रिपुरा में ऑपरेशन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें याद किया और देशभक्ति के नारों के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

### लाहट की सुनिधि का एमडी के लिए एम्स में चयन



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के लाहट गांव की बेटी डॉ. सुनिधि ने आईएनआई-सीईटी 2025 परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 405 हासिल कर एम्स ऋषिकेश में ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी विषय में एमडी के लिए चयन प्राप्त किया है। उन्होंने इसी वर्ष आईजीएमसी शिमला से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। डॉ. सुनिधि ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार और गुरुजनों को दिया। उनके दादा मनोहर लाल शर्मा वीपीईओ रहे हैं, पिता मनोज शर्मा प्रधानाचार्य और माता रेणु प्रवक्ता हैं। इस उपलब्धि से लाहट और आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

### सरकार अपंगों को भी नहीं बख्श रही : कमल

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** हिमाचल में सरकार ने अपंगों से बस पास बनाने के लिए अब सालाना 236 रुपए फीस वसूलना शुरू कर दिया है, जबकि पहले यह निशुल्क था। भाजपा जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमल शर्मा ने इसे शर्मनाक बताते हुए कहा कि अधिकांश अपंग व्यक्ति सरकारी पेंशन पर निर्भर रहते हैं और उनके लिए यह अतिरिक्त बोझ है। उन्होंने सरकार से अपील की कि इस फैसले पर पुनर्विचार कर इसे वापस लिया जाए।

### द्रोणाचार्य कॉलेज में डिजिटल लिटरेसी कोर्स का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** द्रोणाचार्य शिक्षण महाविद्यालय रैत में बीएड विद्यार्थियों के लिए मंगलवार को आईबीएम डिजिटल लिटरेसी वैल्यू-ऐडेड कोर्स का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि रीतु ठाकुर ने कहा कि आज के समय में शिक्षकों के लिए डिजिटल साक्षरता अत्यंत आवश्यक है। यह कोर्स विद्यार्थियों को डिजिटल टूल्स, ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराएगा। कार्यक्रम में छात्रों को डिजिटल कौशल, प्रोफेशनल डेवलपमेंट और सर्टिफिकेशन का अवसर मिलेगा। संस्थान के प्रतिनिधियों ने आईबीएम और रीतु ठाकुर का धन्यवाद किया और छात्रों को अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

### योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडलाधिकारी बैजनाथ संकल्प गौतम की अध्यक्षता में बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा खंड स्तरीय मॉनिटरिंग एवं रिव्यू कमेटी, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ टास्क फोर्स, पोषण अभियान अभिसरण और सुख आश्रय योजना की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बालिकाओं के शीघ्र पंजीकरण, लिंगानुपात में सुधार, बालिकाओं के पोषण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने, बाल विवाह मुक्त भारत की दिशा में कदम उठाने और संबंधित अधिनियमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा हुई। उपमंडल बैजनाथ में 278 आंगनबाड़ी केंद्र सक्रिय हैं। बैठक में बेटी है अनमोल योजना के तहत पात्र बालिकाओं को आर्थिक सहायता और मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के अंतर्गत 61 बच्चों को 4 हजार रुपए मासिक पॉकेट मनी तथा 99 महिलाओं को एकल नारी योजना के लाभ देने की जानकारी दी गई। उपमंडलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए।

### आरसेटी का ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम, परखा जाएगा कौशल

## ट्रेनर्स की परीक्षा आज, मिलेगा ग्रेड एक और दो

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रदेशभर में संचालित रूरल सेल्फ इंप्लायमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (आरसेटी) के ट्रेनर्स का ट्रेनिंग आफ ट्रेनर्स कार्यक्रम मंगलवार को धर्मशाला में शुरू हुआ। आरसेटी धर्मशाला में आयोजित किए जा रहे कार्यक्रम का शुभारंभ डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने किया। आरसेटी हिमाचल प्रदेश की स्टेट कंट्रोलर डा. अंबिका साहू ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश भर के ट्रेनर्स का आकलन किया जाएगा। विभिन्न माध्यमों से उनके कौशल को परखा जाएगा।

इसके साथ विभिन्न विषयों के ट्रेनर्स की परीक्षा भी आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदर्शन के आधार पर उन्हें ग्रेड दिए जाएंगे। इस कार्यक्रम में ट्रेनर्स को दिए जाने वाले सर्टिफिकेट के जरिए यह ट्रेनर्स देश भर में संचालित आरसेटी में कार्य करने के लिए पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य यह पता लगाना है कि आरसेटी में कार्यरत ट्रेनर पढ़ाने योग्य हैं या नहीं, दो दिवसीय कार्यक्रम में उनके कौशल को जांचा जाएगा। पहले दिन ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स का आयोजन किया गया, जबकि दूसरे दिन कंप्यूटर बेस्ट टेस्ट होगा। जिन क्षेत्रों के संबंधित ट्रेनर्स होंगे, उनके कार्यों को संबंधित क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों द्वारा परखा जाएगा।

### 90 से अधिक अंक पर मिलेगा ग्रेड एक

**कार्यक्रम** के दौरान 200 अंकों का टेस्ट होगा, जिसमें 80 से 90 अंक लेने वालों को ग्रेड दो, जबकि 90 से अधिक अंक लेने वालों को ग्रेड एक में रखा जाएगा। ग्रेड एक और ग्रेड दो के जितने भी ट्रेनर होंगे, वे हिमाचल में संचालित आरसेटी में पढ़ाएंगे और देशभर में चल रहे आरसेटी में भी वह अपने सर्टिफिकेट के माध्यम से ट्रेनिंग के लिए पात्र होंगे। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मैनेजमेंट आफ इंफार्मेशन सिस्टम डवेलप किया है, जिसमें ट्रेनर अपना पूरा डाटा अपलोड कर सकते हैं। बुधवार को कार्यक्रम के समापन समारोह में ग्रामीण विकास मंत्रालय के ग्रामीण डिवीजन के कौशल विकास के निदेशक संतोष तिवारी शिरकत करके, दो दिवसीय कार्यक्रम का आकलन करेंगे।

## अवर ऑन इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थी करेंगे एनवाईसी 2025 में हिमाचल का प्रतिनिधित्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**


राष्ट्रीय मंच से देंगे पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त समाज का संदेश।

अवर ऑन इंग्लिश स्कूल शाहपुर के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि विद्यालय के तीन प्रतिभाशाली विद्यार्थी सर्विका राणा, सुहानी शर्मा एवं तमन्ना कौंडल अपनी अध्यापिका कुमारी दीपिका शर्मा के साथ नेशनल यंग एनवायरनमेंट लिस्ट कॉन्फ्रेंस (एनवाईईसी) 2025 में भाग लेने के लिए बुधवार को नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

विद्यालय के निदेशक पारस अवस्थी ने बताया कि यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मेलन 26 दिसंबर से 29 दिसंबर तक राष्ट्रीय बाल भवन, नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूरे हिमाचल प्रदेश से केवल अवर ऑन इंग्लिश स्कूल, शाहपुर के विद्यार्थियों को इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है, जो विद्यालय, क्षेत्र और जिले के लिए गर्व की बात है। इस सम्मेलन के दौरान विद्यार्थी हाउ टू बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन विषय पर अपनी प्रस्तुति देंगे तथा पहाड़ी क्षेत्रों में फैल रही प्लास्टिक गंदगी और इससे पहाड़ों को हो रहे नुकसान पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। विद्यार्थी पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त समाज का संदेश राष्ट्रीय मंच से देंगे। पारस अवस्थी ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यालय के विद्यार्थी इस राष्ट्रीय मंच पर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार और अभिभावकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं।

## राहुल की तरह किसी भी नेता ने विदेश में भारत के खिलाफ नहीं दिया भाषण : शांता

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष के नेता का महत्वपूर्ण स्थान प्रधानमंत्री के बाद होता है। भारत के विपक्ष के नेता राहुल गांधी को इतना भी पता नहीं है कि वह विपक्ष के नेता भारत के हैं, जर्मनी में वह भारत के नेता हैं, विपक्ष के नेता नहीं हैं। आज तक के भारत के इतिहास में भारत के किसी भी विपक्ष के नेता ने इस प्रकार विदेश में जाकर भारत के विरुद्ध भाषण नहीं दिए थे। राहुल गांधी ने जर्मनी में कहा कि भारत में लोकतंत्र पर हमला हो रहा है और वोटों की चोरी से भाजपा सरकारें बनाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मैंने मंगलवार सुबह तीन समाचार पत्र पढ़े, मुझे खुशी है कि इन तीनों समाचार पत्रों ने जर्मन में राहुल गांधी के वक्तव्य को कोई स्थान नहीं दिया है। समाचार पत्र पढ़कर मैंने यह कहा कि आज की सबसे बड़ी खबर यही है कि भारत के समाचार पत्रों ने राहुल गांधी के जर्मन के बयान को बिलकुल नहीं छापा। शांता ने कहा कि भारत में कांग्रेस सरकार थी, नरसिम्हा राव प्रधानमंत्री थे। राष्ट्र संघ में पाकिस्तान के संबंध में एक महत्वपूर्ण चर्चा के लिए भारत से सांसदों का एक शिष्टमंडल भेजा गया। कांग्रेस के प्रधानमंत्री ने उस शिष्टमंडल के अध्यक्ष के रूप में उस समय के विपक्ष के नेता अटल बिहारी वाजपेयी को भेजा था। मुझे याद है इस पर पूरे भारत में बड़ी हैरानी हुई थी। राष्ट्र संघ में अटल बिहारी वाजपेयी ने कश्मीर के बारे में भाषण किया तो पूरे विश्व को ऐसा लगा कि पूरा भारत बोल रहा है। शांता ने कहा कि अब मुझे पूर विश्वास हो गया है कि महात्मा गांधी और पंडित जवाहर लाल नेहरू की भारत की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस का राहुल गांधी पूरी तरह से अंतिम संस्कार करके ही जाएंगे।

**बोले- गांधी, नेहरू की पार्टी कांग्रेस का अंतिम संस्कार करके ही जाएंगे राहुल**

## गोमा ने रामनगर में कनिष्ठ अभियंता कार्यालय और सिंबल खोड़ा में किया जनसमुदाय केंद्र का उद्घाटन

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**


आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ने आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने का आश्वासन दिया।

**पालमपुर।** आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ने पंचरुखी के रामनगर में मंगलवार को कनिष्ठ अभियंता कार्यालय एवं शिकायत निवारण कक्ष को लोकार्पित किया। भवन के निर्माण में करीब 25 लाख रुपए की लागत आई है। इसके साथ ही उन्होंने सिंबल खोला पंचायत में 5 लाख रुपए की लागत से तैयार जनसेवा केंद्र का भी उद्घाटन किया। मंत्री ने सिंबल खोला पंचायत घर के पास जनसभा में कहा कि वह विधानसभा क्षेत्र की हर समस्या से परिचित हैं। इन समस्याओं को दूर करने के लिए वर्तमान प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है।

उन्होंने प्राथमिकता के तौर पर क्षेत्र की समस्याओं को दूर करने और हर मांग पर गौर करने का आश्वासन स्थानीय लोगों को दिया। मंत्री ने कहा कि क्षेत्र की जरूरत के अनुसार टटैहल के समीप करीब 5 करोड़ की लागत से सब्जी मंडी का निर्माण किया जाएगा। करीब 13 पंचायतों के लोगों के लिए 6 माह के भीतर नई पेयजल योजना बनकर तैयार करवाई जा रही है। उन्होंने क्षेत्र के जख बाबा मंदिर के लिए द्वार तैयार करने का आश्वासन भी दिया और शहीद वीरेंद्र कुमार मिन्हास के घर के पास द्वार और रास्ते निर्माण करने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने सिंबल खोला या टिक्कर में उचित स्थान पर आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने का भी आश्वासन दिया और इस संबंध में उचित कार्रवाई की बात कही। कार्यक्रम से पूर्व स्थानीय लोगों ने मंत्री का स्वागत व स्मान किया। इस अवसर पर बीडीओ सिकंदर कुमार, अधिशाषी अभियंता बिजली बोर्ड मनोज मिन्हास, एसडीओ प्रीतम चंद, स्थानीय प्रधान देवेंद्र मिन्हा, उप प्रधान राजन कुमार, कांग्रेस नेता सुरेश ठाकुर, विजय कुमार, विभिन्न पंचायतों के जन प्रतिनिधिगण और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### थुरल कॉलेज में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में 23 से 29 दिसंबर तक चलने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। शिविर में 35 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। शुभारंभ प्राचार्या प्रो. राका शर्मा ने किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने और नशे के विरुद्ध अभियान में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया। प्राचार्या ने एनएसएस के महत्व को समझाते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व और सेवा भाव विकसित करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. पवन राणा ने जीवन में अनुशासन और सामाजिक समर्पण की आवश्यकता पर जोर दिया तथा स्वयंसेवकों को समाज सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान सभी स्वयंसेवकों से निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करने की अपील की गई। इस अवसर पर अनेक प्राध्यापक और स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा पर कार्टून मेकिंग स्पर्धा आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय धर्मशाला के सड़क सुरक्षा क्लब ने कॉलेज परिसर में कार्टून मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता सड़क सुरक्षा पर आधारित थी और इसमें मुख्य विषय 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' और 'सड़क सुरक्षा नायक बनें' रहे। प्रतियोगिता में कॉलेज के 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निवेदिता (तक्षशिला हाउस), द्वितीय स्थान विक्की (विक्रमशीला हाउस) और अक्षिता (काशी हाउस), तथा तृतीय स्थान रोहिणी (काशी हाउस) और शगुन (तक्षशिला हाउस) ने प्राप्त किया। प्रिंसिपल डॉ. युवराज सिंह पठानिया ने कहा कि 2025 का राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा विषय 'सड़क सुरक्षा नायक बनें' सभी के लिए सुरक्षित सड़क वातावरण बनाने पर बल देता है। सड़क सुरक्षा क्लब के प्रभारी प्रो. युगराज सिंह ने बताया कि कार्टून मेकिंग प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र भविष्य में शिक्षक बनकर स्कूल स्तर पर सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता फैलाएंगे।

## परिश्रम और अनुशासन ही सफलता हासिल करने का मूल मंत्र : केवल


रेहलू स्कूल के वार्षिक समारोह में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया रहे मुख्यातिथि।

**कोहली, अनंत ज्ञान**

**शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रेहलू के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि भाग लिया। उपमुख्य सचेतक ने छात्रों को कठोर परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने का संदेश दिया।

पठानिया ने विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और नशे पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। मुख्यातिथि ने शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने स्कूल की चारदीवारी और मंच निर्माण के लिए संबंधित अधिकारियों को प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए और प्रधानाचार्य द्वारा रखी मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन दिया। पठानिया ने रेहलू गांव की बच्ची चांदनी और उसके भाई आनंब को उनकी दादी के पास 11,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की।

### लॉरेट फार्मेसी संस्थान में कैंपस प्लेसमेंट इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी लॉरेट फार्मेसी संस्थान कथोग में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट इंटरव्यू में एम फार्मेसी, बी फार्मेसी एवं डी फार्मेसी के छात्रों को विश्व विख्यात मैक्लॉयड फार्मास्यूटिकल कंपनी में रोजगार के लिए चयनित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के 53 छात्रों ने भाग लिया। इंटरव्यू पैनल में जनरल मैनेजर एचआरडी मिस्टर बलदेव ठाकुर और एग्जीक्यूटिव एचआर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मिस्टर निश्चय शामिल थे। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सीपीएस वर्मा ने स्वागत भाषण दिया। प्राचार्य एवं निर्देशक प्रो. डॉ. एमएस आशावत ने बताया कि इस साल छात्रों को फार्मेसी में बेहतरीन अवसर मिले हैं। इस साक्षात्कार में 31 छात्रों को प्रोडक्शन, क्वालिटी कंट्रोल और क्वालिटी अश्योरेंस विभागों में चयनित किया गया। चयनित छात्रों का वार्षिक वेतन एम फार्मेसी के लिए 3.3 लाख, बी फार्मेसी 2.5 लाख और डी फार्मेसी 2.2 लाख रुपए निर्धारित किया गया। प्रबंधक डॉ. रण सिंह ने छात्रों को बधाई दी।

## स्वास्थ्य शिविर में 220 से अधिक लोगों ने करवाई जांच


पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल शाहपुर में लगाया स्वास्थ्य शिविर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**चंबा** जिले की सिंहुता पंचायत में मंगलवार को पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल शाहपुर द्वारा निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

इस शिविर का उद्देश्य आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना, रोगों की समय रहते पहचान करना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। स्वास्थ्य शिविर में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप एवं रक्त शर्करा की जांच, बीएमआई मापन के साथ-साथ सामान्य चिकित्सा, बाल रोग, स्त्री रोग, हड्डी रोग आदि के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श दिया गया एवं मरीजों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। इस शिविर में अनुभवी चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मियों एवं स्वयंसेवकों की टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। 220 से अधिक लोगों ने इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया।

इस अवसर पर पल्स मेडिसिटी मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल के प्रबंध निदेशक डॉ. रिपिन हीरा ने कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर समाज के प्रत्येक वर्ग तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नियमित स्वास्थ्य जांच से गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। इस अवसर पर पंचायत प्रधान अनिल शर्मा उप प्रधान मदन ठाकुर एवं स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना की।

# क्रिसमस, न्यू ईयर से पहले जुटने लगे पर्यटक

## दिल्ली के पर्यटक बोले- मौसम हुआ सुहावना, काश! बर्फबारी भी हो जाए

राजेश कुमार, अनंत ज्ञान

धर्मशाला। इंटरनेशनल टूरिस्ट डेस्टिनेशन मैक्लोडगंज में क्रिसमस, न्यू ईयर के लिए पर्यटक जुटना शुरू हो गए हैं। दिल्ली से काफी संख्या में पर्यटक मैक्लोडगंज का रुख कर रहे हैं। दिल्ली के प्रदूषण से निजात के लिए हिमाचल घूमने आ रहे पर्यटक यहां की आबोहवा के मुरीद होकर कुदरत का शुक्रिया करने के साथ इन दिनों के मौसम में बर्फ होने की इच्छा जता रहे हैं। यही नहीं यहां के मौसम के कायल हुए दिल्ली के पर्यटकों ने घूमने का प्रोग्राम शेड्यूल भी बढ़ा लिया है। दिल्ली के पर्यटकों का कहना है कि जिनके काम धंधे दिल्ली में, उनका वहां रहना मजबूरी है, जबकि अन्य लोग खूबसूरत वादियों के खुशनुमा माहौल का आनंद लेने का समय निकाल ही लेते हैं। जिला पर्यटन अधिकारी विनय धीमान ने उम्मीद जताई कि दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में पर्यटकों की आवाजाही में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिलेगी।



धर्मशाला के मौसम के कायल पर्यटकों ने बढ़ाया घूमने का शेड्यूल

मैक्लोडगंज में क्रिसमस, न्यू ईयर के लिए पहुंच रहे पर्यटक।

### यहां एयर क्वालिटी बेहतर: परमजीत

दिल्ली से आए परमजीत का कहना था कि धर्मशाला की एयर क्वालिटी बेहद अच्छी है। हम भाई-बहन घूमने आए हैं और क्रिसमस तक हम सभी यहां रुकेंगे। दिल्ली के मुकाबले पर्यावरण के लिहाज से हिमाचल बेहतर है।

### अलग ही है यहां का मौसम: आदित्य राणा

दिल्ली के आदित्य राणा कहना है कि क्रिसमस और नया साल धर्मशाला में ही मनाएंगे। धर्मशाला का मौसम अलग ही है, दिल्ली में बहुत प्रदूषण है। स्वच्छ हवा सभी को चाहिए, क्योंकि प्रदूषण की वजह से लोग बीमारियों का शिकार होते हैं।

### मौसम लाजवाब, होटलों में अच्छा सत्कार: उचित गुप्ता

दिल्ली से आए पर्यटक उचित गुप्ता ने कहा कि धर्मशाला में मौसम लाजवाब है और होटलों में अच्छा सत्कार किया जा रहा है। अब यही चाहते हैं कि कुदरत सुहावने मौसम में बर्फ भी झुमार कर दे। दिल्ली के लोग भी समय निकालकर हिमाचल की शांत आबोहवा का लुत्फ उठाने आते हैं। हालांकि हम यहां सिर्फ पांच दिन के लिए आए थे, लेकिन यहां के वातावरण को देखते हुए अब नववर्ष तक धर्मशाला में ही रहेंगे।

### यहां दिन में खिल रही धूप दिल्ली में रहती है ठंड: मनदीप

दिल्ली से आए मनदीप का कहना है कि धर्मशाला में दिन में खिली धूप में सर्दी का एहसास नहीं होता, जबकि दिल्ली में दिन भी में सर्द माहौल रहता है। दिल्ली में बहुत सारा प्रदूषण है, गाजियाबाद और मेरठ भी प्रदूषण की चपेट में आ चुके हैं। हिमाचल का वातावरण बेहद अच्छा है।

## क्रिसमस से पहले मैक्लोडगंज में जाम



जाम लगने से पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों को झेलनी पड़ रही परेशानी।

राज शर्मा, अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज। पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज में क्रिसमस से पहले ही जाम की स्थिति उत्पन्न होना शुरू हो गई है। मंगलवार को मैक्लोडगंज के विभिन्न मार्गों पर जाम की स्थिति के चलते पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। चुगलाखंग बौद्ध मार्ग पर लंबे जाम के चलते लोगों को वाहनों में घंटे बैठने को मजबूर होना पड़ा। रोपवे के समीप निर्मित पार्किंग वाहनों के निकलने पर लोगों को जाम से दो-चार होना पड़ा। आलम यह था कि आधा किलोमीटर का सफर तय करने में चौपहिया वाहनों को 20 से 30 मिनट का समय लगा। ऐसे में पर्यटक क्रिसमस व न्यू ईयर पर भीड़ बढ़ने पर जाम की समस्या विकराल होने की संभावना जताते नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि आगामी दिनों में क्रिसमस और न्यू ईयर से पहले पुलिस प्रशासन को जाम की स्थिति से निपटने के लिए उचित इंतजाम करने होंगे, अन्यथा उक्त आयोजनों के दौरान मैक्लोडगंज क्षेत्र जाम से चॉक हो जाएगा।

## डॉ. अंबेडकर किसी जाति के नहीं, बल्कि कमजोर वर्गों के नेता थे: देविंदर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। डॉ. अंबेडकर किसी एक जाति के नहीं, बल्कि कमजोर और हाशिए पर खड़े वर्गों के सच्चे नेता थे। महिला सशक्तिकरण को लेकर उनकी प्रतिबद्धता यह प्रमाणित करती है कि उनकी संवेदना जाति की सीमाओं से परे थी। यह बात डॉ. बीआर अंबेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय हरियाणा के कुलपति प्रो. देविंदर सिंह ने कही। वह हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के अंबेडकर अध्ययन केंद्र की ओर से आयोजित 'अंबेडकर संवादमाला 2025-26' के द्वितीय सत्र में 'हिंदू कोड बिल: सामाजिक समरसता का अनछुआ आयाम' विषय पर बोल रहे थे। प्रो. सिंह ने कहा कि हिंदू कोड बिल के माध्यम से सामाजिक समरसता का जो सपना देखा गया था, उसे साकार करने में शिक्षा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुधारों के प्रति उदार होना हिंदू समाज की पहचान है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि हिंदू कोड बिल सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम है और डॉ. अंबेडकर के इस योगदान को नए सिरे से रेखांकित किए जाने की आवश्यकता है। अंबेडकर अध्ययन केंद्र के प्रभारी और सहायक आचार्य डॉ. किस्मत कुमार ने कहा कि हिंदू कोड बिल विभिन्न विधिक संहिताओं से संचालित भारतीय समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास था। इसके कारण भौगोलिक और भाषाई अंतराल को पाटकर भारतीय समाज सदियों बाद एकसूत्र में बंध पाया।

## डांस प्रतियोगिता में आरूही व किड्स गर्ल्स वर्ग में आशवी बनी विजेता

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ। वर्सेटाइल जैज एंटरटेनमेंट के तत्वावधान में किड्स वर्सेटिला आइकन ऑफ इंडिया डांस एंड मॉडलिंग कंपटिशन का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता पालमपुर के प्रतिष्ठित गौरबिका पैलेस में संपन्न हुई, जहां भारत के विभिन्न हिस्सों से आए बच्चों ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में 400 से अधिक दर्शकों की भारी भीड़ मौजूद रही, जिसने पूरे आयोजन को एक उत्सव का रूप दे दिया। कार्यक्रम के शो ऑर्गेनाइजर जग्गी औलख रहे, जिनके कुशल नेतृत्व और मेहनत से यह आयोजन पूरी तरह सफल रहा। प्रतियोगिता में 50 से अधिक बच्चों ने डांस और मॉडलिंग के विभिन्न वर्गों में भाग लेकर मंच पर आत्मविश्वास, रचनात्मकता और हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। इसके साथ ही स्पेशल वॉक में 30 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। शो के कोरियोग्राफर एंड ग्रूमर अयांश शर्मा एंड अमनदीप शर्मा रहे। कार्यक्रम की ब्रांड एंबेसडर सोनाली शर्मा भी शो में विशेष रूप से उपस्थित रहीं और उन्होंने पूरे आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मॉडलिंग प्रतियोगिता के किड्स बॉय में विजेता विवान राणा, प्रथम रनरअप न्याव कोहली, द्वितीय रनरअप आकर्ष, तृतीय रनरअप श्रेयांश, किड्स गर्ल्स वर्ग में विजेता आशवी, प्रथम रनरअप प्रियाना, जूनियर गर्ल्स वर्ग में विजेता समायरा, प्रथम रनरअप धृति शर्मा, द्वितीय रनर-अप अद्विका, तृतीय रनरअप नव्या, जूनियर बॉयज वर्ग में विजेता तेजस चोपड़ा, प्रथम रनरअप जतिन शर्मा, द्वितीय रनरअप आर्यन कटोच, डांस प्रतियोगिता में विजेता आरूही सोनी, द्वितीय स्थान एवाक सूद 7 से 14 वर्ष आयु वर्ग में विजेता जतिन शर्मा, द्वितीय स्थान धृति शर्मा और आरूही, तृतीय स्थान दिव्यांश, चतुर्थ स्थान प्रैसी, डुएट डांस में विजेता आरूही और दिव्यांश रहे।

## टीजीटी कला संघ बोला- पात्र 749 टीजीटी को शीघ्र दें प्रवक्ता प्रमोशन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

अक्तूबर माह से अब तक शिक्षा विभाग ने पात्र 749 टीजीटी को प्रवक्ता पदोन्नति नहीं दी है। प्रवक्ता के लिए विषयवार अंग्रेजी में 132, हिंदी में 73, इतिहास में 183, राजनीति विज्ञान में 115, गणित में 48, भौतिकी में 12, रसायन विज्ञान में 61, जीवविज्ञान में 120 तथा समाजशास्त्र में 4 व अर्थशास्त्र में 1 पद पर पदोन्नति करने के आवेदन 3 माह से स्कूल शिक्षा निदेशालय के पास लंबित हैं।

प्रवक्ता के 2966 पद रिक्त

शिक्षा विभाग इन लंबित पदोन्नतियों की अधूरी डीपीसी प्रक्रिया अविलंब पूरा करे। यह मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने राज्य सरकार और शिक्षा विभाग को प्रेषित ज्ञापन में की है। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने बताया कि प्रमोटी प्रवक्ता से हेडमास्टर में 132 और प्रवक्ता से प्रिंसिपल प्रमोशन में 268 पदोन्नतियां होने से इसी माह प्रवक्ता के 400 पद रिक्त हो रहे हैं, जबकि मार्च 26 में करीब 200 से अधिक प्रवक्ता सेवानिवृत्त हो सकते हैं। नवंबर 2025 तक प्रवक्ता कैडर में 2566 पद रिक्त थे और प्रमोशन के बाद 2966 पद रिक्त उपलब्ध होंगे। ऐसे में प्रवक्ताओं की भारी कमी स्कूलों में होगी। ऐसे में 749 प्रवक्ता प्रमोट किए जाने में पदों की कमी नहीं है। इस समय प्रमोशन के लिए अंग्रेजी विषय में 203, हिंदी विषय में 146, इतिहास विषय में 144 पद, रसायन विज्ञान में 97, गणित विषय में 108, राजनीति शास्त्र में 248, जीव विज्ञान में 85, भौतिकी में 81, समाजशास्त्र में 20 मिलाकर कुल 1132 रिक्त पद डीपीसी के लिए उपलब्ध हैं और 592 प्रवक्ताओं को डिमोट करके टीजीटी बनाने की आवश्यकता नहीं है। डिमोशन पर हाईकोर्ट ने स्टे लगाया है, मगर प्रमोशन पर स्टे नहीं लगाया है। ऐसे में शिक्षामंत्री और शिक्षा सचिव इस प्रमोशन को करवाने के आदेश शिक्षा विभाग को जारी करें और अगले सत्र में स्कूलों में प्रवक्ताओं की भारी कमी से निजात दिलाए। हीर ने कहा कि वर्ष 2023 में 700 प्रवक्ता पद सीधी भर्ती से भरे गए, जबकि सिर्फ 401 टीजीटी को प्रमोशन मिली। 299 टीजीटी को 2023 को देय प्रमोशन उस वर्ष नहीं मिलीऔर 2024 में भी प्रमोशन नहीं हुई। इस वर्ष 642 टीजीटी को प्रवक्ता प्रमोट किया गया और फिर 592 प्रवक्ता को डिमोट करने के नोटिस देकर अगली प्रमोशन सूची लटका दी गई।

## आठवीं, दसवीं और बारहवीं कक्षा की एसओएस परीक्षा परिणाम घोषित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय की कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाएं सितंबर 2025 में आयोजित की गई थीं, जिनके परिणाम 23 दिसंबर 2025 को घोषित कर दिए गए हैं। घोषित परिणामों के अनुसार कक्षा 8वीं का उत्तीर्ण प्रतिशत 64.75 प्रतिशत, कक्षा 10वीं का 63.48 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का 65.66 प्रतिशत दर्ज किया गया है। बोर्ड द्वारा सूचित किया गया है कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थी पुनर्मूल्यांकन तथा कक्षा 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थी पुनः जांच के लिए आवेदन कर सकते हैं, जिसके लिए पुनर्मूल्यांकन शुल्क 1000 रुपए प्रति विषय और पुनः जांच शुल्क 800 रुपए प्रति विषय निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थियों को यह आवेदन केवल अपने संबंधित हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय स्टडी सेंटर के माध्यम से आनलाइन 7 जनवरी 2026 तक करना होगा। इसके अतिरिक्त जिन अभ्यर्थियों का परिणाम री-अपीयर या पास घोषित हुआ है और वे री-अपीयर या इंप्रूवमेंट परीक्षा (मार्च 2026 सत्र) में शामिल होना चाहते हैं, वे 27 दिसंबर 2025 से 12 जनवरी 2026 तक बिना किसी विलंब शुल्क के अपने स्टडी सेंटर के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

8वीं में 64.75, 10वीं में 63.48 और 12वीं में पास प्रतिशता 65.66 फीसदी

## पांचवीं व आठवीं कक्षाओं की परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्रों की मांग बारे दिशा-निर्देश जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

निर्धारित फार्मेट पर 20 जनवरी तक भेजनी होंगी विद्यार्थियों की सूची

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने शीतकालीन विद्यालयों के सत्र 2025-26 में पांचवीं व आठवीं कक्षाओं के रोके गए परीक्षार्थियों की अनुपूरक परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्रों की मांग को लेकर सभी उपनिदेशकों (प्रारंभिक शिक्षा) को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि राजकीय तथा शिक्षा विभाग से मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के रोके गए विद्यार्थियों की अनुपूरक परीक्षाओं के प्रश्न पत्र समर सत्र मार्च-2026 के प्रश्न पत्रों के साथ ही उपलब्ध करवाए जाएंगे। सभी उपनिदेशक (प्रारंभिक शिक्षा) अपने-अपने क्षेत्रों के तहत आने वाले ब्लॉकवार एवं स्कूल वार रोके गए विद्यार्थियों की सूची (राजकीय एवं निजी विद्यालय) संलग्न प्रपत्र के अनुसार एक्सेल फॉर्मेट में सॉफ्ट कॉपी तैयार करवाकर 20 जनवरी, 2026 तक बोर्ड कार्यालय को ई-मेल पर अनिवार्य रूप से भेजें, ताकि प्रश्न पत्रों का मुद्रण समय पर सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा बोर्ड सचिव ने स्पष्ट किया कि केवल निजी विद्यालयों के लिए प्रश्न पत्र शुल्क निर्धारित किया गया है।

कक्षा पांचवीं के लिए 100 रुपए प्रति छात्र तथा कक्षा आठवीं के लिए 150 रुपए प्रति छात्र की दर से यह शुल्क डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से प्रश्न पत्रों की मांग के साथ बोर्ड कार्यालय को डाक द्वारा भेजना होगा। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रश्न पत्रों की मांग नहीं भेजी जाती है, तो प्रश्नपत्रों की अनुपलब्धता की स्थिति में संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य मुख्याध्यापक एवं उपनिदेशक स्वयं जिम्मेदार होंगे। शिक्षा बोर्ड ने सभी संबंधित अधिकारियों से इस विषय को अत्यंत आवश्यक मानते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की है।

## जयसिंहपुर में 7 दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

नरेंद्र डोगरा, अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष व मार्केटिंग बोर्ड जिला कांगड़ा के सदस्य जसवंत सिंह डडवाल ने महाविद्यालय में शिरकत की। उनके साथ अभिषेक सूद (ओएसए अध्यक्ष), बिनता ठाकुर (महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष) और सौरव कटोच (बीजापुर उपप्रधान) उपस्थित रहे। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अरुण चंद विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि एनएसएस युवाओं में सेवा, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करता है। उन्होंने स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। विशेष शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता, नशामुक्ति अभियान, मतदाता जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, योग एवं ध्यान, तथा श्रमदान जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. हरजिंदर सिंह और डॉ. शिवानी के द्वारा किया गया।

## शहीदी सप्ताह पर हनुमान चालीसा व बांटा प्रसाद

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। शहीदी सप्ताह जिस दौरान गुरुदेव गोबिंद सिंह के साहबजादों ने अपने प्राणों का बलिदान धर्म की रक्षा के लिए किया। बलिदान को याद करते हुए शीला रोड पासू धर्मशाला के नजदीक मंगलवार दोपहर श्री हनुमान चालीसा व प्रसाद वितरण शिव सेना हिंद के सेवा विभाग आयोजित किया गया है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र धीमान, प्रांत आईटी सैल युवा प्रमुख बादल बराड़, जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान, जिलाध्यक्ष युवा विंग तरुण जस, विधानसभा अध्यक्ष विनोद धीमान, विधानसभा युवा अध्यक्ष हर्ष कपूर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा सतीश कौशल, आशा कौशल, सार्थक, नितिन, वंश व अन्य शिव सैनिक उपस्थित रहे। आयोजन की अध्यक्षता प्रांत युवा सेना प्रमुख अभिषेक धीमान की रही। प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र धीमान ने कहा कि इस शहीदी सप्ताह को शिव सेना हिंद सेवा सप्ताह के रूप में मना रही है। नरेंद्र ने कहा कि गुरुदेव गोबिंद सिंह के पूरे परिवार ने हजारों मुस्लिम आक्रांताओं के अत्याचारों को सहना स्वीकार किया, परंतु धर्म नहीं त्यागा। उन्हीं से प्रेरणा लेते हुए धर्म व सबकी सेवा के भाव को आगे बढ़ाते हुए आज वस्त्र दान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आने वाले समय में इस तरह के आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे।

## स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल जवाली में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन

## विजेता छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर रहे चीफ गेस्ट।

अनंत ज्ञान, जवाली

स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में वार्षिक खेल प्रतियोगिता समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने चीफ गेस्ट के रूप में शिरकत की।

प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल, कमेटी अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र सिंह, एमडी पवन चौधरी तथा अन्य कमेटी सदस्यों ने चीफ गेस्ट का स्वागत किया। चीफ गेस्ट द्वारा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ के दौरान छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति ने उपस्थित मेहमानों और अभिभावकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिता का प्रारंभ चारों सदनों द्वारा शानदार मार्च पास्ट से किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. राजीव सिंह निरयाल की ओर से वेलकम स्पीच दी गई। कक्षा तीसरी तथा चौथी के छात्रों द्वारा डंबल प्रतियोगिता की सुंदर प्रस्तुति दी गई। साथ ही ताइक्वांडो पर आधारित प्रस्तुति में छात्र-छात्राओं की ओर से आत्मरक्षा के अनेक तरीकों का प्रदर्शन किया गया।

मुख्य अतिथि द्वारा कबूतर उड़ाकर पिजन सेरेमनी, बैलून सेरेमनी, फ्लैग होस्टिंग, लाइटनिंग ऑफ टॉर्च आदि का आयोजन किया गया।

वहीं, कक्षा प्री-नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों की मेडल सेरेमनी की गई। इसके बाद छात्र-छात्राओं में खेल प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

छात्र-छात्राओं ने लंबीकूद, ऊंचीकूद, कबड्डी, रिले, लेमन रेस, 200 मीटर रेस, 400 मीटर रेस आदि प्रतियोगिताएं करवाई गईं। प्रतियोगिताओं में विजेता रहे छात्र-छात्राओं को चीफ गेस्ट द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय का चरित्र निर्माण और देश प्रेम की भावना जगाने का हमेशा प्रयास करता रहेगा। विद्यालय के कमेटी सदस्यों ने सभी को आगुंतकों का आभार व्यक्त किया।

## परमार ने बलोटा और डगेरा के कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स

राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान

डरोह। थुरल मंडल के लाहड़, बलोटा और डगेरा के बूथों के कार्यकर्ताओं साथ सुलह के विधायक विपिन सिंह परमार ने बैठक की और कार्यकर्ताओं, बूथ समितियों और पन्ना प्रमुखों का हाल-चाल जाना।

कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को विपिन परमार ने बूथ को मजबूत करने के टिप्स दिए। कार्यक्रमों में मंडल के अध्यक्ष विकास धीमान, महामंत्री विजय राणा, भंडारी राम, उपाध्यक्ष महेंद्र राणा, सचिव सरिता राणा, बीडीसी वाइस चेयरमैन राजेश मेहता, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण कुमार, ओमकार बलिया, घराना के प्रधान सुरेश कुमार, बूथ अध्यक्ष राजेंद्र राणा, शोभाराम, शम्मी कपूर और तीनों बूथों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

विधायक परमार ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक



विधायक विपिन सिंह परमार ने थुरल मंडल के लाहड़, बलोटा और डगेरा के बूथों के कार्यकर्ताओं साथ बैठक की।

## धर्मशाला से शिमला तक बढ़ता एक्यूआई पहाड़ी इलाकों की स्वच्छ हवा पर सवाल

मनोज चंदेल, अनंत ज्ञान

कूड़ा जलाने, बढ़ते वाहनों और ठंड के मौसम ने बढ़ाई चिंता

योल। एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) को लेकर अब केवल दिल्ली और एनसीआर ही चिंता का केंद्र नहीं रहे। ताजा आंकड़े बता रहे हैं कि हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी इलाके भी तेजी से प्रदूषण की चपेट में आ रहे हैं। धर्मशाला, योल, शिमला, मंडी और कुल्लू जैसे क्षेत्रों में एक्यूआई का लगातार 100 के पार रहना और ज्यादातर 150 और 200 के बीच में रहना उस आम धारणा पर सवाल खड़ा कर रहा है कि पहाड़ों और घने जंगलों वाले इलाकों में हवा स्वाभाविक रूप से शुद्ध रहती है। धर्मशाला में एक्यूआई 160 के आसपास, शिमला में 100, मंडी में 130 और कुल्लू में 160-200 के बीच दर्ज किया गया। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह मानवीय गतिविधियों और नीतिगत लापरवाही का नतीजा है। पीपल्स ऑफ हिमालय डेवलपमेंट के संदीप मिन्हास के अनुसार, बढ़ते ट्रैफिक जाम, कमजोर ट्रैफिक कंट्रोल और निचले क्षेत्रों से उठता धुआं प्रमुख कारण हैं। जोनल हॉस्पिटल धर्मशाला के पूर्व एमएस अजय कुमार दत्ता ने बताया कि भारी निर्माण, डिफॉरेस्टेशन और बिना जांच के वाहन हवा की गुणवत्ता बिगाड़ रहे हैं। हिमालय नीति अभियान के अध्यक्ष गुमान सिंह ने चेतावनी दी कि पर्यटन की असीमित भीड़ और बदलता मौसम प्रदूषण को और बढ़ा रहे हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस नीतिगत कदम, बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन, निर्माण नियंत्रण और जन-जागरूकता नहीं बढ़ाई गई, तो हिमाचल की स्वच्छ हवा बीते दिनों की बात बन सकती है। धर्मशाला में एक्यूआई 160 का मतलब हर नागरिक रोजाना एक पैकेट सिगरेट पीने के समान है, जो सरकार और समाज के लिए गंभीर चेतावनी है।

## समारोह नगरोटा सूरियां स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

## शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान: प्रो. चंद्र

शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान

देहरा। कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि बच्चों के भविष्य को संवारने में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। शिक्षक न केवल बच्चों को ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि उनके जीवन के विविध क्षेत्रों में सफलता की राह भी दिखाते हैं। यह बात कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा सूरियां के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कही।

उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों एवं विद्यालय प्रबंधन को वर्षभर के दौरान अर्जित उपलब्धियों को प्रदर्शित करने का विशेष अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। कृषि मंत्री ने बताया कि 87 करोड़ रुपए की लागत से गज्ज खड्ड पर बनने वाले पुल की मिट्टी की टेस्टिंग पूरी हो चुकी है और शीघ्र ही निर्माण कार्य आरंभ किया जाएगा। 3.50 करोड़ रुपए की लागत से देहरा-जवाली-राजा का तालाब सड़क के चौड़ीकरण एवं सुधारीकरण का कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा 25 लाख रुपए की लागत से नगरोटा सूरियां से बरियाल सड़क पर इंटरलॉकिंग टाइलें, नालियां तथा रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया जा रहा है। 20 लाख रुपए की लागत से पुखबड़ से कथौली वाया बलोड सड़क पर टारिंग, इंटरलॉकिंग टाइलें एवं नालियों का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। 5.50 करोड़ रुपए की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरोटा सूरियां के अतिरिक्त भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। नगरोटा सूरियां में 36.54 करोड़ रुपए की लागत से सीवरेज सिस्टम का निर्माण कार्य चल रहा है, जिससे बासा, नगरोटा सूरियां, कथौली तथा सुकनाड़ा पंचायतों को इसका लाभ पहुंचेगा। वहीं, 50 लाख रुपए की लागत से लुदरेट, खब्बल, घाड़ बरियाल, अप्पर अमलेला, बजेरा-II तथा बलदोआ में ट्रांसफॉर्मरों को अपग्रेड किया गया है। इसके अलावा बासा, घाड़ जारोट, सुखनाड़ा, बलदोआ, लुदरेट, बरियाल तथा घेरा में लगभग 2 करोड़ रुपए की लागत से नए ट्रांसफॉर्मर एवं एचटी-एलटी लाइनें डाली जा रही हैं। कृषि मंत्री ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों के लिए अपनी ऐच्छिक निधि से 15 हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने विद्यालय की रिपेयर वर्क के लिए भी अधिकारियों को प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार भी वितरित किए। इसके पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य हरभजन सिंह सोहल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और विद्यालय की गतिविधियों एवं उपलब्धियों का विवरण दिया।



कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित।

## इंदौरा में निकाली जन जागरुकता यात्रा, नशे के बताए दुष्प्रभाव



विधायक मलेंद्र राजन की अगुवाई में निकाली गई जनजागरुकता यात्रा।

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

इंदौरा। नशा मुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से नशा छोड़ो भारत जोड़ो अभियान के तहत यूथ कांग्रेस ने इंदौरा में जन जागरुकता यात्रा निकाली गई। यह यात्रा विधायक मलेंद्र राजन की अगुवाई में वन विश्राम गृह इंदौरा से बैरियर चौक तक आयोजित की गई। इस दौरान युवाओं और लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया तथा नशा मुक्त भारत के संकल्प को दोहराया गया। हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने नशे के खिलाफ जोरदार संदेश दिया। विधायक मलेंद्र ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा चिट्टा व अन्य नशीले पदार्थों के विरुद्ध छेड़ा गया अभियान प्रदेश के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। युवा वर्ग को नशे से दूर रखकर ही सशक्त और आत्मनिर्भर हिमाचल का निर्माण किया जा सकता है। यात्रा में प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी ज्योतिपी, प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव अखिलेश, कुणाल पठानिया, जिला कांगड़ा के प्रभारी अखिल अग्निहोत्री, युवा कांग्रेस उपप्रधान चंद्रमणि, जिला युवा कांग्रेस सुनील कुमार, जिला कांगड़ा महासचिव सुरेंद्र, फतेहपुर युवा कांग्रेस अध्यक्ष रवि, विजेंदर पठानिया, कुलदीप शर्मा रणजीत पठानिया, सूरज चौधरी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### श्री नयना देवी में हुई युवा मोर्चा की परिचय बैठक

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी।** सर्किट हाउस में भाजपा युवा मोर्चा अपर मंडल की परिचय बैठक मंडल अध्यक्ष रमन ठाकुर की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विधायक रणधीर शर्मा, मंडल अध्यक्ष नंदलाल ठाकुर और जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष रामपाल चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की योजनाओं से युवा आत्मनिर्भर बन रहा है, जबकि प्रदेश की कांग्रेस सरकार युवाओं से किए वादे निभाने में विफल रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार से रोजगार सृजन और भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता की मांग की।

### गणितज्ञ रामानुजन के जीवन पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में गणित विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. रितु शर्मा की अध्यक्षता में गणित दिवस का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। इस कार्यक्रम में गणित विभाग के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस आयोजन में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन, भाषण प्रतियोगिता और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने सर रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डाला तथा विभिन्न गणितज्ञ तथा गणितज्ञों के भारतीय गणितज्ञों के के महत्वपूर्ण योगदान के विषय में अवगत कराया पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने गणित के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित किया। इन प्रतियोगिताओं में डाक्टर नवेंद्र बंसल और डॉक्टर नम्रता पठानिया ने निर्णायक मंडल के रूप में मुख्य भूमिका निभाई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में साक्षी ने प्रथम, मेघना ने द्वितीय तथा किरण कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में वंदना ने प्रथम, कनिका शर्मा ने द्वितीय और दक्षिता एवं अंजलि ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन में प्रियांशु ने प्रथम तथा प्रिंस ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पीएस कटवाल ने गणित विभाग के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि यह दिवस महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य जहां गणित के महत्त्व के बारे में जागरूकता लाना है वहीं विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं के माध्यम से संख्या, सिद्धांत और अनंत श्रृंखलाओं एवं गणितीय विश्लेषण में रामानुजन के प्रमुख योगदान को याद करना भी है।

### नशे के खिलाफ लड़ाई में सामूहिक प्रयास जरूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में प्रहरी क्लब और पुलिस महानिदेशक कार्यालय, हिमाचल प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में 'हिमाचल अगेंस्ट चिट्टा' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) हिमाचल प्रदेश, आईपीएस अशोक तिवारी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला के आरंभ में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और प्रदेश में नशे की वर्तमान स्थिति पर संक्षेप में प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई सामूहिक प्रयासों से ही सफल हो सकती है और इसमें समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। इस अवसर पर डीआईजी आईपीएस सौम्या ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि छोटे प्रयासों से भी बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए विश्वास, समय और सम्मान के महत्व पर जोर दिया।

### नारा लेखन में काजल, पोस्टर में मोनिका प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर कॉलेज के 'सड़क सुरक्षा क्लब' की ओर से विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नारा लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने की। प्रतियोगिताओं में लगभग 30 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नारा लेखन प्रतियोगिता में काजल ने प्रथम, शालू ने द्वितीय तथा प्राची ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मोनिका प्रथम, शगुन चंदेल द्वितीय और इशिता तृतीय स्थान पर रहीं। विद्यार्थियों ने अपने नारों और पोस्टरों के माध्यम से सड़क सुरक्षा, हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉ. कटवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी भी है। हमें न केवल अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए, बल्कि अपने परिवार, मित्रों और आसपास के लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना चाहिए, ताकि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

# बिलासपुर में कोहरे का कहर

## सुबह 5 से लेकर 11 बजे तक थमी रही वाहनों की रफ्तार, दृश्यता बेहद कम

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** जिले में मंगलवार सुबह घना कोहरा छा जाने से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। तड़के सुबह 5 बजे से लेकर 11 बजे तक शहर, राष्ट्रीय राजमार्गों और ग्रामीण सड़कों पर दृश्यता बेहद कम रही, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर दृश्यता मात्र 50 से 60 मीटर तक सिमट गई, जिसके चलते सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए।

घने कोहरे के कारण चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग, कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन, झंडूता, घुमारवीं और स्वारघाट क्षेत्रों में वाहनों की रफ्तार बेहद धीमी रही। कोहरे की वजह से बसों, ट्रकों और निजी वाहनों को दिन के समय भी लाइटें जलाकर चलना पड़ा। सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों, कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों तथा दूध-सब्जी लेकर निकलने वाले लोगों को सबसे अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कोहरे की चादर इतनी घनी थी कि कई स्थानों पर सड़क किनारे लगे संकेतक, डिवाइडर और मोड़ दिखाई देना भी मुश्किल हो गया। विशेष रूप से पहाड़ी और घुमावदार सड़कों पर वाहन चालकों को हर पल हादसे की आशंका बनी रही।


बिलासपुर शहर में घने कोहरे में सड़क पर से गुजरता हुआ एक वाहन।

**गोबिंदसागर झील भी कोहरे की बड़ी वजह**

विशेषज्ञों के अनुसार, बिलासपुर में गोबिंदसागर झील की मौजूदगी भी घने कोहरे की बड़ी वजह मानी जा रही है। झील से उठने वाली नमी के कारण ठंड के मौसम में हर वर्ष जिले में कोहरे की समस्या अधिक गहराती है। खासकर झील के किनारे बसे क्षेत्रों, पुलों और फोरलेन मार्गों पर कोहरा अधिक सघन रहता है, जिससे दृश्यता और भी कम हो जाती है और दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। वाहन चालकों का कहना है कि अचानक छाए इस घने कोहरे ने सुबह के समय यात्रा को बेहद जोखिम भरा बना दिया। कई चालकों ने एहतियात के तौर पर रास्ते में ही वाहन रोक दिए, जबकि कुछ ने बेहद धीमी गति से सफर तय किया। कोहरे के कारण कुछ मार्गों पर यातायात जाम जैसी स्थिति भी बनी रही।

**कुछ दिन और बनी रहेगी कोहरे की यह समस्या**

**मौसम** विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव और रात के समय तापमान में गिरावट के चलते आने वाले कुछ दिनों तक सुबह के समय कोहरे की समस्या बनी रह सकती है। इसे देखते हुए वाहन चालकों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने भी वाहन चालकों से अपील की है कि कोहरे के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें, वाहनों की गति सीमित रखें, फॉग लाइट व लो बीम का प्रयोग करें तथा सुरक्षित दूरी बनाए रखें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# विभाग जल्द निपटाएं लंबित पड़े एफसीए मामले : उपायुक्त


एफसीए मामलों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते डीसी राहुल कुमार।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के एफसीए मामलों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में लंबित एफसीए मामलों की समीक्षा की गई तथा इस बारे संबंधित विभागीय अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश जारी किए गए। उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को लंबित एफसीए मामलों को जल्द से जल्द निपटारा करने के निर्देश जारी किए, ताकि लंबित विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा सके।

**डीसी ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश**

उन्होंने सभी अधिकारियों से विभिन्न स्तरों पर लंबित एफसीए मामलों की नियमित एवं समयबद्ध निगरानी सुनिश्चित करने को भी कहा ताकि अनावश्यक विलंब से बचा जा सके और शीघ्र आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त की जा सकें।

उन्होंने कहा कि लोक निर्माण, जलशक्ति, शिक्षा, राजस्व, बिजली बोर्ड, सूचना एवं जन संपर्क, पुलिस सहित अन्य विभागों में एफसीए के मामले विभिन्न स्तरों पर लंबित हैं जिन्हे जल्द हल करने की आवश्यकता है, ताकि विकास योजनाओं एवं कार्यों को आगे बढ़ाया जा सके। बैठक का संचालन वन मंडलाधिकारी बिलासपुर राजीव कुमार ने किया। समीक्षा बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ओम कांत ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# एक दशक से किराए के भवन में चल रहा तहसील कल्याण कार्यालय झंडूता

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

उपमंडल झंडूता स्थित तहसील कल्याण कार्यालय करीब एक दशक से किराए के भवन में चल रहा है। लोगों का कहना है कि कार्यालय झंडूता के अन्य विभागों से काफी दूर होने के कारण बुजुर्गों को वहां तक पहुंचने में कठिनाई होती है। बस स्टैंड या एसडीएम कार्यालय से आने वालों को पैदल चलना पड़ता है या वाहन किराये पर लेना पड़ता है। इससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है।

जानकारी अनुसार, तहसील कल्याण कार्यालय से गरीबी रेखा से निचले स्तर के लोगों के साथ सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्वर्ण जयंती आश्रय योजना, अनुवर्ती कार्यक्रम, अनुसूचित जाति जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग, इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना सहित प्रदेश और केंद्र सरकार की विभिन्न जन कल्याण योजनाओं का लाभ मिलता है। इन योजनाओं के पात्रों को तहसील कार्यालय पहुंचने के लिए पहले पसीना बहाना पड़ता है, उसके बाद तमाम औपचारिकताएं पूरी करानी पड़ती हैं।

**क्या कहते हैं तहसील कल्याण अधिकारी ?**

**तहसील** कल्याण अधिकारी कमल कांत ने बताया कि विभाग का अपना भवन बनाने के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए ग्राम पंचायत बैहना ब्रह्मणा से प्रस्ताव पारित कर जमीन उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने बताया कि जैसे ही भूमि से संबंधित औपचारिकताएं पूरी होंगी, उसके बाद विभाग अपना भवन बनाएगा।

# वॉकथॉन रूट पर पार्क नहीं होंगे वाहन : एसपी

## डीसी बोले-शहर के प्रमुख मार्गों पर लागू रहेगा अस्थायी ट्रैफिक डायवर्जन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में 26 दिसंबर को आयोजित होने वाली एंटी-चिट्टा जन-जागरूकता वॉकथॉन को लेकर उपायुक्त राहुल कुमार और पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता कर कार्यक्रम और यातायात व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह वॉकथॉन मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश के नेतृत्व में आयोजित की जा रही है, जो पीएम मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र), बिलासपुर से शुरू होकर सिंथेटिक स्पोर्ट्स ग्राउंड, लुहणू में संपन्न होगी। यह आयोजन नशे के खिलाफ प्रदेश में चल रहे जन आंदोलन का अहम हिस्सा है। एसपी संदीप धवल ने कहा कि सुरक्षा और यातायात नियंत्रण के लिए पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि वॉकथॉन रूट पर अनावश्यक वाहन पार्किंग की अनुमति नहीं होगी, जबकि एंबुलेंस और आपातकालीन सेवाओं को पूरी छूट दी जाएगी। पत्रकार वार्ता में अधिकारियों ने बताया कि प्रतिभागियों के वाहनों के लिए लुहणू मेला ग्राउंड, कॉलेज ग्राउंड और डीसी कार्यालय के सामने पार्किंग की व्यवस्था की गई है, जबकि हल्के वाहनों के लिए मल्टीपर्पज ऑडिटोरियम, गर्ल्स स्कूल, क्रीमेशन ग्राउंड और एग्जीबिशन ग्राउंड निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग मार्ग तय किए गए हैं, ताकि शहर में यातायात सुचारु बना रहे। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की कि नशे के खिलाफ इस जन आंदोलन में सहभागी बनें और कार्यक्रम के दौरान शांति व अनुशासन बनाए रखें।


वॉकथॉन को लेकर प्रेस वार्ता करते डीसी राहुल कुमार और एसपी संदीप धवल।

**लोगों से की सहयोग और वैकल्पिक सड़क मार्गों का उपयोग करने की अपील**

वहीं, उपायुक्त ने कहा कि वॉकथॉन के दौरान शहर के प्रमुख मार्गों पर अस्थायी ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न हो सके। उन्होंने आम जनता से प्रशासन का सहयोग करने और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की।

# झंडूता में बनाया अंबेडकर भवन बनता जा रहा खंडहर

**गोपाल कपिल, अनंत ज्ञान**

**झंडूता।** उपमंडल झंडूता में सरकार द्वारा गरीब और जरूरतमंदों की मदद के लिए बनाया गया डॉक्टर भीव राव अंबेडकर सामुदयिक भवन अपनी दयनीय हालत पर आंसू बहा रहा है। आलम यह है कि वर्तमान में इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। झंडूता के अस्पताल जाने वाले रास्ते पर बने इस अंबेडकर भवन में अव्यवस्थाओं का आलम हैं। भवन की खिड़कियों के शीशे टूट चुके हैं। इसके अलावा दरवाजों का भी बुरा हाल है। लाखों रुपये खर्च करके बनाया गया यह अंबेडकर भवन खंडहर बनता जा रहा है। लोगों का कहना है कि अगर यहां पर कोई कार्यक्रम करना हो तो यहां पर शैचालयो का अभाव है। यदि यहां पर शैचालय बन जाते हैं तो यहां पर कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे। और जनता को लाभ मिलेगा। इस भवन का उद्घाटन उस समय के विधायक स्वर्गीय रिखी राम कौंडल द्वारा भाजपा सरकार के समय में किया गया था। भाजपा सरकार द्वारा उस समय हर तहसील में एक सामुदायिक भवन बनाया गया था। इन भवनों में मुख्य रूप से गरीब और जरूरतमंद तबके के लोग वैवाहिक आयोजन, पार्टी व अन्य कार्य करते थे। उनसे नाममात्र राशि फीस के रूप में ली जाती थी। पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के कार्यकाल में यह भवन बनाया गया था।, मगर वर्तमान में इसकी स्थिति काफी खराब है।


फाइल फोटो।

जन चेतना कलामंच झंडूता के अध्यक्ष मछैन्दर भारती ने बताया कि इस भवन की जो व्यवस्था है वह पूर्ण रूप से अच्छी नहीं है। प्रशासन इसकी जल्दी से जल्दी मरम्मत करवाए ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके।

# बालक राम शर्मा ने अग्निवीर के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** हिमाचल प्रदेश वैटरन सैनिक कल्याण एंव विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष एवं एक्स सर्विसमैन सैनिक लीग जिला बिलासपुर के अध्यक्ष वैटरन कैप्टन बालक राम शर्मा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि डैहर गांव भंतरेड़ जिला मंडी से संबंध रखने वाले अग्निवीर प्रशांत ठाकुर के मंडी के नागचला में एक्सीडेंट में अकास्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रशांत ठाकुर अब परिवार रिश्तेदार सहित गांव समाज को छोड़कर गमगीन महौल बनाकर चला गया। उसकी मृत्यु पर उसके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। भारतीय सेना का जवान जो 25 पंजाब रेजिमेंट को अलविदा कर गया ये असहनीय दुखद घटनाक्रम है परंतु कुदरत को जो मंजूर होता है, वही होता है। होणी को कौन टाल सकता है।

# समय पर पेंशन और वेतन नहीं मिलना घोर अन्याय : शंकर सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी परिषद हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी परिषद के प्रदेश संयोजक शंकर सिंह ठाकुर ने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम के स्वर्णिम जयंती वर्ष से लेकर आज तक निगम के पेंशनरों को न तो समय पर पेंशन मिल पा रही है और न ही सेवारत कर्मचारियों को नियमित रूप से वेतन, ओवरटाइम एवं रात्रि भत्ते का भुगतान किया जा रहा है। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक होने के साथ-साथ प्रदेश सरकार के भेदभावपूर्ण रवैये को भी उजागर करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा हिमाचल पथ परिवहन निगम के पेंशनरों के साथ जानबूझकर सौतेला व्यवहार किया जा रहा है, जबकि अन्य विभागों के पेंशनरों को प्रत्येक माह की पहली तारीख को पेंशन का भुगतान सुनिश्चित किया जाता है। तथाकथित व्यवस्था परिवर्तन की बात करने वाली सरकार ने आज तक परिवहन पेंशनरों की समस्याओं को लेकर कोई ठोस नीतिगत बैठक तक नहीं बुलाई, जो सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है। शंकर सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के बीच आपसी खींचतान का सीधा प्रभाव हिमाचल पथ परिवहन निगम पर पड़ रहा है, जिससे निगम सरकार की लाचार दासी बनकर रह गया है। इसका सबसे अधिक खामियाजा वरिष्ठ नागरिक परिवहन पेंशनरों को भुगतना पड़ रहा है, जो इस उम्र में गंभीर आर्थिक और मानसिक संकट से जूझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल पथ परिवहन निगम प्रदेश की आम जनता के आवागमन का सबसे सुलभ और भरोसेमंद साधन है। प्रदेश की पहाड़ी और सर्पीली सड़कों पर दौड़ती निगम की बसें हिमाचल के विकास की पहचान हैं। निगम को किसी भी सूरत में लाभ-हानि के संकीर्ण दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। वर्ष 2 अक्तूबर 1974 को इसे सरकारी विभाग से निगम का स्वरूप दिया गया था, इसलिए केवल 'कॉरपोरेशन' का तर्क देकर पेंशनरों और कर्मचारियों के साथ अन्याय नहीं किया जा सकता। यदि वास्तव में प्रदेश सरकार आर्थिक संकट से जूझ रही है, तो क्या यह संकट केवल परिवहन पेंशनरों और कर्मचारियों के लिए ही है? उन्होंने कहा कि एक ओर सरकार ने सलाहकारों और उपाध्यक्षों की नियुक्तियां की हैं, वहीं दूसरी ओर विधायकों और मंत्रियों के वेतन-भत्तों में बढ़ोतरी की गई है। इससे स्पष्ट है कि आर्थिक संकट का तर्क चुनिंदा वर्ग तक ही सीमित है। शंकर सिंह ठाकुर ने कहा कि यह प्रदेश का दुर्भाग्य है कि जिन लोगों के कंधों पर हिमाचल पथ परिवहन निगम को सशक्त और समृद्ध बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, वही आज इसे पतन की ओर धकेलने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे स्वयं एक परिवहन कर्मचारी परिवार से आते हैं और उन्हें पेंशनरों व कर्मचारियों के दर्द को समझते हुए साहसिक और ऐतिहासिक निर्णय लेने चाहिए।

**कहा- एचआरटीसी पेंशनर्स के साथ अब बर्दाश्त नहीं होगा भेदभावपूर्ण रवैया**

# सिद्ध बाबा गोदडिया मंदिर में कलश यात्रा से भागवत कथा का आगाज

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं उपमंडल के फेटीधार स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध सिद्ध बाबा गोदडिया मंदिर प्रांगण में श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत फटोह व पनोह सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धार्मिक उत्साह और आस्था का परिचय दिया।

कलश यात्रा का शुभारंभ पनोह पंचायत के गांव सनौर स्थित मां ज्वाला मंदिर से किया गया। मां ज्वाला मंदिर के पुजारी सुरजीत सिंह ने बताया कि मां ज्वाला की पवित्र ज्योति को साथ लेकर श्रीमद्भागवत पुराण के साथ करीब दो किलोमीटर लंबी कलश यात्रा निकाली गई, जो विभिन्न गांवों से होते हुए सिद्ध बाबा गोदडिया मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक आयोजन के अंतर्गत प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित माधव शरण चंदन शर्मा सात दिनों तक श्रीमद्भागवत कथा का गुणगान करेंगे। कथा के समापन अवसर पर 31 दिसंबर को विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

# डॉक्टर के लिए संवेदनशील बने रहना जरूरी : डीजीपी

## एम्स बिलासपुर में आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम में प्रशिक्षु छात्रों से किया आह्वान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, बिलासपुर में नशीले पदार्थों (विशेषकर चिट्टा) के दुरुपयोग के विरुद्ध संस्थान के चिकित्सा छात्रों एवं कर्मचारियों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भावी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों में नशा-मुक्त जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा समाज में नशा-विरोधी संदेश को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में अशोक तिवारी, पुलिस महानिदेशक, हिमाचल प्रदेश तथा डॉ. आकृति शर्मा, भारतीय पुलिस सेवा, कमांडेंट, प्रथम भारतीय रिज़र्व बटालियन,, जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश उपस्थित रहे। अपने स्वागत एवं धन्यवाद संबोधन में कार्यकारी निदेशक ने कहा कि अतिथियों का एम्स बिलासपुर पधारकर प्रशिक्षु चिकित्सा छात्रों एवं संस्थान के कर्मचारियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना सराहनीय एवं प्रेरणादायी है। उन्होंने इसके लिए संस्थान की ओर से दोनों अतिथियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने चिट्टा जैसे घातक नशीले पदार्थों के कारण समाज में उत्पन्न हो रही गंभीर चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। तिवारी ने प्रशिक्षु छात्रों से चिकित्सा क्षेत्र में अपेक्षित संवेदनशीलता की आवश्यकता और महत्ता पर बल देते हुए यह आह्वान भी किया कि एक चिकित्सक का पेशा चुनौतीपूर्ण और कठिनाइयों से भरा है और वह अपनी व्यक्तिगत मनोस्थिति और समस्याओं के बावजूद मरीजों के उपचार में तन्मयता से लगा रहता है। अत: आप भी प्यार और संवेदनशीलता से इस पेशे की महत्ता को बरकरार रखें और देश के विकास में अपना योगदान दें। वहीं, डॉ. आकृति शर्मा ने चिकित्सा छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भावी चिकित्सक होने के नाते उनसे समाज में अनुकरणीय, जिम्मेदार एवं संवेदनशील आचरण की अपेक्षा की जाती है तथा नशे के विरुद्ध जागरूकता फैलाने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# नशे के खिलाफ अभियान सराहनीय पर कानून हाथ में लेना गलत : हीरा पाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश में चिट्टा जैसे घातक नशे के खिलाफ सरकार द्वारा संज्ञान लेते ही पुलिस को अलर्ट किया गया है और पुलिस निरंतर कार्रवाई भी कर रही है। मुख्यमंत्री इस अभियान को प्रत्येक जिले में मिशन मोड में चला रहे हैं। इसी कड़ी में वे 26 तारीख को बिलासपुर आ रहे हैं, जबकि इससे पहले मंडी, हमीरपुर, कांगड़ा और शिमला में इस मुहिम को तेज किया जा चुका है। हालांकि, दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस गंभीर विषय पर अब कुछ पंचायत चुनावों के इच्छुक लोग और भाजपा से जुड़े कुछ नेता राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं। कई जगह देखा गया है कि कुछ लोग कानून अपने हाथ में लेकर युवाओं के साथ मारपीट जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, जो पूरी तरह गलत और गैरकानूनी है। संविधान और कानून किसी को भी ऐसी छूट नहीं देता। नशे के खिलाफ लड़ाई का उद्देश्य समाज को बचाना होना चाहिए, न कि राजनीतिक बदले की भावना से किसी को फंसाना। कई बार देखा गया है कि चर्चा में आने के लिए निर्दोष लोगों को भी इस धंधे में घसीट दिया जाता है, जिससे उनका भविष्य बर्बाद हो जाता है। कानून के तहत कार्रवाई करने का अधिकार केवल पुलिस को है और वह अपना कार्य कर भी रही है। यदि पूर्व की सरकारों ने समय रहते नशे के कारोबार पर सख्ती की होती, तो आज यह समस्या इतनी भयावह न होती। आज स्थिति यह है कि लगभग हर गांव में 10-20 युवा नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं। नशा बेचने और खरीदने वाले ही समाज के असली दुश्मन हैं, जिनकी पहचान उजागर करने में परिवारों और समाज को भी कानून का साथ देना होगा, न कि कानून हाथ में लेना होगा।



**समारोह** लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने नवाजे सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल कुठेरन के मेधावी, बोले-

# अनुशासन और संस्कारों को बनाएं अपने जीवन का आधार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपमंडल के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय कुठेरन (जेजवीं) में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर मुख्यातिथि, विद्या भारती उत्तर क्षेत्र मंत्री चंद्रहास मुख्य वक्ता तथा झंडूता विधायक जीतराम कटवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा विद्यालय में 5.50 लाख रुपए की लागत से निर्मित नए भवन का उद्घाटन भी किया गया। मुख्यातिथि अनुराग सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और संस्कार को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया तथा मोबाइल और नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की क्षमता को पहचान कर उन्हें नैतिक समर्थन देने की अपील की। वहीं, विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि विद्या भारती की शिक्षा पद्धति ज्ञान के साथ संस्कार और चरित्र निर्माण पर आधारित है, जिससे विद्यार्थी जिम्मेदार नागरिक बनते हैं। उन्होंने कहा कि पिछड़े क्षेत्रों में विद्यालयों की स्थापना विद्या भारती की सेवा भावना को दर्शाती है। मुख्य वक्ता चंद्रहास ने विद्या भारती की पंचमुखी शिक्षा प्रणाली पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्था देशभर में हजारों शिक्षण संस्थानों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रही है।


सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय कुठेरन के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में छात्राओं को सम्मानित करते सांसद अनुराग सिंह ठाकुर।

## न्यूज ब्रीफ

### भरमौर में राशनकार्डधारकों के लिए अग्रिम खाद्यान्न राहत

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर जनजातीय क्षेत्र के राशन कार्ड धारकों के लिए राहत की खबर है। विकासखंड भरमौर में नवंबर 2025 से मार्च 2026 तक खाद्यान्न और आवश्यक वस्तुओं का अग्रिम कोटा आवंटित कर दिया गया है। हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के थोक गोदाम भरमौर खडामुख और होली से क्षेत्र की 67 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से उपभोक्ताओं को ये वस्तुएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस बार कुल 9,911 क्विंटल गेहूं आटा, 6,538 क्विंटल चावल, 375 क्विंटल चीनी, 484 क्विंटल दालें, 88,964 लीटर खाद्य तेल और 210 क्विंटल नमक वितरण के लिए आवंटित किया गया है। वर्तमान में थोक गोदामों में 600 क्विंटल दालें पहुंच चुकी हैं और शेष सामग्री भी शीघ्र उपलब्ध करवाई जाएगी। जिला नियंत्रक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, चंबा ने क्षेत्र के सभी राशनकार्डधारकों से आग्रह किया है कि वे समय पर अपनी उचित मूल्य की दुकानों से निर्धारित मात्रा में आवश्यक वस्तुएं प्राप्त करें, ताकि सर्दियों में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** तेज रफ्तार के कारण सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत और एक गंभीर घायल हो गया। पुलिस थाना सदर में शिकायतकर्ता मनीष कुमार के बयान पर वीरेंद्र कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में हादसे का मुख्य कारण चालक की लापरवाही और अत्यधिक गति बताया गया है। पुलिस ने नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी है और अन्वेषण जारी है।

### सुंदरनगर में पेयजल संकट गहराया

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर शहरवासियों को सर्दियों के मौसम में भी गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड़ेगा। जल शक्ति विभाग ने कम विद्युत वोल्टेज की समस्या के चलते शहर में पानी की आपूर्ति घटाकर दिन में केवल एक बार करने का निर्णय लिया है। इस कदम से आम जनता में रोष और चिंता बढ़ गई है। जल शक्ति उपमंडल सुंदरनगर के अंतर्गत संचालित उठाऊ पेयजल योजनाओं के पम्पगृहों में लंबे समय से कम वोल्टेज की समस्या बनी हुई है, जिससे पंपिंग मशीनरी सुचारू रूप से कार्य नहीं कर पा रही। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस स्थिति में मोटरें और पम्प क्षतिग्रस्त होने का खतरा बना रहता है। सहायक अभियंता दिनेश कुमार ने बताया कि तकनीकी समस्या और संसाधनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह अस्थायी व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने कहा कि जब तक वोल्टेज समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक प्रातःकाल केवल एक बार ही जल आपूर्ति की जाएगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने की अपील की है।

### मनरेगा से छेड़छाड़ मोदी सरकार की साजिशः चौहान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव राकेश चौहान ने मनरेगा को कमजोर किए जाने के प्रयासों को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मनरेगा से की जा रही छेड़छाड़ एक सोची-समझी साजिश है, जिसका सीधा असर हिमाचल प्रदेश के 10 लाख से अधिक लोगों के रोजगार पर पड़ेगा। चौहान ने कहा कि यूपीए सरकार ने वर्ष 2005 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना को लागू कर ग्रामीण गरीबों को घर-द्वार पर रोजगार देने का ऐतिहासिक कदम उठाया था। यह योजना न केवल रोजगार बल्कि ग्रामीण विकास की रीढ़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार, जो खुद को गरीबों की हितैषी बताती है, आज इस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराही गई योजना को कमजोर कर रही है और इसके मूल स्वरूप से छेड़छाड़ कर रही है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

### 1971 में आजाद कराने वाले भारत को आज बांग्लादेश से धमकियां: पूर्व सैनिक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** 1971 में बांग्लादेश की आजादी में निर्णायक भूमिका निभाने वाले भारत को आज उसी देश से धमकियां मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह बात संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन हिमाचल प्रदेश के पदाधिकारियों ने कही। संगठन के चेयरमैन सेवानिवृत्त कैप्टन जगदीश वर्मा ने बताया कि युद्ध के दौरान भारत ने एक करोड़ शरणार्थियों की जिम्मेदारी उठाई और 3900 सैनिकों ने बलिदान दिया। इसके बावजूद आज बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और भारत विरोधी स्वर चिंताजनक हैं। पूर्व सैनिकों ने केंद्र सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग की है।

# परोल-भियोरा संपर्क मार्ग का 90 लाख रुपए से होगा निर्माण

## विधानसभा अध्यक्ष ने किया शिलान्यास, क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई गति

**अनंत ज्ञान, चंबा (चुवाड़ी)**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने शनिवार को भटियात विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोला में परोल-भियोरा संपर्क मार्ग के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों में विशेष उत्साह देखा गया।

इस अवसर पर पठानिया ने कहा कि परोल-भियोरा संपर्क मार्ग के निर्माण पर लगभग 90 लाख रुपए की धनराशि व्यय की जाएगी। यह सड़क लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांग रही है और इसके निर्माण से परोल, भियोरा सहित आसपास के गांवों को सुगम एवं सुरक्षित सड़क सुविधा उपलब्ध होगी। इससे न केवल लोगों के आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य तथा आपातकालीन सेवाओं तक पहुंच भी आसान होगी।

उन्होंने कहा कि परोल-भियोरा संपर्क मार्ग को मोतला-काथला संपर्क मार्ग तक विस्तारित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने संपर्क मार्ग को विस्तार देने के लिए विभागीय अधिकारियों को भियोरा नाला पर लोहे के पुल निर्माण को लेकर प्राक्कलन तैयार करने के भी निर्देश दिए। पठानिया ने लोगों को आश्वस्त किया कि सड़क निर्माण कार्य को गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तथा निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को कार्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर स्थानीय लोगों की मांग पर विधानसभा अध्यक्ष ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पदर-तला संपर्क मार्ग के सर्वेक्षण कार्य को शीघ्र आरंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सड़कों का सुदृढ़ नेटवर्क अत्यंत आवश्यक है और इस दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने क्षेत्रवासियों की विभिन्न समस्याओं को भी सुना और अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर राज्य वन निगम के सदस्य निदेशक मंडल चेला कृष्ण चंद, उपमंडल दंडाधिकारी नागरिक (एसडीएम) पारस अग्रवाल, उप-पुलिस अधीक्षक शेर सिंह, वन मंडल अधिकारी रजनीश कुमार, उपनिदेशक उच्च शिक्षा विकास महाजन, खंड विकास अधिकारी अनिल गुराड़ा, अधिशाषी अभियंता राकेश ठाकुर, पंकज राठौर, नरेंद्र चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



परोल-भियोरा संपर्क मार्ग का शिलान्यास करते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया।

# चंबा कॉलेज के स्टूडेंट्स ने पर्यटन से सीखी अर्थव्यवस्था



शैक्षिक भ्रमण करने वाले चंबा कॉलेज के विद्यार्थी सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय महाविद्यालय चंबा के राजनीति शास्त्र विभाग के छात्रों ने पोहलानी माता और खज्जियार का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन की व्यवहारिक जानकारी देना तथा हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन के योगदान को समझाना था।

इस शैक्षिक भ्रमण में बीए तृतीय वर्ष के जेनरिक राजनीति शास्त्र के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने पोहलानी माता मंदिर और खज्जियार जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों का अध्ययन किया और जाना कि किस प्रकार धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सौंदर्य राज्य की आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मदन गुलेरिया ने इस गतिविधि के आयोजन के लिए राजनीति शास्त्र विभाग को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी ऐसी शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की बात कही। विभागाध्यक्ष प्रो. केवल कृष्ण ने कहा कि केवल किताबी ज्ञान से छात्रों का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है, इसलिए पाठ्यक्रम से जुड़े व्यावहारिक अनुभव भी आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि विभाग पहले भी इस तरह की गतिविधियों को बढ़ावा देता रहा है और आगे भी देता रहेगा। इस भ्रमण में कुल 50 छात्रों ने भाग लिया। राजनीति शास्त्र विभाग से प्रो. अंकिता धवन और इतिहास विभाग से प्रो. मणिराज सिंह ने पूरे भ्रमण के दौरान छात्रों का मार्गदर्शन किया।

### चंबा बाजार में अतिक्रमण पर व्यापार मंडल और प्रशासन के बीच बनी सहमति

# बिना सूचना नहीं टूटेगी कोई दुकान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा बाजार में नगर निगम द्वारा दुकानों के थड़े व आगे के हिस्से हटाए जाने को लेकर उत्पन्न स्थिति के बीच जिला व्यापार मंडल चंबा ने उपायुक्त महोदय से प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से विस्तृत चर्चा की। बैठक में व्यापारियों की आशंकाओं और समस्याओं को गंभीरता से सुना गया।

उपायुक्त महोदय ने व्यापार मंडल को आश्वस्त किया कि बाजार क्षेत्र में केवल उन्हीं स्थानों से अतिक्रमण हटाया जाएगा, जहां सड़कों पर वास्तविक रूप से अवैध कब्जा पाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम को निर्देश दिए जाएंगे कि व्यापार मंडल के साथ संयुक्त निरीक्षण कर अतिक्रमण की स्पष्ट पहचान की जाए।

उपायुक्त महोदय ने यह भी स्पष्ट किया कि केवल चिन्हित अतिक्रमण को ही नियमानुसार हटाया जाएगा तथा बिना पूर्व सूचना के किसी भी दुकान को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। प्रशासन की इस सकारात्मक और संवेदनशील पहल से व्यापारियों में राहत का माहौल है।

जिला व्यापार मंडल, चंबा ने उपायुक्त महोदय के सहयोगात्मक रुख, संतुलित निर्णय और व्यापारियों की भावनाओं को समझने के लिए उनका आभार व्यक्त किया है। साथ ही, सभी व्यापारियों से अपील की गई है कि वे स्वेच्छा से दुकानों के बाहर सड़क पर किए गए अतिक्रमण को हटा लें और प्रशासन व व्यापार मंडल का सहयोग करें, ताकि किसी भी प्रकार की अनावश्यक कार्रवाई से बचा जा सके। यह पहल चंबा बाजार में व्यवस्था सुधार और व्यापारी-प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### भरमौर में राशन कार्डधारकों को राहत

# नवंबर से मार्च तक होगा 9,911 क्विंटल खाद्यान्न वितरण

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर जनजातीय क्षेत्र के राशन कार्डधारकों के लिए राहत भरी खबर है। विकासखंड भरमौर में नवंबर 2025 से मार्च 2026 तक के लिए आवश्यक खाद्यान्नों का अग्रिम कोटा आवंटित कर दिया गया है। हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के थोक गोदाम भरमौर खडामुख और होली से क्षेत्र की 67 उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से उपभोक्ताओं को गेहूं-आटा, चावल, दालें, चीनी, खाद्य तेल और नमक जैसी आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। कुल वितरण मात्रा में 9,911.16 क्विंटल गेहूं आटा, 6,538.84 क्विंटल चावल, 484 क्विंटल दालें, 375.52 क्विंटल चीनी, 88,964 लीटर तेल और 210 क्विंटल नमक शामिल हैं।

जिला नियंत्रक खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले चम्बा ने राशन कार्डधारकों से समय पर अपनी दुकानों से आवश्यक वस्तुएं लेने का आग्रह किया है, ताकि सर्दियों में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# प्रेमी के 'रुत संगडोनी' ने दिलों में जगाई विरह की भावनाएं

**अनंत ज्ञान, चंबा**



हिमाचल के प्रख्यात लोकगायक केएस प्रेमी ने चंबयाली लोकगीत 'रुत संगडोनी हो चली आईं मेरेया प्यारुआ' की नई प्रस्तुति मंगलवार को जारी की। गीत में नारी मन की विरह वेदना और मिलन की आकांक्षा को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

फीमेल मॉडल रितिका ठाकुर ने प्रस्तुति दी, जबकि संगीत सुरिंदर नेगी ने तैयार किया। संपादन और संगीत संयोजन दुर्गेश कुकरेजा ने किया और वीडियोग्राफी अनूप आर्या ने संभाली।

गीत भरमौर के गद्दी समुदाय के पारंपरिक जीवन पर आधारित है, जहां सर्दियों में पुरुष भेड़-बकरियों के साथ दूर चले जाते हैं और पीछे रह गई महिलाएं अपनी भावनाओं को गीत में व्यक्त करती हैं। के. एस. प्रेमी ने ढोलक, नगाड़ा और कंसी का समन्वय कर प्रस्तुति को कर्णप्रिय बनाया।

विशेषज्ञों के अनुसार, यह प्रस्तुति श्रोताओं के लिए आकर्षक होने के साथ-साथ चम्बयाली लोक संस्कृति को जीवित रखने में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है।

## संचुई में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर किया निपटारा



**अनंत ज्ञान, भरमौर।** भरमौर उपमंडल की संचुई पंचायत में प्रशासन गांव की ओर अभियान और सुशासन सप्ताह के तहत मंगलवार को शिविर आयोजित किया गया। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी केशव राम कोहली की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में आमजन की समस्याओं को सुना गया और मौके पर कई शिकायतों का निराकरण किया गया। एडीएम ने बताया कि अधिकांश समस्याएं सड़क और पानी से संबंधित थीं, जिनका समाधान अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनहित और जनसहयोग को ध्यान में रखते हुए घर-द्वार पर समस्याओं का निपटारा कर रहा है। शिविर के दौरान पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# चंबा के मनुज शर्मा बने एचपीसीए सचिव, शहर में उत्साह का माहौल

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा के युवा रणजी खिलाड़ी मनुज शर्मा को हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) का सचिव नियुक्त किया गया है। चंबा पहुंचने पर स्थानीय युवाओं, खेल प्रेमियों और वरिष्ठ नागरिकों ने उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

इस अवसर पर चुराह के विधायक एवं पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. हंसराज ने मनुज शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि यह नियुक्ति न सिर्फ उनके लिए गर्व की बात है, बल्कि चंबा का नाम प्रदेश स्तर पर और रोशन करेगी। डॉ. हंसराज ने क्रिकेट को नई पहचान दिलाने में अनुराग ठाकुर के योगदान को भी सराहा।

मनुज शर्मा ने एचपीसीए का तहेदिल से धन्यवाद किया और कहा कि एसोसिएशन द्वारा जताए गए विश्वास को ईमानदारी और समर्पण से निभाएंगे। उन्होंने चंबा और हिमाचल के क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प भी व्यक्त किया।

इस नियुक्ति से चंबा और पूरे जिले के युवाओं में खेल के प्रति उत्साह और प्रेरणा बढ़ी है, और जिले का खेल क्षेत्र में प्रतिनिधित्व और मजबूत हुआ है।



## सीएसटी डलहौजी को उच्च शिक्षा परिसर बनाने की पहल का स्वागत: मनीष सरीन

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** सीएसटी डलहौजी में घटती छात्र संख्या के मद्देनजर इसे क्षेत्रीय उच्च शिक्षा परिसर के रूप में पुन: उपयोग किए जाने की पहल पर कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता मनीष सरीन ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त किया है। मनीष सरीन ने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा इस प्रस्ताव को शिक्षा सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार को परीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रेषित किया जाना डलहौजी और चंबा जिले के लिए एक अत्यंत सकारात्मक संकेत है।



यह कदम दर्शाता है कि राज्य सरकार दुर्गम एवं पर्वतीय क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के विस्तार को लेकर गंभीर है। उन्होंने आगे कहा कि सीएसटी डलहौजी में उपलब्ध भवन, छात्रावास, प्रयोगशालाएं और खेल सुविधाएं यदि पुन: प्रभावी रूप से उपयोग में लाई जाती हैं, तो इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे। साथ ही इससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को मजबूती मिलेगी। मनीष सरीन ने आशा व्यक्त की कि यह पहल शीघ्र ही धरातल पर उतरेगी और डलहौजी व आसपास के क्षेत्रों के भविष्य को नई दिशा देगी।

# चंबा में 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान की हुई समीक्षा बैठक

**अनंत ज्ञान, चंबा**

सुशासन सप्ताह के तहत जिला मुख्यालय चंबा में 'प्रशासन गाँव की ओर' अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध और प्रभावी निवारण, विभागीय सेवाओं की प्रगति और अभियान अवधि में किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि सुशासन सप्ताह की अवधि के दौरान अधिकतम शिकायतों का निस्तारण कर उन्हें क्लोज किया जाए, ताकि प्रशासन-जनता के बीच विश्वास और सुशासन की प्रक्रिया को गति मिल सके। विशेष रूप से वन विभाग से संबंधित पांगी और चंबा क्षेत्र की लंबित शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाने के आदेश दिए गए।

बैठक में पंचायती राज, शहरी विकास, महिला-बाल विकास, जल शक्ति, लोक निर्माण, विद्युत बोर्ड, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत सभी संबंधित विभागों के अधिकारी

### उपायुक्त ने दिए समयबद्ध निवारण के निर्देश

उपस्थित रहे। उपायुक्त ने भौतिक शिकायतों को सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर अपलोड करने और प्रतिदिन समीक्षा करने पर भी जोर दिया, ताकि लंबित मामलों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर अधिकारियों को आपसी समन्वय, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ काम करने का निर्देश दिया गया, ताकि सुशासन के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके।

**व अदालत श्री सुभाष ठाकुर अदालत भू-सुधार अधिकारी, एवम तहसीलदार, तहसील बल्ह स्थित नेरचौक, जिला मण्डी (हि.प्र.)**
मिसल नम्बर- 49/2022
तारीख मरजुआ- 23-12-2022
तारीख पेशी- 17-01-2026
(1) प्रभू राम-(2) शिव लाल (3) बृज लाल उर्फ कर्म चन्द, (4) बालक राम पुत्रगण इन्द्रू, निवासी गांव मन्दर, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश)।
.....प्रार्थीगण
**बनाम**
(1) सुरजू विध्वा डागू उर्फ डिडू पुत्र खन्ना, निवासी गांव / मुहाल मन्दर, तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश)।
....प्रत्यार्थी
**दरुस्ती माल प्रकरण पेशी में हाजिर होने बारे ईश्तहार समाचार पत्र / मुस्त्री मुन्यादी पत्र।**
यह दावा आवेदकगण (1) प्रभू राम- (2) शिव लाल (3) बृज लाल उर्फ कर्म चन्द, (4) बालक राम पुत्रगण इन्द्रू, निवासी गावं मन्दर तहसील बल्ह, जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश) ने इस न्यायालय में भू-सुधार अधिनियम के तहत गैर मरुसीयान के मुताविक मालिक दर्ज करने हेतू भूमि खाता / खतौनी नम्बर 261 मिन/319 के खसरा नम्बर 14, 44 किता 2 रकवा तादादी 00-06-06 बीघा मुहाल मन्दर / 236 तहसील बल्ह, जिला मण्डी कर रखा है। मुताविक रिपोर्ट समन कुनिदा के उक्त प्रत्याथी सुरजू विध्वा डागू उर्फ डिडू, पुत्र खन्ना, निवासी गांव/मुहाल मन्दर में रिहायश नहीं करते हैं। इसलिये इस ईश्तहार समाचार पत्र व मुस्त्री मुन्यादी के माध्यम से उक्त प्रत्यार्थीगण तथा उनके सगे संबंधियों एवम आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त विषय के सम्बन्ध में किसी को कोई उजर एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन अपना उजर/एतराज बारे इस अधोहस्तारी के न्यायालय में दिनाँक 17-01-2026 को प्रातः 10:00 बजे से उससे पूर्व उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निश्चित अवधि के दौरान कोई भी उजर / एतराज न आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जावेगी। यह ईश्तहार आज दिनांक 18-12-2025 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय द्वारा जारी किया गया ।
**भू-सुधार अधिकारी एवं तहसीलदार**
**तहसील बल्ह स्थित नेरचौक,**
**जिला मण्डी (हिमाचल प्रदेश)**

**"इश्तहार अखबारी"**
न्यायालय विजय कुमार राय तहसीलदार भू व्यवस्था एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी बड़सर, तहसील बड़सर, जिला हमीरपुर हि.प्र.।
**अनुवान मुकद्दमा** :- 1. हरवन्स लाल पुत्र करम चन्द्र पुत्र शिव राम निवासी महाल लाल सिंगी 2. कमलेश कुमार पुत्र करम चंद पुत्र शिव राम निवासी महाल लाल सिंगी 3. सतपाल पुत्र करम चंद पुत्र शिव राम निवासी महाल लाल सिंगी तहसील व जिला ऊना हि.प्र.।
...वादीगण
**वनाम**
सभी निवासी प्रतिवादीगण 1. सोहन सिंह पुत्र सूरम सिंह 2. नरेन्द्र सिंह पुत्र सहिब सिंह3. हरिन्द्र सिंह पुत्र साहिब सिंह 4. श्री मति प्रोमिला देवी पुत्री साहिब सिंह 5. श्रीमति सुनीता देवी पत्नी स्व. साहिब सिंह 6. अजय कुमार पुत्र मोहन लाल 7. संजीव कुमार पुत्र मोहन लाल 8. श्री मति सुमन रानी पुत्री स्व. मोहन लाल 9. श्री मति ऊषा रानी पत्नी स्व. मोहन लाल 10. रोहित पुत्र कमल सिंह 11. रवि कुमार पुत्र कमल सिंह सभी निवासी महाल लाल सिंगी तहसील व जिला ऊना हि.प्र.।
...प्रतिवादीगण
**विषय:** - प्रार्थना पत्र दरूस्ती इन्द्राज खाता काश्त खेवट नं.1 खतोनी नं. 1920, खसरा नम्वर 1634 (1-8 कनाल)163) (27-11 कनाल) खसरा न. 1639(3-12 कनाल) इंतकाल नं. 995 दिनांक 9-08-1982 गलत इन्द्राज हो गया था जिसमें कर्मी देव पत्नी करतार चंद (एक भाग)2. सावित्री देवी 3. जानकी देवी पुत्री स्व. करतार चन्द 4. सुरिन्द्र पाल 5. जनक राज 6. सुभाष चन्द पुत्र करतार चन्द (भाग बरावर 2 भाग) श्रीमति (2 भाग) 7. श्री मति वतनी देवी पत्नी मंगल सिहं पुत्र पूर्ण सिंह (3) भाग की दरूस्ती बारे।
प्रार्थीगण ने उपरोक्त भूमि की दरूस्ती इन्द्राज खाना काश्त को इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र दायर किया है। जिसमें प्रतिवादीगण 2 ता 11 को इस न्यायालय द्वारा दावा दरूस्ती की परखी हेतू समन भेजे गये, परन्तु रिपोर्ट समन तामील कुनिन्दा से पाया कि वह इलाका से बाहर रहते हैं, जिस कारण उन्हें समन साधारण तरीके से तामील होना
असम्भव है।
अतः प्रतिवादीगण नम्वर 2 ता 11को इस इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि वह दिनांक 26-12-2025 को प्रातः 10.00 बजे केम्प कोर्ट ऊना (लाल सिंगी) जिला ऊना में असालत या बकालतन उपस्थित होकर पैरवी मुकद्दमा करें, अन्यथा उनके विरुद्ध एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर दरूस्ती स्वीकार कर ली जाएगी।
आज दिनाँक 23-12-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवम मोहर अदालत साहित जारी हुई।
**विजय कुमार राय तहसीलदार भू व्यवस्था एवं सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी बड़सर, तहसील बड़सर, जिला हमीरपुर हि.प्र.।**

**निविदा आमंत्रण बारे**
विकास खंड बालीचौकी की ग्राम पंचायतों में कूड़ा पृथक्करण (Segregation shed) स्थापित किये जाने हैं जिसके लिए कोई भी पंजीकृत फर्म /सांझेदारी / कंपनी (Segregation shed) सप्लाई व स्थापित करने हेतु निविदा /आवेदन निर्धारित निविदा दस्तावेज 500/ निविदा दस्तावेज के जमा करवाकर जो की Non Refundable होगा प्राप्त करके ग्राम पंचायतों में (Segregation shed) सप्लाई व स्थापित करने निविदा फॉर्म 02/01/26 सायं 4 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय जमा कर सकते हैं निविदा दस्तावेज जमा करने के साथ बयाना राशि 20000/ जो की डिमांड ड्राफ्ट या फिक्स डिपाजिट राशि किसी भी बैंक जो की खण्ड विकास अधिकारी विकास खंड बालीचौकी के पक्ष में गिरवी रखी होनी चाहिए जमा करनी होगी दिनांक 03/01/26 को सुबह 11 बजे खंड विकास कार्यालय में सभी निविदाओं को सभी निविदा दाताओं के समक्ष अगर वो उपस्थित होना चाहते हो तो, खोली जायेगी किसी भी प्रकार के तिथि या शुद्धिपत्र का चसपान विकास खंड के नोटिस बोर्ड पर कर दिया जाएगा विशेष संचार किसी भी निविदा दाता से नहीं किया जाएगा
**खंड विकास अधिकारी,**
**विकास खंड बालीचौकी**

### सख्ती | नशा मुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक में उपायुक्त बोले-

# चंबा में नशा तस्करों पर कसेगी नकेल

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा जिला मुख्यालय में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में नशा मुक्त भारत अभियान एवं जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में नशा तस्करी पर प्रभावी रोक, संभावित ड्रग हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान, विभागीय समन्वय और आगामी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई।



नशा मुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक की अध्क्षता करते उपायुक्त।

उपायुक्त ने विशेष रूप से डलहौजी, खज्जियार सहित संवेदनशील पर्यटन स्थलों में निगरानी बढ़ाने, नियमित गश्त सुनिश्चित करने और खुफिया तंत्र को और मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशा समाज और युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है, जिसे खत्म करने के लिए सभी विभागों को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

उच्च शिक्षण संस्थानों में चल रहे नशा विरोधी जागरूकता अभियानों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने नशा छोड़ चुके व्यक्तियों को 'ड्रग चैंपियंस' के रूप में जोड़ने का सुझाव दिया, ताकि युवाओं को सकारात्मक प्रेरणा मिल सके।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार सकलानी ने नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए की जा रही कार्रवाई की जानकारी दी। बैठक में तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत खुली बिक्री पर रोक और अवैध शराब के मामलों की भी समीक्षा की गई।

राज्य कर एवं आबकारी विभाग ने बताया कि तीसरी तिमाही में 33 अवैध परिसरों पर छापेमारी कर 4809 लीटर अवैध शराब और 1094 लीटर लाहन जब्त की गई है।

उपायुक्त ने वन विभाग और आम जनता से अपील की कि नशा तस्करों से जुड़ी किसी भी सूचना को तुरंत पुलिस के 112 नंबर पर साझा करें। बैठक में पुलिस, आबकारी विभाग, उपमंडल अधिकारी और अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

## डलहौजी में क्रिसमस को लेकर गिरजाघरों में बढ़ी रौनक

**अजीत सिंह, अनंत ज्ञान।** डलहौजी। पर्यटन नगरी डलहौजी में क्रिसमस को लेकर यहां ईसाई समुदाय द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। इस दौरान यहां के गिरजाघरों को सजाने और अन्य गतिविधियां करने का काम इन दिनों जोरों पर है। इस दौरान डलहौजी छावनी क्षेत्र के सेंट एंडरियुस चर्च में पादरी फादर रसिन मिरोक ने बताया कि 25 तारीख प्रभु यशु मसीह का बड़ा दिन क्रिसमस का त्योहार बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान क्षेत्र के गिरजाघरों में भगवान यीशु मसीह की पूजा-अर्चना करने के साथ-साथ केक काटा जाएगा और अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। गौरतलब है कि क्रिसमस से पहले यानी 15 दिसंबर से 25 दिसंबर क्रिसमस तक कई प्रकार के आयोजन किए जा रहे हैं, जिसमे कैरोल राउंड, बोन फायर,मिड नाइट इत्यादि कार्यक्रम शामिल हैं। मंगलवार रात्रि कैंप फायर का आयोजन सेंट एंडरियुस चर्च डलहौजी कैंट में किया जाएगा और रात्रि भोज का आयोजन भी किया गया है।

# बर्फबारी न होने से खज्जियार में पर्यटन व्यवसायी निराश



फाइल फोटो

**अनंत ज्ञान, धरवाला**

विश्व विख्यात पर्यटन स्थल खज्जियार में इस दिसंबर में बर्फबारी नहीं होने से होटल और अन्य व्यवसाय से जुड़े लोग निराश हैं। घने देवदार के जंगल और खज्जी नाग झील का मनोरम नजारा आमतौर पर पर्यटकों को आकर्षित करता है, लेकिन इस बार ऊपरी पहाड़ियों पर बर्फ नहीं गिरी।

होटल व्यवसायी मनोज शर्मा का कहना है कि जुलाई-सितंबर की भारी बरसात के कारण पर्यटकों की संख्या पहले ही कम थी और क्रिसमस पर भी अपेक्षित भीड़ नहीं आई। वहीं स्थानीय व्यवसायी महेंद्र ने बताया कि पैराग्लाइडिंग लैंडिंग प्वॉइंट वाले लाहडा क्षेत्र में भी पर्यटकों की संख्या घट गई है। बर्फबारी की कमी को मुख्य कारण मानते हुए व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि आने वाले समय में मौसम अनुकूल होगा और पर्यटन फिर से लौटेगा।

**विश्व** की सर्वश्रेष्ठ कला, संगीत व साहित्य में भी कमियां देखी जा सकती हैं, लेकिन उनके यश और सौंदर्य का आनंद लेना श्रेयस्कर है।
- श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

### पढ़ाई और अनुशासन पर जोर

हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार स्कूलों में मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल उपकरणों के उपयोग को लेकर सख्त नियम लागू करने जा रही है। इस निर्णय का उद्देश्य छात्रों का ध्यान पढ़ाई की ओर केंद्रित करना और स्कूलों में अनुशासन बनाए रखना है। शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किया है कि स्कूलों में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, टैबलेट, आईपैड, हेडफोन, म्यूजिक प्लेयर, हैंड-हेड गेमिंग डिवाइस और रिकॉर्डिंग उपकरण लाने की अनुमति नहीं होगी। इसका मुख्य कारण यह है कि ये उपकरण छात्रों का ध्यान पढ़ाई से भटकाते हैं। अक्सर छात्र अपनी पढ़ाई की जगह इन उपकरणों के माध्यम से मनोरंजन में व्यस्त रहते हैं, जिससे पढ़ाई पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

अध्यापक लगातार कक्षाओं में छात्रों को पढ़ाई के महत्वपूर्ण विषय समझाने का प्रयास करते हैं, लेकिन छात्र पर्सनल डिजिटल डिवाइस में व्यस्त रहते हैं। यह स्थिति न केवल पढ़ाई में बाधा डालती है, बल्कि छात्रों में अनुशासनहीनता भी पैदा करती है। कभी-कभी शिक्षक भी मोबाइल फोन का गलत इस्तेमाल करते पाए जाते हैं, जैसे स्कूल समय में सोशल मीडिया पर रील्स बनाना। इससे शिक्षा प्रणाली पर और दबाव पड़ता है।

नए नियम पहली जनवरी, 2026 से लागू हो जाएंगे। नियम तोड़ने वाले छात्रों को स्कूल से निष्कासित किया जा सकता है। यदि कोई छात्र बार-बार नियम तोड़े, तो उस पर आर्थिक दंड भी लगाया जा सकता है। पहले भी स्कूलों में मोबाइल फोन पर निर्देश थे, लेकिन ये आदेश पहले से कहीं अधिक सख्त और स्पष्ट हैं। इसके तहत प्रधानाचार्य और मुख्य अध्यापक उल्लंघन करने वाले छात्रों पर जुर्माना भी लगा सकेंगे।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिया है कि इस मामले में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बनाई जाए। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि नियमों का पालन सही तरीके से हो। केवल गंभीर स्वास्थ्य या सुरक्षा की स्थिति में अभिभावक के लिखित अनुरोध पर प्रधानाचार्य छात्र को मोबाइल फोन लाने की अनुमति दे सकते हैं। ऐसे मामलों में मोबाइल फोन को स्कूल में निर्धारित स्थान पर जमा करना होगा और छात्र केवल अवकाश के समय कॉल कर सकेगा।

शिक्षक भी कक्षा, प्रयोगशाला, परीक्षा या किसी शैक्षणिक गतिविधि के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग नहीं कर पाएंगे। केवल शैक्षिक कार्य, डिजिटल शिक्षण सामग्री, उपस्थिति, लर्निंग ऐप और स्कूल से संबंधित आधिकारिक कार्यों के लिए ही फोन का उपयोग संभव होगा। इंटरनेट मीडिया, गेमिंग, मनोरंजन और बिना अनुमति फोटो/वीडियो रिकॉर्डिंग पूरी तरह से प्रतिबंधित होगा। इस कदम का मुख्य उद्देश्य छात्रों का ध्यान पढ़ाई की ओर केंद्रित करना और स्कूलों में सकारात्मक माहौल बनाना है। अत्यधिक तकनीकी उपकरणों का उपयोग छात्रों की एकाग्रता को प्रभावित करता है और अनुशासन बिगाड़ता है, जिससे उनकी शैक्षणिक प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से साइबर बुलिंग, सेक्सटिंग, बिना अनुमति फोटो या वीडियो रिकॉर्डिंग और डेटा प्राइवेसी के उल्लंघन जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। यह न केवल छात्रों की सुरक्षा के लिए खतरा है, बल्कि उनके मानसिक और सामाजिक विकास पर भी असर डालता है। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि स्कूलों में पढ़ाई का समय पूरी तरह पढ़ाई के लिए होना चाहिए। मनोरंजन और अन्य गतिविधियों के लिए छुट्टी का समय अलग होना चाहिए।

यह निर्णय छात्रों, शिक्षकों और स्कूल प्रशासन सभी के लिए महत्वपूर्ण है। इससे छात्रों में अनुशासन बढ़ेगा, पढ़ाई में ध्यान आएगा और शैक्षणिक परिणाम बेहतर होंगे। साथ ही, शिक्षक भी जिम्मेदारीपूर्वक अपने मोबाइल फोन का उपयोग करेंगे और छात्रों को उदाहरण के माध्यम से सही आदतें सिखाएंगे। कई देशों में स्कूल परिसरों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध या कड़े नियंत्रण लागू हैं। अध्ययन बताते हैं कि मोबाइल फोन कक्षा में ध्यान भटकने, पढ़ाई से दूरी बढ़ाने और उत्पादकता घटाने का मुख्य कारण हैं। इसलिए, हिमाचल प्रदेश में यह निर्णय छात्रों की शिक्षा और सुरक्षा दोनों के दृष्टिकोण से अत्यंत आवश्यक है। बहरहाल, यह कदम छात्रों के मानसिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास के लिए लाभकारी साबित होगा।

# प्रभु यीशु मसीह -मार्ग, सत्य और जीवन का एकमात्र द्वार

आज से 2025 वर्ष पूर्व प्रभु यीशु के जन्म के अवसर पर स्वर्ग दूत ने यह संदेश गडरिये को दिया 'मत डरो, क्योंकि देखो मैं तुम्हें बड़े आनंद का सुसमाचार सुनाता हूं, जो सब लोगों के लिए होगा कि आज दाऊद के नगर में तुम्हारे लिए एक उद्धारकर्ता जन्मा है, और यही मसीह प्रभु है।' (लूका 2 :10.11 ) प्रभु यीशु का जन्म साधारण मनुष्यों के जन्म लेने की रीति से अलग व आलौकिक था।




पास्टर सन्नी ईपन
मंडी, हिमाचल प्रदेश
मो. 98055 33100

पवित्र शास्त्र के अनुसार, यीशु मसीह का जन्म इस प्रकार से हुआ कि जब उनकी माता मरियम की मंगनी यूसुफ के साथ हो गई, तो उन के इकट्ठा होने से पहले ही वह पवित्र-आत्मा की ओर से गर्भवती पाई गई। अतः उसके पति यूसुफ ने जो धर्मी था उसे बदनाम करना नहीं चाहता था उसे चुपके से त्याग देने का विचार किया। जब वह इन बातों के सोच ही में था तो प्रभु का एक स्वर्गदूत उसे स्वप्न में दिखाई देकर कहने लगा। 'हे यूसुफ, दाऊद की संतान तू अपनी पत्नी मरियम को अपने यहां ले आने से मत डर, क्योंकि जो उसके गर्भ में है वह पवित्र आत्मा की ओर से है। वह पुत्र जनेगी और तू उसका नाम यीशु रखना, क्योंकि वह अपने लोगों का उनके पापों से उद्धार करेगा।' यह सब इसलिए हुआ कि जो वचन प्रभु ने भविष्य वक्ता के द्वारा (उनके जन्म से लगभग 700 वर्ष पूर्व) कहा था वह पूरा हो। देखो एक कुंवारी गर्भवती होगी और एक पुत्र जनेगी और उसका नाम इम्मानुएल रखा जाएगा, जिसका अर्थ है - परमेश्वर हमारे साथ। तब यूसुफ नींद से जागकर प्रभु के दूत की आज्ञा के अनुसार, अपनी पत्नी को अपने यहां ले आया और जब तक वह पुत्र न जनी तब तक उसके पास न गया और उसने उनका नाम यीशु रखा। (मती 1:18-25)

**यीशु मसीह कौन हैं?**

पवित्र शास्त्र कहती है, वह तो अदृश्य परमेश्वर का प्रतिरूप है। (कुलुस्सियों 1:15) 'वह मरे हुए व जीवितों दोनों का प्रभु है।' (रोमियों 14:9 ) 'सारी प्रधानता और अधिकार का शिरोमणि है।' (कुलुस्सियों 2:10) प्रभु यीशु स्वयं अपने बारे में बताते हैं कि तुम मुझे गुरु और प्रभु कहते हो और ठीक कहते हो, क्योंकि मैं वहीं हूं। (यूहन्ना 13:13 )

'मार्ग, सत्य और जीवन मैं ही हूं, बिना मेरे द्वारा कोई पिता के पास नहीं पहुंच सकता (यूहन्ना 14:6) 'पुनरुत्थान और जीवन मैं ही हूं जो कोई मुझ पर विश्वास करता है वह यदि मर भी जाए तो भी जीएगा (यूहन्ना 11:25)



'मैं अलग और आमेगा पहला और अंतिम आदि और अंत हूं। (प्रकाशित वाक्य 22:13) एक बार यीशु-मसीह यहूदियों से बातें करते हुए कहते हैं, 'तुम्हरा पिता अब्राहम मेरा दिन देखने की आशा से बहुत मग्न था और उसने देखा और आनंद किया, यहूदियों ने उनसे कहा, 'अब तक आप पचास वर्ष के भी नहीं हैं और आप ने अब्राहम को देखा है? (क्योंकि अब्राहम का जन्म उस समय से लगभग एक हजार वर्ष पूर्व हुआ था) यीशु ने उनसे कहा, 'मैं तुमसे सच सच कहता हूं पहले इसके की अब्राहम उत्पन्न हुआ मैं हूं।' (यूहन्ना 8:56-58) 'स्वर्ग और पृथ्वी का सारा अधिकार मुझे दिया गया है '(मती 28:18)' द्वार मैं हूं, यदि कोई मेरे द्वारा भीतर प्रवेश करे तो उद्धार पाएगा- चोर किसी काम के लिए नहीं, परंतु केवल चोरी करने और घात करने और नष्ट करने को आता है, मैं इसलिए आया की वे जीवन पाए और बहुतायत से पाए।

अच्छा चरवाह मैं हूं, अच्छा चरवाह भेड़ों के लिए अपने प्राण देता है (यूहन्ना 10:9-11) ' जगत की ज्योति मैं हूं,जो मेरे पीछे हो लेगा वह अंधकार में न चलेगा, परंतु जीवन की ज्योति पाएगा। (यूहन्ना 8:12) 'तुम नीचे के हो, मैं ऊपर का हूं, तुम संसार के हो, मैं संसार का नहीं इसलिए मैंने तुमसे कहा की तुम अपने पापों में मरोगे, क्योंकि यदि तुम विश्वास न करोगे कि मैं वही हूं तो अपने पापों में मरोगे। उन्होंने उससे कहा, 'आप कौन हैं?' यीशु ने उनसे कहा, 'वहीं हूं जो प्रारंभ से कहता आया हूं। ( यूहन्ना 8 : 23-25) । सत्य मैं ही हूं। ( यूहन्ना 14 : 6)

बाइबल पवित्र शास्त्र यह सिखाती है कि यीशु मसीह ही सत्य, मार्ग और जीवन हैं। प्रभु यीशु कहते हैं, 'तुम सत्य को जानोगे और सत्य तुम्हें स्वतंत्र करेगा।' शास्त्र के अनुसार, संसार में हर मनुष्य ने पाप किया है और परमेश्वर की महिमा से रहित हो गया है। पाप के कारण मानव जाति दंड और मृत्यु के अधीन थी, इसलिए परमेश्वर ने अपने एकलौते पुत्र यीशु मसीह को संसार में भेजा।

प्रेरित पौलुस लिखते हैं कि यह बात सच है कि मसीह यीशु पापियों का उद्धार करने के लिए, जगत में आए। प्रभु यीशु स्वयं कहते हैं कि वे भले चंगों के लिए नहीं, बल्कि बीमारों के लिए आए हैं, और वे धर्मियों को नहीं, बल्कि पापियों को मन फिराने के लिए बुलाने आए हैं। बाइबल बताती है कि यदि हम अपने पापों को मान लें, तो परमेश्वर विश्वास योग्य और धर्मी है, जो हमें क्षमा करता है और सब अधर्म से शुद्ध करता है। यीशु मसीह ने क्रूस पर अपने प्राणों का बलिदान देकर हमारे पापों का प्रायश्चित किया और तीसरे दिन मृतकों में से जी उठे। उद्धार पाने के लिए किसी अन्य बलिदान की आवश्यकता नहीं है। उद्धार पाने के लिए बाइबल कहती है कि यदि हम यीशु को प्रभु मानकर विश्वास करें, तो हम निश्चय ही उद्धार पाएंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिमाचल का आर्थिक संकट : क्या केंद्र शासित प्रदेश है समाधान?

हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति पिछले कुछ वर्षों से लगातार दबाव में है। सीमित राजस्व स्रोत, बढ़ता कर्ज, वेतन-पेंशन का भारी बोझ और सरकारों के आपसी आरोप-प्रत्यारोपों की राजनीति ने विकास की रफ्तार धीमी कर दी है। राज्य सरकार के पास स्वयं के आय-स्रोत सीमित हैं, जिसके कारण वह लगभग हर विकास योजना के लिए केंद्र पर निर्भर रहती है।



शिशु गुप्ता
राजनीतिक विश्लेषक, चंबा

राज्य में जब भी वित्तीय संकट गहराता है, तो इसका सबसे आसान राजनीतिक समाधान केंद्र सरकार पर दोषारोपण बन जाता है, लेकिन इसका वास्तविक नुकसान प्रदेश की जनता को खराब सड़कें, कमजोर स्वास्थ्य सेवाएं, बाधित शिक्षा व्यवस्था और सुस्त प्रशासन के रूप में उठाना पड़ता है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हाल ही में अपने हिमाचल दौरे के दौरान यह तथ्य उजागर किया कि केंद्र सरकार हिमाचल को अब तक लगभग 3,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि आवंटित कर चुकी है, लेकिन इस धन का उपयोग न तो सही दिशा में हुआ और न ही इसका प्रभाव जनता तक पहुंचा।

इसके बावजूद प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बार-बार यह दावा करते रहते हैं कि केंद्र से कोई राहत नहीं मिली।

यह विरोधाभास केवल राजनीतिक बयानबाजी नहीं है, बल्कि प्रशासनिक नीयत, वित्तीय अनुशासन और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

हिमाचल प्रदेश की आय का मुख्य आधार पर्यटन है, जो पूरी तरह मौसम और परिस्थितियों पर निर्भर करता है। उद्योग सीमित हैं, कृषि जोतें छोटी हैं और सरकारी खर्च का बड़ा हिस्सा वेतन-पेंशन में चला जाता है। लगातार कर्ज लेने की प्रवृत्ति ने वित्तीय ढांचे को कमजोर कर दिया है। प्रशासनिक स्तर पर कई विभाग स्टाफ की कमी, संसाधनों की कमी और राजनीतिक हस्तक्षेप से जूझ रहे हैं, जिससे योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन संभव नहीं हो पाता।





ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या हिमाचल प्रदेश को कुछ समय के लिए 'केंद्र शासित प्रदेश' का दर्जा देना, आर्थिक और प्रशासनिक पुनर्जीवन का व्यावहारिक विकल्प हो सकता है। यदि ऐसा किया जाए, तो प्रशासन सीधे केंद्र के अधीन होगा, निर्णय प्रक्रिया में तेजी आएगी और योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सकेगा। केंद्र सरकार विशेष आर्थिक पैकेज देकर कर्ज का बोझ कम कर सकती है और स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और परिवहन जैसी बुनियादी सुविधाओं में त्वरित सुधार संभव है।

3-5 वर्षों की 'पुनर्जीवन अवधि' में आर्थिक ढांचे को मजबूत कर, प्रशासनिक सुधार लागू कर और राजस्व मॉडल स्थिर किया जा सकता है। इसके बाद राज्य को पुनः पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जा सकता है। यह निर्णय किसी भावनात्मक नारे पर नहीं, बल्कि जनता की इच्छा, विकास और प्रशासनिक जवाबदेही पर आधारित होना चाहिए। हिमाचल की जनता, बुद्धिजीवी और सभी राजनीतिक दलों के बीच इस विषय पर खुली और ईमानदार बहस बेहद आवश्यक है।

वास्तव में, हिमाचल की चुनौतियां लगातार बढ़ती ही जा रही हैं। जब केंद्र से मिलने वाले संसाधनों का सही उपयोग न हो, प्रशासनिक क्षमता दबाव में हो और राजनीति विकास में बाधा बने, तब साहसिक और व्यावहारिक विकल्पों पर विचार करना समय की मांग बन जाता है। केंद्र शासित प्रदेश का विचार केवल कोई भावनात्मक नारा नहीं, बल्कि आर्थिक पुनर्जीवन और प्रशासनिक जवाबदेही से जुड़ा गंभीर विमर्श हो सकता है। अंततः वही निर्णय सही होगा, जिसे हिमाचल की जनता अपने भविष्य के लिए सबसे उपयुक्त माने।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# संतुलित-सफल जीवन के लिए धैर्य, त्याग, सहयोग और आध्यत्मिकता जरूरी

हमारा व्यवहार व कार्य हमारी पहचान है। यह केवल कहावत नहीं जिंदगी जीने की शानदार कला है। तात्पर्य, समाज में किसी की पहचान वैसी ही बनेगी, जैसे वह व्यवहार करता है।



योगिन्द्र पाल वालिया
डडौर (नेरचौक), जिला मंडी
मो. 94591-35322

भारतीय संस्कृति का हरेक कदम यही सिखाता है कि मनुष्य एक-दूसरे की भावनाओं का आदर सम्मान करे। विविधता में एकता, केवल नारा नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण हकीकत है। चारों शब्दों को जीवन में आत्मसात करने से एकता का संतुलन मिलता है।

धैर्य वह शक्ति है, जो कभी भी किसी को गिरने व पिछड़ने नहीं देती। धैर्य खो देने से झगड़े जैसा वातावरण बन जाता है। ऐसी स्थिति मन की एकाग्रता को विचलित करते हुए, मन में अस्थिरता व बेचैनी के भाव पैदा करती है। सोचने समझने की शक्ति प्रभावित होती है, जिससे मनुष्य की कार्य कुशलता में गतिरोध बना रहता है। कष्ट जब आए, धैर्य से सहन करना जरूरी है। अर्थ यह नहीं की कष्ट सहते रहना, बल्कि उतावलेपन के बदले परिस्थिति को पहचान कर निर्णय लेना।

त्याग और सहयोग ऐसी शक्तियां है, जिन्हें अपनाने वाला मनुष्य समस्याओं से दूर रहकर सुखचैन की सांस लेता है। विघटन की दीवारों से बचने के लिए जरूरी है, 'यह दोनों शब्द' जिनसे प्रेम झलकता है, जो विनम्र स्वभाव की तरफ ले जाता है। जहां त्याग होता है, वहां झगड़ा नहीं होता और जहां सहयोग होता है, वहां प्रेम की ताकत मिलती है। त्याग का अर्थ वैराग्य शब्द नहीं, बल्कि स्वीकार शब्द से देखने की जरूरत है। सहयोग ऐसा मानवीय गुण है, जिससे भाईचारा बढ़ता है। एक जुटता आती है। आध्यात्मिकता अपनाने वाला मनुष्य ज्ञान अर्जित कर अपने जीवन में शांति का भाव ले आता है। यही शांति की शक्ति 'धैर्य, त्याग, सहयोग' सिखाती है। जुड़ने का अर्थ यह नहीं कि समस्त कार्यों को छोड़कर मनुष्य हर समय आध्यात्मिक बना रहे। जैसे शरीर संचालन के लिए भोजन की जरूरत है, वैसे शांत मन के लिए भी आध्यात्मिक भोजन जरूरी है।



भारतीय संस्कृति व परंपराएं आपसी प्रेम और सम्मान करना सिखाती है। नफरत के लिए कोई स्थान रिक्त नहीं रखा गया है। विविधता में एकता का सूत्र यही संदेश देता है। मर्यादित व्यवहार वह संस्कारी धागा है, जो परेशानी रहित सभी को आपस में जोड़े रखता है।

'अतिथि देवो भवः' की भावना तभी साकार होती है, जब मन का हर कोना शांत और संतुलित हो। आपसी अभद्र व्यवहार न केवल स्वयं को, बल्कि दूसरों को भी संकट में डालता है और मन में कटुता भर देता है। धैर्य, त्याग, सहयोग और आध्यात्मिकता जैसे शब्द केवल उच्चारण या समझने के लिए नहीं, बल्कि व्यवहार में उतारने और आत्मसात करने से सार्थक होते हैं। ये सभी गुण एक-दूसरे के पूरक हैं। जब मनुष्य अपने आचरण में मर्यादा का पालन करता है, तो उसकी आधी से अधिक समस्याएं स्वतः समाप्त हो जाती हैं।

धार्मिक ग्रंथों में कर्म को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। कर्म करते समय धैर्य, त्याग और सहयोग को अपनाने से विनम्रता, अनुशासन, ईमानदारी और सकारात्मकता जैसे गुण स्वतः विकसित होते हैं। गीता में भगवान कृष्ण का कथन-'कर्म कर, फल की इच्छा छोड़'-जीवन का श्रेष्ठ सूत्र है। आज संयुक्त परिवारों का विघटन और एकाकी जीवनशैली बढ़ रही है, ऐसे में बच्चों को सही दिशा देना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

सकारात्मक सोच जीवन को सही मार्ग दिखाती है, जबकि 'मैं और मेरा' का अहंकार टकराव को जन्म देता है। कौरव-पांडव संघर्ष इसका सशक्त उदाहरण है। यदि प्रत्येक व्यक्ति शब्दों के वास्तविक अर्थ को अपनाए, तो जीवन, परिवार और समाज सभी संतुलित व सुखद बन सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# शरीफ उस्मान हादी की हत्या और बांग्लादेश का राजनीतिक संकट

बांग्लादेश एक बार फिर भीषण हिंसा और राजनीतिक अराजकता की चपेट में आ गया है। जुलाई 2024 में शेख हसीना की सरकार के गिराए जाने के लगभग डेढ़ वर्ष बाद राजधानी ढाका की सड़कों पर एक बार फिर उग्र भीड़ का कब्जा दिखाई दे रहा है।



रतन नेगी
स्वतंत्र लेखक

लूटपाट, आगजनी और हत्या की घटनाएं यह संकेत दे रही हैं कि देश एक बार फिर गंभीर अस्थिरता के दौर में प्रवेश कर चुका है। हालिया हिंसा की पृष्ठभूमि में बांग्लादेश के युवा और प्रभावशाली नेता शरीफ उस्मान हादी की गोली मारकर की गई हत्या एक प्रमुख कारण बनकर सामने आई है, जिससे पूरे देश में भारी आक्रोश है। गुस्साई भीड़ ने हिंसक प्रदर्शन करते हुए देश के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित अखबार-डेली स्टार और प्रोथोम आलो के कार्यालयों में जबरन घुसकर तोड़फोड़ और आगजनी की। इसके साथ ही बांग्लादेश की नींव रखने वाले राष्ट्रपिता शेख मुजीबुर रहमान के आवास तथा पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग के कार्यालय को भी आग के हवाले कर दिया गया।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इस हत्या से भड़की हिंसा का असर अल्पसंख्यक समुदाय पर भी पड़ा है। उग्र भीड़ ने इस्लाम और पैगंबर मोहम्मद के अपमान के आरोप में एक हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या कर दी। इस घटना ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अतीत में भी राजनीतिक उथल-पुथल के दौर में अल्पसंख्यक समुदाय हिंसा का शिकार होता रहा है।

हिंसक भीड़ द्वारा भारतीय उच्चायोग के घेराव और प्रदर्शन ने स्थिति को और संवेदनशील बना दिया। वर्तमान में सत्ता संभाल रही अंतरिम सरकार की भूमिका भी गंभीर सवालों के घेरे में है। अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस हालात पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में असमर्थ दिखाई दे रहे हैं। अब तक सरकार की प्रतिक्रिया बयानों, गिरफ्तारियों और औपचारिक कार्रवाई तक सीमित रही है। सरकार की ओर से केवल इतना कहा गया कि हिंसा, धमकी, आगजनी और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं की निंदा की जाती है तथा 'नए बांग्लादेश' में इस तरह की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। यूनुस का दावा है कि कट्टरपंथी ताकतें देश को अस्थिर करना चाहती हैं, जबकि फरवरी 2026 में प्रस्तावित आम चुनाव को निष्पक्ष,



स्वतंत्र और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना अंतरिम सरकार का सबसे बड़ा दायित्व है। ऐसे समय में इस प्रकार की व्यापक हिंसा यह आशंका पैदा करती है कि कहीं इसके पीछे चुनावी प्रक्रिया को टालने या प्रभावित करने की मंशा तो नहीं है।

बांग्लादेश इस समय गंभीर राजनीतिक अस्थिरता में है। 'इंकलाब मंच' के नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। युवाओं में लोकप्रिय हादी को फरवरी 2026 के चुनावों में मजबूत स्वतंत्र उम्मीदवार माना जा रहा था। शेख हसीना के सत्ता से हटने और भारत में संरक्षण मिलने की धारणा ने भारत-विरोधी भावनाओं को बढ़ावा दिया है। प्रतिबंधित आवामी लीग के बड़े वोट बैंक के कारण राजनीतिक शून्य का लाभ जमात-ए-इस्लामी को मिलने की आशंका है। बीएनपी के तारिक रहमान की संभावित वापसी और बढ़ती हिंसा चुनावी माहौल को जटिल बना रही है। भारत-बांग्लादेश संबंध दबाव में हैं, लेकिन अफवाहों को भारत ने खारिज किया है। शांतिपूर्ण चुनाव और स्थिर संबंध बांग्लादेश के लिए जरूरी हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## आज की प्रमुख हस्ती

### आम आदमी के 'कॉमेडी हीरो'

**राजू श्रीवास्तव** (24 दिसंबर,1963-21 सितंबर, 2022) भारत के प्रमुख हास्य कलाकार और आम आदमी के जीवन पर व्यंग्य प्रस्तुत करने के लिए प्रसिद्ध थे। उन्हें 'द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज' में उनके अद्वितीय हास्य और मिमिक्री के लिए व्यापक लोकप्रियता मिली। राजू की कॉमिडी आम जीवन की छोटी-छोटी घटनाओं और समस्याओं पर आधारित थी, जिससे वे हर घर में जाने-माने नाम बन गए।



राजू श्रीवास्तव
जन्म : 24 दिसंबर,1963
मृत्यु : 21 सितंबर, 2022

राजू श्रीवास्तव का जन्म उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले के एक साधारण मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ था। उनके पिता रमेश चंद्र श्रीवास्तव एक व्यापारी थे और माता का नाम सरस्वती श्रीवास्तव था। उनके बड़े भाई का नाम दीपू श्रीवास्तव है। राजू का विवाह शिखा श्रीवास्तव से हुआ और उनके दो बच्चे हैं-पुत्र आयुष्मान श्रीवास्तव और पुत्री अंतरा श्रीवास्तव।


बचपन से ही अभिनय और हास्य में रुचि रखने वाले राजू ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई के बाद मुंबई में अपना करियर शुरू किया। यहां उन्होंने अमिताभ बच्चन की मिमिक्री और थिएटर से अभिनय की दुनिया में कदम रखा। धीरे-धीरे उन्होंने टीवी के विभिन्न कॉमेडी शो जैसे 'कॉमेडी का महाकुंभ', 'कॉमेडी सर्कस', 'शक्तिमान' और 'बिग बॉस' में काम किया।

बॉलीवुड में राजू श्रीवास्तव का करियर 1988 में फिल्म 'तेजाब' से शुरू हुआ। उन्होंने 'जनीं बॉम्बे टू गोवा', 'आमदनी अठन्नी' जैसी फिल्मों में कॉमेडियन के रूप में ख्याति अर्जित की।

राजू श्रीवास्तव ने 2014 में राजनीति में कदम रखा और शुरू में समाजवादी पार्टी के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने का प्रयास किया, लेकिन बाद में भाजपा में शामिल हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'स्वच्छ भारत अभियान' में उनके योगदान के लिए उन्हें नामांकित किया गया। 21 सितंबर, 2022 को दिल्ली के एम्स में उनका निधन हो गया।

## कविता

### पिता की वसीयत



मोहिंदर सिंह नड्डा
गांव लाटीपरी, बंजार, जिला कुल्लू

भाईयों के पक्ष में लिख दी गई है वसीयत
बाज ने कुचल दी चिड़िया
दो-चार कौओं की मौजूदगी में
भरी दिन-दुपहर को।
मजिस्ट्रेट ने भी दिखा दी है अब हरी झंडी
पहले की ही तरह लौहपथगामिनी को।
बेटी को बताया गया है
बाज को ऊंची और हिंसक उड़ान के बीच
कि उस का नाम कहीं नहीं है वसीयत में।
प्रायः साफ-साफ ही दिखता है
गला घोंटने, पेट काटने का प्रयास
हर वसीयत की अंदरूनी भाषा में,
जिसे अंत में लिखित या मौखिक स्वीकृति की हल्की सी चोट के
सहारे मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में सच साबित किया जाता है।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोस्टर इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### शिव मंदिर दिघो में हिंदू सम्मेलन आयोजित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** टिहरा खंड के चोलथरा मंडल स्थित शिव मंदिर दिघो में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। सम्मेलन में कारगिल युद्ध के शहीद कैप्टन दीपक गुलेरिया के बलिदान को नमन करते हुए उनकी छोटी भाभी वंदना गुलेरिया को सम्मानित किया गया। साथ ही एचएएस अधिकारी राजीव ठाकुर, डॉ. दिनेश ठाकुर, डॉ. आशीष गुलेरिया, राष्ट्रीय बास्केटबाल खिलाड़ी शौर्य बनयाल, अमेजन अमेरिका में कार्यरत इंजीनियर अखिल आर्य, लेफ्टिनेंट आदित्य ठाकुर और असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी डिंपल ठाकुर को भी सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दलीप सिंह ठाकुर रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बनाया। वक्ताओं ने सनातन संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और सामाजिक दायित्वों पर प्रकाश डाला।

### अपर पंडोह स्कूल में स्वास्थ्य व जागरुकता पर जोर

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** सर्वोदय पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अपर पंडोह में किशोरी मेले का भव्य आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य किशोरियों व विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, कानून, योग और सामाजिक विषयों की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुर्वेदिक केंद्र पण्डोह के चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी ने की। आयोजन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें पर्यवेक्षिका चिंता देवी व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा। पुलिस चौकी पंडोह के प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक पठानिया ने यातायात नियमों, बाल संरक्षण कानून, नशा विरोध और बाल विवाह को दंडनीय अपराध बताया। डॉ. चौधरी ने किशोरावस्था, पोषण व स्वच्छता पर मार्गदर्शन दिया, जबकि योग प्रशिक्षक योगेश कुमार ने योगासन सिखाए। विद्यार्थियों ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर स्लोगन व चित्रकला में भाग लिया। प्रधानाचार्य खोविंद्रा शर्मा ने कार्यक्रम को सराहनीय बताया।

### छात्रवृत्ति लाभार्थियों के प्रपत्रों का सत्यापन

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान, बरोट।** राजकीय महाविद्यालय मुल्थान के कार्यकारी प्राचार्य डॉक्टर अनमोल ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ के पर्यवेक्षण में गठित निरीक्षण समिति द्वारा मंगलवार को जिला कांगड़ा स्थित राजकीय महाविद्यालय मुल्थान में छात्रवृत्ति लाभार्थियों के प्रपत्रों का सत्यापन किया गया। कुल 23 में से 19 छात्रवृत्ति लाभार्थियों के प्रपत्रों की समिति द्वारा गहन जांच की गई और उन्हें विधिवत रूप से सत्यापित किया गया। समिति में तीन सदस्य शामिल थे, जिन्होंने सभी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। इस प्रक्रिया से छात्रवृत्ति वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

### मुल्थान में विद्यार्थियों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, बरोट।** राजकीय महाविद्यालय मुल्थान में एक दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यकारी प्राचार्य डॉ. अनमोल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था। पुलिस चौकी मुल्थान के प्रभारी ने सड़क सुरक्षा, हेलमेट व सीट बेल्ट के महत्व तथा नशे में वाहन न चलाने की जानकारी दी। सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अभिषेक सिंह भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शपथ के साथ हुआ।

### चंचल राष्ट्रीय हॉकी टीम के दल प्रमुख नियुक्त

**रितेश, अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि राजकीय उच्च विद्यालय बनेरडी में सेवारत शारीरिक शिक्षा शिक्षक चंचल सिंह ठाकुर को अंडर-14 आयु वर्ग की 69वीं नेशनल स्कूल गेम हॉकी छात्राओं टीम का दल प्रमुख नियुक्त किया गया है। वह इस उपलब्धि को पाने वाले क्षेत्र के पहले शिक्षक हैं। राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर 23 से 29 दिसंबर को माजरा (सिरमौर) में तथा प्रतियोगिता 2 से 7 जनवरी 2026 को ग्वालियर में होगी। चंचल सिंह ने जिम्मेदारी निष्ठा से निभाने की बात कही।



### राज्यस्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** अतिरिक्त उपायुक्त मंडी गुरसिमर सिंह ने बताया कि महिला विकास प्रोत्साहन योजना 2013 के अंतर्गत राज्यस्तरीय पुरस्कार के लिए योग्य व्यक्तियों और संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, सामाजिक सेवा तथा कला और संस्कृति में महिलाओं के सशक्तिकरण और विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिए जाते हैं। आवेदन निर्धारित प्रपत्र में समय सीमा के भीतर जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, मंडी के माध्यम से भेजे जाएंगे। नामांकन 31 दिसंबर तक विभाग को प्रस्तुत किया जाएगा।

### बस में सवार युवक से चरस बरामद, गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** थाना औट के अंतर्गत पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान मुकाम थलौट के पास निजी बस की तलाशी के दौरान चरस बरामद की है। यह बस कुल्लू से मंडी की ओर जा रही थी। बस में सवार दिनेश कुमार (19) पुत्र पदम सिंह निवासी गांव डा. पलाहच तहसील बंजार जिला कुल्लू के कब्जे से 250 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है और थाना औट में मामला दर्ज किया है।

### जोगिंद्रनगर में 25 से बंद रहेंगी सोने की दुकानें

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में 25 से 31 दिसंबर तक सोने की दुकानें बंद रहेंगी। सोना विक्रेता संघ द्वारा हर वर्ष की तरह इस अवधि में वार्षिक अवकाश रखा गया है। संघ के प्रधान विजय सोनी ने बताया कि अवकाश के चलते पूरे सप्ताह शहर की कोई भी स्वर्ण आभूषण की दुकान खुली नहीं रहेगी। उन्होंने सभी ग्राहकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि समय रहते खरीदारी करने से अवकाश अवधि के दौरान आम जनमानस को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाया जा सकेगा।

### जोगिंद्रनगर अस्पताल में गर्म पानी का आरओ प्लांट स्थापित

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडलीय नागरिक अस्पताल में अब मरीजों को सर्दियों में गर्म पीने का पानी उपलब्ध होगा। रोटरी क्लब और दानी सज्जनों के सहयोग से करीब 50 हजार रुपए की लागत से स्थापित इस आरओ प्लांट का शुभारंभ सीएमओ मंडी डॉ. दीपाली शर्मा ने किया। महिला, पुरुष, सर्जिकल, गायनी और शिशु रोग वार्डों में इलाजरत मरीज सीधे गर्म पानी प्राप्त कर सकेंगे। अस्पताल में यह सातवां प्लांट है, जो रोटरी क्लब की सामाजिक सेवा भावना को दर्शाता है।

### जोगिंद्रनगर में सड़क हादसा, दो युवक घायल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में गर्ल्स स्कूल के पास बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवक जोगिंद्रनगर से पधर जा रहे थे, तभी बाइक सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें जोगिंद्रनगर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए दोनों को टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। घायलों की पहचान संजय कुमार (20) और युवराज (21) के रूप में हुई है।

### एनएच का मनमर्जी से निर्माण, जनता परेशान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग-003 (हमीरपुर-सरकाघाट-धर्मपुर-मंडी) का निर्माण कार्य पिछले पांच वर्षों से चल रहा है, लेकिन बरसात के बाद भी इसकी गति और गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं हुआ है। बरसात से पूर्व हिमाचल किसान सभा ने इस मुद्दे को लेकर कई बार धरने-प्रदर्शन किए और हाईकोर्ट में जनहित याचिका भी दायर की। सितंबर माह में धर्मपुर के विधायक द्वारा किया गया अनशन भी बेअसर साबित हुआ, उल्टा हमीरपुर स्थित मौर्थ विभाग का कार्यालय बंद कर कर्मचारियों को शिमला शिफ्ट कर दिया गया, जिससे स्थानीय निगरानी और कमजोर हो गई है। नियमों के अनुसार, डीसी मंडी की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी गठित है, जो कभी-कभार समीक्षा तो करती है, लेकिन उसके फैसलों को निर्माण कंपनी मनमर्जी से नजरअंदाज कर रही है।

### बिजली के पोल से गिरकर दो मजदूर घायल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सिविल अस्पताल सरकाघाट में इलाज के लिए लाए गए दो मजदूरों के घायल होने के मामले में पुलिस थाना सरकाघाट में केस दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता विशाल शर्मा ने बताया कि बिजली के पोल पर तार बिछाते समय चैनल निकलने से वह और सहलदीप राणा नीचे गिर गए। आरोप है कि ठेकेदार ने सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं करवाए। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### फन फेयर सीजन-7 का आयोजन 28 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** गुरुकुल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, झलवान में 28 दिसंबर को बहुप्रतीक्षित फन फेयर सीजन-7 का आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रकाश राणा करेंगे। फेयर में प्रसिद्ध गायक गोपाल शर्मा और राजेंद्र आचार्य अपनी प्रस्तुतियों से रंग भरेंगे, जबकि चिंटू बाबा बच्चों का आकर्षण केंद्र रहेंगे। खाने-पीने के स्टॉल के साथ विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए रचनात्मक स्टॉल भी लोगों को लुभाएंगे। प्रबंध निदेशक विशाल अवस्थी ने क्षेत्रवासियों से अधिक संख्या में पहुंचकर इसे सफल बनाने का आह्वान किया।

### जोगिंद्रनगर कॉलेज में पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** महाविद्यालय जोगिंद्रनगर में विद्यार्थियों में पठन-पाठन की रुचि और पुस्तकों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भव्य पुस्तक प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्राचार्य प्रो. निशा वैद्य ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ने की सलाह दी। कार्यक्रम में शैक्षणिक, साहित्यिक, प्रतियोगी परीक्षा और सामान्य ज्ञान की पुस्तकें प्रदर्शित की गईं। पुस्तकालय प्रभारी धर्म चंद राणा, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष मीना देवी और बुद्धि सिंह ने आयोजन को व्यवस्थित और आकर्षक बनाने में योगदान दिया।

# बदहाली पर आंसू बहा रहा कटेरु-पौड़ाकोठी मार्ग

## खस्ताहाल मार्ग पर सफर करना मुश्किल; समय पर नहीं पहुंच पा रही गाड़ियां, विद्यार्थी परेशान

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान**

अनंत ज्ञान मुद्दा



पिछले कई साल से गड्ढों की गिरफ्त में कटेरु-पौड़ाकोठी मार्ग।

**महादेव।** सुंदरनगर क्षेत्र के तहत पौड़ाकोठी पंचायत के विकास को ग्रहण लगने का सिलसिला लंबा हो चला है। खासकर पहाड़ी ग्रामीण क्षेत्र करसोग को जाने वाले मुख्य मार्ग से संपर्क करता कटेरु गांव, जो है तो ऊंचाई वाला स्थान, मगर आधुनिक तरीके से आबाद होता दिखाई दे रहा है और प्राकृतिक सौंदर्य के बीच में दिन प्रतिदिन चहल-पहल भरा भी लगता है, से राहगीरों की परेशानी बढ़ाता जा रहा पौड़ाकोठी का मार्ग जुड़ता है, जो गहरे गड्ढों में पड़ा होने से वाहन चालकों सहित अन्य कई क्षेत्रों के लोगों के लिए जी का जंजाल बना हुआ है। मार्ग की बदहाली बस वाहनों के लिए हिचकोलों भरी है, जहां वाहन बड़े-बड़े गड्ढों के कारण तय की गई गति सीमा पर खरे न उतरकर टाइम खाते हुए सरकते हैं।

ऐसी स्थिति में मरीज, विद्यार्थी और सरकारी कर्मचारी आदि परेशान होते रहते हैं। लोक निर्माण विभाग की सुस्त कार्यशैली के चलते यह मार्ग कई वर्षों से बदहाली के शिकार है। सड़क मार्ग का गुणवतापूर्ण कार्य न होने से इस क्षेत्र से संबंधित मार्ग की दशा दिनों दिन प्रति दिन बदतर होती जा रही है। लगभग बीस किलोमीटर लंबे इस पहाड़ी मार्ग पर तारकोल है भी या नहीं, इसका कोई पता नहीं चलता। जगह-जगह पड़े गहरे गड्ढे धूल मिट्टी से सराबोर है, जहां गाड़ियों से उड़ती धूल से प्रदूषण भरा कहर छाया रहता है। ऐसी हालत के लिए संबंधित विभाग को दोषी करार दिया जा रहा है, क्योंकि अगर खराब हालत वाले इस मार्ग पर सही ढंग से निर्माण सामग्री डाल दी जाए तो धूल मिट्टी का नामोनिशान मिट जाएगा। भूस्खलन की स्थिति में मार्गों को शीघ्र खोलने के लिए आधुनिक मशीनरी की उपलब्धता, यातायात नियमों का सख्ती से पालन, पहाड़ी सड़कों के मोड़ों का चौड़ीकरण, सुरक्षा की दृष्टि से डंगे व पैरापिटों का निर्माण तथा उपयुक्त स्थानों पर वर्षाशालिकाओं का निर्माण आज केवल आवश्यकता नहीं बल्कि समय की मांग बन चुका है। इसके बावजूद कटेरु मार्ग से जुड़े पौड़ाकोठी क्षेत्र (सुंदरनगर) की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह इलाका लंबे समय से विकास की राह देख रहा है, लेकिन मार्ग सुधार की बार-बार की मांगों के बावजूद लोक निर्माण विभाग इस ओर गंभीर नहीं दिख रहा। परिणामस्वरूप यह सड़क अब 'रामभरोसे' चल रही है, जिससे विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है। पहाड़ी क्षेत्रों में पहले ही जीवन कठिन है और ऊपर से नेताओं के लगातार झूठे आश्वासनों ने लोगों को निराश कर दिया है। मार्ग की खराब हालत के कारण थोड़ी-सी चूक भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है, जिससे यातायात सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। लोगों का आरोप है कि ऐसी स्थिति में सरकार और विभाग स्वयं दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। स्थानीय जनता ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से पुरजोर मांग की है कि वे जिम्मेदारी से बच रहे विभाग को सख्त निर्देश दें और आधुनिक मशीनरी के माध्यम से भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इस मार्ग का शीघ्र व गुणवत्तापूर्ण सुधार करवाएं।

### दाड़लाघाट से उद्घोषित अपराधी किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला मंडी पुलिस के विशेष दल पीओ सेल ने धोखाधड़ी के मामले में वांछित उद्घोषित आरोपी संजय कुमार को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को बिलासपुर जिला के दाड़लाघाट से पकड़कर आगामी कार्रवाई के लिए पुलिस थाना सुंदरनगर के हवाले किया गया। वर्ष 2020 में पुलिस थाना में आईपीसी धारा 420 के तहत दर्ज एफआईआर में आरोपी फरार था और इसे न्यायालय ने इस वर्ष सितंबर माह में उदघोषित घोषित किया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के ठिकाने की जानकारी जुटाई और दाड़लाघाट में उसे गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एचएचसी मोहिंदर सैनी, एचएचसी रवि कुमार और एचएचसी नरेश कुमार शामिल रहे। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को आगामी जांच और कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस थाना सुंदरनगर के सुपुर्द किया गया है। यह कार्रवाई जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## सरकाघाट में पीलिया का प्रकोप पेयजल व्यवस्था पर उठे सवाल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट क्षेत्र में पीलिया के लगातार बढ़ते मामलों ने पेयजल व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो जल शक्ति विभाग की बदहाल कार्यप्रणाली को उजागर कर रहे हैं। सरकाघाट के विधायक दिलीप ठाकुर ने इस मामले को गंभीर बताते हुए सभी पानी के टैंकों की तत्काल सफाई, पेयजल की गुणवत्ता जांच और दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि कई टैंकों पर ढक्कन तक नहीं हैं, जिससे पानी दूषित होने का खतरा बना रहता है। विधायक ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के समय नियुक्त वाटर गार्डों को वर्तमान सरकार ने हटा दिया, लेकिन उनकी जगह नए कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं की गई। उन्होंने बताया कि स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ने वाले बड़ी संख्या में बच्चे पीलिया से प्रभावित हो रहे हैं, जिससे उनकी पढ़ाई और आगामी परीक्षाएं प्रभावित हो रही हैं।

### सरकाघाट में आए पीलिया के पांच नए मामले

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट में पीलिया का प्रकोप अभी पूरी तरह नियंत्रण में नहीं आ पाया है। मंगलवार को नागरिक अस्पताल सरकाघाट की ओपीडी में पीलिया के पांच नए मामले सामने आए, जिन्हें प्राथमिक उपचार देकर घर भेज दिया गया। वहीं आठ मरीजों को स्वस्थ होने पर छुट्टी दे दी गई, जबकि तीन मरीज अभी उपचाराधीन हैं। एसएमओ डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि मरीजों की संख्या में हल्की कमी आई है और स्वास्थ्य विभाग लगातार स्थिति पर निगरानी रखे हुए है।

### निवेश के नाम पर 9.43 लाख की ठगी, कंपनी व कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** थाना सदर के अंतर्गत ओमावती पत्नी राहुल कुमार निवासी गांव मनियाणा डाकघर टिल्ली तहसील सदर जिला मंडी तथा डिंपल पत्नी मनोज कुमार हाल निवासी पैलेस कॉलोनी अस्पताल रोड मंडी जिला मंडी ने शिकायत दर्ज करवाई है कि सारवेव सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी व उसके कर्मचारियों ने उनके साथ प्रोजेक्ट दिलाने के नाम पर निवेश करवाकर धोखाधड़ी की है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार कंपनी ने प्रारंभ में आंशिक भुगतान कर उन्हें विश्वास में लिया, जिसके बाद उनसे कुल लगभग 9.43 लाख रुपए का निवेश करवा लिया गया। आरोप है कि इसके पश्चात कंपनी व उसके कर्मचारियों ने उनसे संपर्क बंद कर दिया और न तो प्रोजेक्ट दिया गया और न ही निवेश की राशि लौटाई गई। शिकायत के आधार पर थाना सदर में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है तथा संबंधित कंपनी व कर्मचारियों की भूमिका की गहनता से पड़ताल की जा रही है।

## हिमाचल डेंटल कॉलेज के छात्रों ने बीडीएस प्रथम वर्ष परीक्षा में किया शानदार प्रदर्शन

### अटल मेडिकल रिसर्च विश्वविद्यालय की परीक्षा में शीर्ष रैंक पर कब्जा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



**हिमाचल** डेंटल कॉलेज सुंदरनगर के स्टूडेंट्स ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों ने अटल मेडिकल रिसर्च विश्वविद्यालय नेरचौक द्वारा आयोजित बीडीएस प्रथम वर्ष की वार्षिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। परीक्षा परिणामों में कॉलेज के स्टूडेंट्स ने न केवल शीर्ष स्थानों पर कब्जा जमाया, बल्कि विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी मजबूत शैक्षणिक पहचान भी स्थापित की। परीक्षा में कुल 600 अंकों में से 470 अंक प्राप्त कर आधारिका ने प्रथम स्थान हासिल किया।

सुहानी ने 464 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान तथा अर्शिया ने 461 अंक प्राप्त कर पंचम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त एंजेल ने 452 अंक लेकर छठा स्थान और नंदिनी ने 442 अंक के साथ नवां स्थान हासिल कर कॉलेज की सफलता में चार चांद लगा दिए। गौरतलब है कि इस विश्वविद्यालय स्तरीय परीक्षा में पहले 20 स्थानों में से 10 स्थानों पर हिमाचल डेंटल कॉलेज के छात्रों ने कब्जा जमाया, जो कॉलेज की मजबूत शैक्षणिक व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और विद्यार्थियों के निरंतर परिश्रम को दर्शाता है। छात्रों की इस अभूतपूर्व सफलता से कॉलेज परिसर में हर्ष का माहौल है। कॉलेज के निदेशक डॉ. अनिल सिंगला और डॉ. विकास जिंदल ने सभी सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों और अध्यापकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने बताया कि कॉलेज द्वारा विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न सह-पाठ्य गतिविधियां, आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं, उचित सहायता सेवाएं और सामाजिक सहभागिता के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं, जिससे छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत और अनुशासन से यह उपलब्धि हासिल की है। बीडीएस प्रथम वर्ष की इस सफलता के पीछे अध्यापकों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी सराहा गया। कॉलेज प्रबंधन ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए डॉ. राजीव बिस्वास एवं फिजियोलॉजी की डॉ. लीपकांक्षा चंदेल, डॉ. लिजा सचदेवा एवं डेंटल एनाटॉमी की डॉ. तमन्ना शर्मा, बायोकेमिस्ट्री की डॉ. पंकज धीमान तथा ह्यूमन एनाटॉमी की डॉ. विमल गुप्ता को उनकी मेहनत, समर्पण और मार्गदर्शन के लिए हार्दिक बधाई देते हुए विशेष सराहना की है।

### आस्था और उत्सव का संगम बनेगा मंडी का अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव 2026

## 16, 19 और 22 फरवरी को निकलेगी जलेब

- मंडी नगर की स्थापना के 500 वर्ष पूर्ण होने पर होंगे भव्य आयोजन
- विधायक चंद्रशेखर ने की साधारण सभा की बैठक की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



विधायक चंद्रशेखर का स्वागत करते हुए डीसी मंडी।

**मंडी** का अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव-2026 भव्य स्वरूप में आयोजित किया जाएगा। मंडी नगर की स्थापना के 500 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महोत्सव को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्णय आम सभा की बैठक में लिए गए। महाशिवरात्रि महोत्सव की प्रथम जलेब 16 , दूसरी जलेब 19 तथा तीसरी एवं अंतिम जलेब 22 फरवरी, 2026 को आयोजित की जाएगी। विधायक धर्मपुर एवं आम सभा के अध्यक्ष चंद्रशेखर की अध्यक्षता में कांगणीधार स्थित संस्कृति सदन में साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई। इसमें देवताओं के ठहराव एवं आदर-सत्कार की व्यवस्था, सांस्कृतिक व खेलकूद कार्यक्रमों का स्वरूप, स्वच्छता एवं यातायात प्रबंधन, कला एवं साहित्य महोत्सव, स्मारिका प्रकाशन तथा वित्तीय संसाधन जुटाने सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। चंद्रशेखर ने कहा कि शिवरात्रि मेले को पूरी भव्यता और गरिमा के साथ आयोजित किया जाएगा। शहर में 10 प्रमुख स्थान चिन्हित किए जाएंगे, ताकि आमजन और श्रद्धालुओं को यह अनुभूति हो कि मंडी अपने ऐतिहासिक सफर के 500 वर्ष पूर्ण कर चुकी है। उन्होंने सभी सदस्यों से आयोजन को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आह्वान किया। बैठक में निर्णय लिया कि इस बार शिवरात्रि महोत्सव के सभी प्रमुख कार्यक्रम एंटी चिट्टा थीम पर आधारित होंगे। पिछले वर्ष प्रारंभ की गई व्यास आरती इस वर्ष भी आयोजित की जाएगी। नशा मुक्ति के संदेश को व्यापक बनाने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा वर्करों को भी एंटी चिट्टा कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल किया जाएगा। क्रिकेट लीग का आयोजन जनवरी माह में किया जाएगा, जिसमें 32 टीमें भाग लेंगी और लीग आधार पर कुल 31 मैच आयोजित होंगे। खेल प्रतियोगिताओं में मंडी जिला के खिलाड़ियों को अधिक अवसर दिए जाएंगे।

### हिमाचली कलाकार ही किए जाएंगे आमंत्रित

**इस** बार सांस्कृतिक संध्याओं के लिए केवल हिमाचली कलाकारों को आमंत्रित किया जाएगा और अन्य राज्यों के कलाकार नहीं बुलाए जाएंगे। प्रदेश के आपदाकाल को ध्यान में रखते हुए स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए निर्णय लिया है। हालांकि, विदेशों के कलाकारों को मेले में आमंत्रित किया जाएगा। सभी सांस्कृतिक संध्याएं सेरी मंच पर आयोजित होंगी। पड्डल मैदान में चानणी से खेल विभाग कार्यालय तक की पौड़ियों पर देवताओं को विराजमान करवाने और इंदिरा मार्केट की छत पर ठहराव की भी योजना बनाई गई है। सर्वदेवता समिति एवं कारदार संघ ने अस्थायी पैगोड़ा शैली के तंबू लगाने का सुझाव दिया। कूड़ा उठाने के लिए अतिरिक्त गाड़ियां और विभिन्न स्थानों पर डस्टबिन लगाए जाएंगे। उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा, जिसमें प्रथम पुरस्कार 7100, दूसरा 5100 और तीसरा 3100 रुपये निर्धारित हैं। मेले से पूर्व नगर निगम शहर की सड़कों की मरम्मत कराएगा।

## सुंदरनगर पुलिस ने चमुखा में 6 ग्राम चिट्टे के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



पुलिस के साथ चिट्टा तस्कर इमरान खान उर्फ लाडी।

जिला मंडी पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सुंदरनगर पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने किरतपुर-मनाली फोरलेन पर स्थित चमुखा में नाकाबंदी के दौरान 6 ग्राम चिट्टे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुंदरनगर निवासी इमरान खान उर्फ लाडी के रूप में हुई है, जो लंबे समय से पुलिस के रडार पर था।

बिलासपुर की ओर से आ रही एक कार (एचपी 01एम-1950) को शक के आधार पर नाके पर जांच के लिए रोका गया। जब चालक से वाहन के कागजात मांगे गए तो वह घबरा गया। पुलिस टीम ने वाहन की तलाशी ली तो डैशबोर्ड में रखी सिगरेट की डिब्बी से छह ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर आगामी पूछताछ शुरू कर दी है। आरोपी की शिनाख्त इमरान खान उर्फ लाडी पुत्र अरशद खान निवासी गांव व डाकघर चतरोखड़ी, तहसील सुंदरनगर के तौर पर हुई है। पुलिस थाना सुंदरनगर में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की गहन जांच की जा रही है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

**कार्यक्रम** हिमाचली जनहित महासभा पंजाब का वार्षिक समारोह संपन्न

## समाजसेवा के लिए चमन राही सम्मानित

- भोरंज विस क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार ने की एक लाख रुपए अनुदान की घोषणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



हिमाचली जनहित महासभा पंजाब के वार्षिक समारोह में चमन राही को नवाजा।

**हिमाचली** जनहित महासभा पंजाब की ओर से खरड़ (चंडीगढ़) में आयोजित वार्षिक समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरदार रणजीत सिंह गिल ने अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव व राज्य प्रवक्ता चमन राही को अल्पसंख्यकों, दलितों एवं कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए किए जा रहे सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया।

इस अवसर पर हिमाचली जनहित महासभा के प्रधान जगदेव पटियाल, उपप्रधान शामलाल शास्त्री तथा महासचिव पृथ्वीराज शुक्ला के नेतृत्व में कई गणमान्य अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश के भोरंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार ने विशेष रूप से शिरकत की तथा हिमाचली जनहित महासभा को एक लाख रुपए के अनुदान की घोषणा कर संस्था का उत्साहवर्धन किया। समारोह में पूर्व विधायक राजेंद्र राणा सहित विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें संजीव वशिष्ठ, नरेंद्र राणा, खुशवंत राय गीगा प्रमुख रहे। इसके अतिरिक्त गरीब दास फाउंडेशन के चेयरमैन देवराज, नगर निगम खरड़ के पार्षद विनीत जैन, होली बेसिल अस्पताल खरड़ के एमडी डॉ. सचिन वर्मा ने एंबुलेंस सर्विस की सेवाएं प्रदान कीं तथा अस्पताल के डॉक्टरों की टीम के साथ कार्यक्रम में उपस्थित रहकर स्वास्थ्य सेवाओं में सहयोग दिया। अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद के महासचिव व राज्य प्रवक्ता चमन राही ने कहा कि हिमाचली जनहित महासभा समाज से नशाखोरी, दहेज प्रथा और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने, हिमाचली संस्कृति को समृद्ध करने, खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने, जरूरतमंद विद्यार्थियों की शिक्षा में सहयोग करने तथा हिमाचल से इलाज के लिए चंडीगढ़ आने वाले लोगों के ठहराव की उचित व्यवस्था जैसे अनेक जनहितकारी कार्य कर रही है, जो अत्यंत सराहनीय एवं प्रशंसनीय हैं। चमन ने कहा कि भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार को ऐसी सामाजिक संस्थाओं को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करनी चाहिए, ताकि समाज के कमजोर वर्गों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके।

## सरस्वती विद्या मंदिर मढ़ी में मेधावियों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यातिथि कैप्टन विद्यासागर।

उपमंडल धर्मपुर के मढ़ी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में मंगलवार को 23वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैप्टन विद्यासागर ठाकुर तथा सेवानिवृत्त उप निदेशक डॉ. इंद्र संजय वर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश सकलानी ने की, जिन्होंने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि सहित पधारे गणमान्य अतिथियों को प्रधानाचार्य रमेश सकलानी व स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रूप लाल वर्मा द्वारा बैज लगाकर सम्मानित किया गया। वहीं, शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ खेल, कला उत्सव एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों अभिनंदन ठाकुर, शिवांशीका, शिवांश, तरुण, शर्बिल ठाकुर, चैतन्य, नवजोत, अजय कुमार, शिवांशी ठाकुर, आदित्य भारद्वाज, तनिष्का ठाकुर, अमायरा, आर्यन, प्रिया राणा, दिव्यांश ठाकुर, अनुष्का, सानवी, वसीतां, रूहानी, अंश ठाकुर, आरव रंगरा, भावेश ठाकुर, अन्वी, काव्य ठाकुर, आरव ठाकुर, आयुष, आदित्य आजाद, सुरभि, निखिल, सुजल ठाकुर, अंकुश ठाकुर, नव्या ठाकुर, शौर्य सकलानी, अर्णव, अनुष्का, संवि, सिवान आदि को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कैप्टन विद्यासागर ठाकुर ने विद्यार्थियों को मोबाइल फोन के दुष्प्रभावों से दूर रहने, नशे से बचने और अनुशासन में रहने का संदेश दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड कार्यवाह राकेश सकलानी ने ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 20 हजार रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर विपिन सकलानी, प्रेम चंद ठाकुर, मीरा देवी आदि उपस्थित रहे।

# हरोली निर्णायक विकास की राह पर : उपमुख्यमंत्री

## मुकेश अग्निहोत्री के हाथों सम्मान पाकर खिले पालकवाह स्कूल के मेधावी स्टूडेंट्स के चेहरे

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र आज निर्णायक विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ-साथ भविष्य और आने वाली पीढ़ियों को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र का योजनाबद्ध और संतुलित विकास किया जा रहा है। वे मंगलवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पालकवाह के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम पालकवाह स्थित स्किल डेवलपमेंट सेंटर के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने अकादमिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उपमुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए 31 हजार रुपए प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने स्कूल स्टेज व शेड निर्माण की मांग पर संबंधित विभाग को प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश देते हुए आश्वस्त किया कि इसके लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। एक समय शिक्षा के लिहाज से पिछड़ा माना जाने वाला यह क्षेत्र आज शैक्षणिक उत्कृष्टता का उदाहरण बन चुका है।

उन्होंने कहा कि जिन घरों में कभी निरक्षरता थी, आज वहीं की बेटियां डॉक्टर, वकील, न्यायाधीश और प्रशासनिक सेवाओं में अपनी सेवाएं दे रही हैं। बढ़ेड़ा लॉ कॉलेज से निकले विद्यार्थी सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचे हैं, जबकि नर्सिंग संस्थानों की छात्राएं देश के नामी अस्पतालों में सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने बताया कि 150 करोड़ रुपए से स्थापित आईआईआईटी एक प्रतिष्ठित संस्थान के रूप में उभर चुका है, जहां देशभर से विद्यार्थी अध्ययन के लिए आ रहे हैं। सलोह स्थित केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए प्रतिस्पर्धा रहती है। पंडोगा व पूबोवाल में आईटीआई, हरोली, खड्ड और बीटन में कॉलेजों की स्थापना के साथ-साथ आधुनिक ऑडिटोरियम व खेल परिसरों का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि अब विधानसभा क्षेत्र में आयुर्वेदिक कॉलेज खोलने की दिशा में भी कार्य किया जा रहा है।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पालकवाह के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बच्चों के साथ डिप्टी सीएम।

### विकास की सौगातों के लिए उपमुख्यमंत्री का आभार : संदीप

**कार्यक्रम** में एसडी पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक तथा पालकवाह के पूर्व प्रधान संदीप अग्निहोत्री ने शिक्षा के क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व विकास का उल्लेख करते हुए पालकवाह में चंडीगढ़ की तर्ज पर बने अत्याधुनिक ऑडिटोरियम, भव्य स्कूल भवन तथा क्षेत्र में सुदृढ़ की गई उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने पालकवाह क्षेत्र को मिली विकास की सौगातों के लिए धन्यवाद प्रकट किया।

### हरोली में 11 पुलों के निर्माण को 132 करोड़

**उपमुख्यमंत्री** ने कहा कि हरोली क्षेत्र में कनेक्टिविटी के शेष मिसिंग लिंक को जोड़ने के लिए 11 पुलों के निर्माण के लिए 132 करोड़ रुपए के काम किए जा रहे हैं। इनमें 1.74 करोड़ रुपए की लागत से चंदपुर पुल, 1-1 करोड़ रुपए से ईसपुर-डेरा बाबा भर्तृहरि दमामियां खड्ड पुल, 1.60 करोड़ रुपए से गोंदपुर जयचंद खड्ड पुल, 3.82 करोड़ रुपए से चंदपुर खड्ड पुल, 4.64 करोड़ रुपये से हरोली खड्ड पुल, 8.74 करोड़ रुपए से बढ़ेड़ा खड्ड पुल, 15.04 करोड़ रुपए से कांगड़ खड्ड पुल तथा 6.24 करोड़ रुपए से पालकवाह खड्ड पुल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त झलेड़ा-घालूवाल पुल को डबल लेन करने के लिए 37 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे, जबकि 50 करोड़ रुपए की लागत से पंडोगा-त्यूड़ी पुल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि जेजों मोड़ से टाहलीवाल चौक वाया भाई का मोड़ लिंक रोड के स्तरोन्नयन के लिए 48.69 करोड़ रुपए की स्वीकृति केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि के तहत मिली है। इस परियोजना के अंतर्गत 17.50 किलोमीटर सड़क का उन्नयन तथा पालकवाह, कांगड़ और बढ़ेड़ा में तीन पुलों का निर्माण शामिल है।

# हमीरपुर रोड पर अतिक्रमण करने वालों पर शिकंजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

शहर में अब हमीरपुर रोड पर अवैध पार्किंग और अतिक्रमण को लेकर शिकंजा कसा गया है।

इस मार्ग पर कई जगह कवाड़ हो चुके वाहनों को पार्क किया गया था। अब भनक मिलते ही लोग उनको हटाने लगे हैं। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि अवैध पार्किंग और अतिक्रमण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। शहर में चंडीगढ़-धर्मशाला एनएच के बाद अब हमीरपुर रोड पर भी अवैध पार्किंग व अतिक्रमण को लेकर विभाग सख्त कार्रवाई करेगा। इसे लेकर नगर निगम ने कर्मचारियों को सख्त दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। निगम प्रबंधन ने लोगों को पार्किंग में ही अपने वाहन खड़े करने की अपील की है। इसे लेकर एक बार निगम प्रबंधन ने सभी दुकानदारों व स्थानीय लोगों को चेतावनी दे दी है। शहर को अतिक्रमण व अवैध पार्किंग से मुक्त करने के लिए प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसका असर भी धरातल पर देखने को मिल रहा है। मिनी सचिवालय से लेकर डिग्री कॉलेज तक के क्षेत्र को रेहड़ी-फड़ी मुक्त कर दिया गया है। इसके बाद अब हमीरपुर रोड पर पुराने बस स्टैंड से क्षेत्रीय अस्पताल तक काफी संख्या में रेहड़ी-फड़ी लगती थी। इससे पैदल चलने वाले लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती थी। दूसरी तरफ चंडीगढ़-धर्मशाला मार्ग से हटाए गए रेहड़ी फड़ी संचालक भी नगर निगम के शहर के अन्य हिस्सों से भी रेहड़ी-फड़ी हटाने की मांग कर रहे थे। इसके बाद प्रशासन की तरफ से बाबा बेदी गेट के आसपास लगने वाली रेहड़ी-फड़ी को भी हटा दिया गया है। इसके अलावा हमीरपुर मार्ग से भी रेहड़ी-फड़ी हटाने के निर्देश दिए हैं। उक्त क्षेत्र से काफी संख्या में रेहड़ी -फड़ी हटा दी गई है। प्रशासन की तरफ से लोगों को राहत प्रदान करने लिए पार्किंग में 30 मिनट तक वाहन पार्क करने पर केवल 10 रुपये प्रति वाहन वसूलने के निर्देश भी दिए हैं। बता दें कि हमीरपुर रोड पर शाम के समय अभी भी कुछ रेहड़ी-फड़ी संचालक रेहड़ी लगा लेते हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ नगर निगम अब सख्त कार्रवाई करेगा। साथ ही पुलिस टीम भी समय-समय पर गश्त लगाएगी। नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार ने कहा कि शहर में अवैध पार्किंग व अतिक्रमण को लेकर नगर निगम लगातार कार्रवाई कर रहा है। हमीरपुर रोड पर भी अतिक्रमण न करने के निर्देश प्रशासन की तरफ से दिए गए हैं। प्रबंधन नियमों के अनुसार कार्रवाई कर रहा है। रेहड़ी-फड़ी के लिए वेंडर मार्केट का स्थान चयनित किया गया है।



हमीरपुर रोड पर अवैध पार्किंग और अतिक्रमण को लेकर शिकंजा कसा गया।

## न्यूज ब्रीफ

### ऊना में 29 दिसंबर को लगेगी पेंशन अदालत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** डाकघर ऊना मंडल के अधीक्षक भूपिंदर सिंह ने जानकारी दी कि ऊना मंडल में पेंशन अदालत 29 दिसंबर को सायं 4 बजे आयोजित की जाएगी। इस दौरान डाक पेंशनभोगियों और डाक फैमिली पेंशन भोगियों की पेंशन संबंधी शिकायतों व समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया जाएगा। भूपिंदर सिंह ने कहा कि यदि किसी की पेंशन संबंधी शिकायत है, तो उसे कार्यालय अधीक्षक डाकघर ऊना को 29 दिसंबर, दोपहर 1 बजे तक भेजना सुनिश्चित करें।

### भाजपा नेता कमल सैनी को पितृ शोक

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली भाजपा नेता व प्रदेश भाजपा ओबीसी मोर्चा के सचिव कमल सैनी को पितृ शोक हुआ है। उनके पिता सुखदेव लाल सैनी ने सोमवार को शाम के समय अंतिम सांस ली। कमल सैनी के पिता के देहांत पर पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर, पूर्व प्रदेशध्यक्ष व विधायक सतपाल सत्ती, पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, पूर्व विधायक बलबीर चौधरी, पूर्व विधायक राजेश ठाकुर, पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो, पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा, हरोली भाजपा नेता प्रो राम कुमार, जिला भाजपा अध्यक्ष शाम मिन्हास, जिला महामंत्री लखबीर लक्खी, पहुलाल भारद्वाज, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राम लोक धनौटिया, भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष मीनाक्षी राणा आदि ने कहा कि भगवान दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें व परिवार को इस दुख को सहने की ताकत दें।

### 7 युवाओं को मिला अग्निवीर बनकर देश सेवा का मौका

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** सेना में अग्निवीर की भर्ती के लिए हुई एआरओ शिमला की लिखित व शारीरिक परीक्षा में करियर प्वाइंट डिफेंस अकादमी के 07 युवाओं को सफलता प्राप्त हुई, ऐसे में अकादमी प्रधानाचार्य कैप्टन पीसी शर्मा ने युवाओं व परिजनों को बधाई दी। इस मौके पर प्रबंधक मनोज अग्निहोत्री ने बातया की ए आर ओ शिमला के द्वारा निकले अग्निवीर के अंतिम परिणाम में अकादमी के 7 युवाओं को अग्निवीर बनकर देश सेवा का मौका मिला। इसमें रोहडू से सुंधा अविनाश, गुम्मा से आदित्य केशयन, शिमला से रोहित भरद्वाज, सुजेल ठाकुर, सोलन से विकास वात्स्यान, बद्दी से रोहन कुमार, अरुण सोनी आदि चयनित हुए। वहीं, अकादमी के मुख्य अध्यापक साहिल शर्मा ने बताया की उनके पास टी ए आर्मी के 15 छात्र जिसमें ऑनलाइन 11 व रेगुलर 5 छात्र लिखित परीक्षा की तैयारी कर रहे है, ऐसे में ओर युवाओं को डेढ़ सेवा का अवसर मिलने की पूरी उम्मीद है।

### रपोह मुचलिया समिति में निर्विरोध चुने उम्मीदवार

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** रपोह मुचलिया कृषि सेवा सहकारी सभा समिति के चुनाव मंगलवार को संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया सहकारी सभा के सचिव अजय कुमार की देखरेख में करवाई गई। सभी सात वार्डों से उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव में किसी भी वार्ड से एक से अधिक नामांकन दाखिल न होने के कारण सभी उम्मीदवारों को निर्विरोध विजयी घोषित किया गया। घोषित परिणाम के अनुसार वार्ड एक से जगदीश राम, वार्ड दो से कमल देव, वार्ड तीन से जगदीश राम पुत्र मूल राज, वार्ड चार से रमन कुमार, वार्ड पांच से रविंद्र कुमार, वार्ड छह से तिलक राज व वार्ड सात से अजय कुमार मेहता को समिति सदस्य के रूप में निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन किया गया और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या विवाद की स्थिति उत्पन्न नहीं हुआ। क्षेत्र के किसानों और सहकारी सभा से जुड़े सदस्यों ने भी चुनाव को लेकर संतोष व्यक्त किया। सहकारी सभा के सचिव अजय कुमार ने नव-निर्वाचित सदस्यों को बधाई देते हुए सभा को मजबूती प्रदान करने के लिए विचार-विमर्श किया गया।

# युवा कांग्रेस की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर जोर

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हरोली विधानसभा क्षेत्र की हरोली युवा कांग्रेस सदस्यों की बैठक रेस्ट हाउस टाहलीवाल में आयोजित की गई।

बैठक की अध्यक्षता जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशांत राय ने की, जबकि नीतीश शर्मा ने सहयोगी की भूमिका निभाई। हरोली यूथ युवा कांग्रेस ने शेष नारायण ओझा व उसके साथ आए साथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर प्रशांत राय ने उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को शाल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य युवा कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत करना रहा। हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी शेष नारायण ओझा ने कहा कि कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में जनहित में अनेक कार्य किए हैं, जबकि भाजपा ने हमेशा वोट बैंक की राजनीति की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा कांग्रेस की योजनाओं का नाम बदलकर अपनी मानसिकता का परिचय दे रही है और गरीबों के अधिकारों का हनन कर रही है। मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना का नाम बदलना इसी सोच का उदाहरण है। इसका युवा कांग्रेस विरोध करती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा अब केवल नाम बदलने वाली पार्टी बनकर रह गई है। प्रभारी शेष नारायण ओझा ने जिला अध्यक्ष प्रशांत राय की पीठ थपथपाते हुए उनके कार्यों की सराहना की और आगे बढ़कर संगठन के लिए और अधिक काम करने के लिए प्रेरित किया। बैठक में हिमाचल प्रदेश यूथ कांग्रेस के प्रभारी शेष नारायण ओझा, राज्य प्रधान छतर सिंह ठाकुर, ऊना इंचार्ज नाहयद उसैन, जिला प्रधान प्रशांत राय, सह प्रभारी यशपाल शर्मा सहित तुषार, शिव रैनि, नीतीश शर्मा, संजू जाखेवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष राघव राणा, अंकुश जस्सी, गुरविंदर, बलविंदर, जस संधू, प्रदीप, राज, जोनी, हरदयाल सिंह, सागर, अशोक, लाली, बलविंदर पंडोगा, गुरविंदर धीमान, अश्वनी, साहिल, पांडु सहित अन्य युवा कांग्रेसी उपस्थित रहे।



हरोली में युवा कांग्रेस की बैठक में उपस्थित सदस्य।

# तुलसी के धार्मिक व स्वास्थ्य, पर्यावरणीय लाभों पर प्रकाश

**अनंत ज्ञान, ऊना।** संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान, ऊना में हिमोत्कर्ष महिला मंच द्वारा तुलसी पूजन की महत्ता पर जागरूकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और प्रशिक्षार्थियों को तुलसी के धार्मिक, सामाजिक, आयुर्वेदिक और पर्यावरणीय महत्व से परिचित कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान से तुलसी पूजन के साथ किया गया। वरिष्ठ सदस्य रंजना जसवाल ने तुलसी के औषधीय गुणों और स्वास्थ्य, मानसिक शांति व पारिवारिक समृद्धि में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। योग वेदांत सेवा समिति की सदस्य नंद रानी ने तुलसी पौधारोपण और प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में संस्थान की प्रशिक्षिकाएं और महिला मंच की सदस्य उपस्थित रहीं।

# सीमा सुरक्षा बल सेवानिवृत्त कर्मचारियों की बैठक में कल्याणकारी मुद्दों पर हुई चर्चा



सीमा सुरक्षा बल सेवानिवृत्त कर्मचारियों की तिमाही बैठक में मौजूद कर्मी।

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

सीमा सुरक्षा बल के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की तिमाही बैठक सहायक प्रशिक्षण केंद्र, खड़का (जिला होशियारपुर) में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विरेंद्र कुमार, समादेष्टा महोदय ने की।

बैठक में सीमा सुरक्षा बल खड़का की ओर से सतेंद्र गुप्ता, द्वितीय कमान अधिकारी, दिनेश कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। सेवानिवृत्त संगठन का नेतृत्व नरेश कुमार शर्मा, द्वितीय कमान अधिकारी (सेवानिवृत्त) द्वारा किया गया। बैठक में पूर्व में भेजे गए एजेंडा बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रमुख बिंदुओं में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कल्याण से संबंधित आदेश व पत्राचार को मुख्य लिपिक द्वारा व्हाट्सएप ग्रुप में साझा करने तथा कैंटीन में सामग्री आने की सूचना सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी समय पर उपलब्ध कराने का निर्णय शामिल रहा। इसके अतिरिक्त, जिन सेवानिवृत्त कर्मियों की व्यक्तिगत समस्याएं थीं, उनका मौके पर समाधान किया गया तथा शेष मामलों के जल्द निवारण का आश्वासन दिया गया।

# मानसी राणा ने नेशनल कराटे व ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

हिमाचल प्रदेश के जिला ऊना की कराटे एवं ताइक्वांडो खिलाड़ी मानसी राणा ने 21 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित 21वीं नेशनल कराटे एवं ताइक्वांडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए मानसी राणा ने सेमीफाइनल मुकाबले में दिल्ली की खिलाड़ी को पराजित किया, जबकि फाइनल में केरल की खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मंगलवार को जिला ऊना के विभिन्न पंचायत प्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने मानसी राणा के घर पहुंचकर उसका भव्य स्वागत किया।

इस दौरान उसे शाल, टोपी, स्मृति चिन्ह तथा नकद इनाम देकर सम्मानित किया गया। खरयालता पंचायत के पूर्व प्रधान सुखदेव शर्मा ने कहा कि मानसी की इस उपलब्धि से क्षेत्र, जिला और प्रदेश को गर्व महसूस हो रहा है।



खरयालता पंचायत के उपप्रधान अशोक शर्मा ने बताया कि मानसी राणा इससे पहले भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकी है और इस बार गोल्ड मेडल जीतकर उसने एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त उपनिदेशक प्रितम चंद शर्मा ने कहा कि मानसी की उपलब्धि खेलों के साथ-साथ शिक्षा क्षेत्र के लिए भी प्रेरणादायक है। तलमेहड़ा स्कूल के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य जीवन मोदगिल ने बताया कि मानसी ने अब तक सात नेशनल और एक इंटरनेशनल स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों और समाजसेवियों सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षा, खेल व अन्य गतिविधियों में भंजाल स्कूल की शानदार उड़ान

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

कहते हैं आदमी में काम करने का जज्बा होना चाहिए यह बात भंजाल स्कूल पर चरित्रार्थ हो रही है।

इस पाठशाला में लगभग डेढ़ वर्ष से राजन शर्मा बतौर कार्यकारी प्रिंसिपल कार्य कर रहे हैं और राजन शर्मा स्कूल प्रबंधन समिति, पंचायत एवं पाठशाला की स्टाफ के सहयोग से पाठशाला में पढ़ाई के साथ-साथ हर क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य कर रहे हैं, जो सराहनीय है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल ने इस सत्र के दौरान पाठशाला के विकास में काफी उपलब्धियां हासिल की हैं, जहां पाठशाला में भव्य गेट का निर्माण हुआ है। वहीं, पाठशाला के आर्ट्स ब्लॉक पर जाने वाली सीढ़ियों का भी छात्रों की सुविधा को देखते हुए भव्य निर्माण किया गया है। पाठशाला की आर्ट्स ब्लॉक की सीढ़ियां बिलकुल खड़ी थी, जिस कारण कोई अप्रिय दुर्घटना भी हो सकती थी और उनकी दयनीय स्थिति और काफी वर्षों से पुनर्निर्माण व मरम्मत होने वाली थी, उनका निर्माण भी करवाया गया तथा साथ ही पाठशाला का मुख्य गेट सड़क के साथ सटा था और जिसकी भी दयनीय स्थिति थी और गेट बहुत तंग था। इससे असुविधा होती थी। इसका भी भव्य ढंग से पुनर्निर्माण निर्माण करवाया गया है। स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने बताया कि पाठशाला के परीक्षा परिणाम भी बढ़िया आए हैं। इसके अलावा पाठशाला के एनएसएस छात्र 26 जनवरी परेड शिमला में भाग लेंगे। खेल गतिविधियों में भी पाठशाला के छात्रों ने राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर बढ़िया प्रदर्शन किया है। इसके अलावा पाठशाला की छात्रों ने स्काउट एंड गाइड में भी अपनी अच्छी भूमिका निभाई है। राजन शर्मा का कहना है कि भंजाल स्कूल के स्टाफ की मेहनत का परिणाम है इसके अलावा उन्होंने बताया कि स्थानीय स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान महेश कुमार एवं सदस्यों तथा स्थानीय पंचायत के उपप्रधान राजेश ठाकुर, पंचायत प्रधान मीना कुमारी एवं सदस्यों का भी स्कूल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इसी कारण भंजाल स्कूल हर क्षेत्र में शानदार उपलब्धियां हासिल कर रहा है।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल के शिक्षक व अन्य।

### बिना पंजीकरण 'आर्किटेक्ट' शीर्षक का उपयोग करना दंडनीय अपराध : मनीष

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** आर्किटेक्ट मनीष शर्मा ने मंगलवार को चिंतपूर्णी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि आर्किटेक्ट्स एक्ट, 1972 के तहत काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर के साथ पंजीकृत न होने वाले व्यक्तियों द्वारा 'आर्किटेक्ट' शीर्षक का उपयोग करना एक दंडनीय अपराध है, ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए, जो बिना अनुमति आर्किटेक्ट का नाम इस्तेमाल कर रहे हैं। मनीष शर्मा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार, अपंजीकृत व्यक्ति आर्किटेक्चर से जुड़े काम कर सकते हैं, लेकिन 'आर्किटेक्ट' की उपाधि का दावा नहीं कर सकते। पंजीकृत न होने पर 'आर्किटेक्ट' शीर्षक का उपयोग करना कानूनी अपराध है और इसके लिए जुर्माना या कैद हो सकती है। मनीष शर्मा ने मांग की है कि ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, जो बिना अनुमति आर्किटेक्ट का नाम इस्तेमाल कर रहे हैं और आर्किटेक्ट्स एक्ट, 1972 का उल्लंघन कर रहे हैं।

# बच्चों ने रंगों से वर्षा जल संचयन के उपाय बताए

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

उप मंडल बंगाणा के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में विद्यार्थियों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रहरी इको क्लब की प्रभारी एवं सदस्यों के मार्गदर्शन में एक प्रेरणादायक पेंटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जल के महत्व से अवगत करवाना तथा उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना रहा।

प्रतियोगिता का विषय 'जल है तो कल है' एवं 'जल संरक्षण – जीवन संरक्षण' रखा गया, जिसने विद्यार्थियों को गहराई से सोचने और अपनी रचनात्मकता के माध्यम से समाज को संदेश देने का अवसर प्रदान किया। विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों ने रंगों और कल्पनाशक्ति के माध्यम से जल का महत्व, वर्षा जल संचयन, जल बचाने के सरल उपाय तथा भविष्य में संभावित जल संकट जैसे गंभीर विषयों को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई कलाकृतियाँ केवल चित्र नहीं थीं, बल्कि वे समाज को यह सोचने पर मजबूर करने वाला संदेश थीं कि यदि आज जल का संरक्षण नहीं किया गया, तो आने वाला कल संकटों से घिरा होगा। इन कलाकृतियों के माध्यम से समाज को बहुत ही अच्छे ढंग से जागृत किया कि जल बचाना केवल आवश्यकता नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक जिम्मेदारी भी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'जल हमारे जीवन का आधार है। इसके बिना जीवन की कल्पना भी संभव नहीं।

जल का संरक्षण करना हम सभी का नैतिक और सामाजिक कर्तव्य है।' उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने दैनिक जीवन में जल की एक-एक बूंद की कीमत समझें, अनावश्यक जल व्यर्थ न करें तथा अपने परिवार और समाज को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें। प्रधानाचार्य ने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के जिम्मेदार नागरिक हैं और यदि वे अभी से पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग होंगे, तो भविष्य सुरक्षित रहेगा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान सेजल शर्मा (कक्षा सातवीं) एवं अनीश (कक्षा आठवीं), द्वितीय स्थान रजत कुमार (कक्षा सातवीं) एवं पूनम (कक्षा छठी) तथा तृतीय स्थान अंकित (कक्षा सातवीं) एवं परिधि ठाकुर (कक्षा छठी) ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में बहुत ही बढ़िया पेंटिंग बनाने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा सेजल शर्मा ने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से हमें यह समझने का अवसर मिला कि जल कितना अनमोल है। यदि हम सभी मिलकर थोड़े-थोड़े प्रयास करें, तो जल संकट को रोका जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।



राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां के स्टूडेंट्स।

**राजनीति** सत्ती के आरोपों का प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिया जवाब, एक बार फिर गरमाई ऊना जिले की सियासत

# पूर्व विधायक रायजादा करेंगे सतपाल सत्ती पर मानहानि का मुकदमा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश में ऊना जिले की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। पूर्व कांग्रेस विधायक सतपाल सिंह रायजादा ने वर्तमान भाजपा विधायक सतपाल सिंह सत्ती पर मानहानि का दावा करने को कहा है।

पूर्व कांग्रेस विधायक सतपाल सिंह रायजादा और वर्तमान भाजपा विधायक सतपाल सिंह सत्ती के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला तेज हो गया है। पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में एक प्रेस वार्ता के दौरान स्पष्ट किया कि वह विधायक सत्ती के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे। उन्होंने बताया कि विधायक सतपाल सिंह को उन्होंने कानूनी नोटिस भेजा था, लेकिन इसके जवाब में सत्ती ने आरोपों से इनकार कर दिया। इसके बावजूद उनके बयान मीडिया और सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से फैल गए, जिससे रायजादा की छवि पर गहरा असर पड़ा। अब वह अदालत का दरवाजा खटखटाने जा रहे हैं। इस मुद्दे के अलावा रायजादा ने जिला प्रशासन की व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने नो पार्किंग और नो वेंडिंग जोन को लेकर प्रशासन की आलोचना करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। सरकारी दुकानों के किराए और सबलेटिंग के मामलों पर भी उन्होंने प्रशासन को कठघरे में खड़ा किया और इन मुद्दों की जांच कर उचित कदम उठाने की मांग की है। पूर्व विधायक ने कहा कि जिला प्रशासन की लापरवाही से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। प्रशासन को जल्द से जल्द जनता की समस्या दूर करनी चाहिए। विधायक सतपाल सिंह सत्ती पर निशाना साधते हुए सतपाल सिंह ने कहा कि अपने साले को गलत तरीके से दुकान दिलाई। इसको लेकर मैंने कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराया था, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। मामला 19 नवंबर को रायजादा के होटल के बाहर हुए गोलीकांड के बाद शुरू हुआ, जब विधायक सत्ती ने होटल पर वेश्यावृत्ति जैसे गंभीर आरोप लगाए। रायजादा ने इसे अपनी छवि धूमिल करने की साजिश करार दिया है और कहा है कि इन आरोपों से न सिर्फ उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा, बल्कि यह पूरे राजनीतिक माहौल को भी विषाक्त कर दिया।



सतपाल सिंह रायजादा जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता के दौरान।

### गोलीकांड से ध्यान भटकाने के लिए लगाए जा रहे आरोप: सत्ती



**अनंत ज्ञान, ऊना।** सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने पूर्व विधायक द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक सत्ता में हैं, वह जिससे चाहे, जब चाहें, जिस मर्जी मामले की जांच करवा सकते हैं, लेकिन जनता जानती है कि पूर्व विधायक को अब ही उनकी किराए की दुकानों की जांच करवाने की ज्यादा होड़ क्यों मची है। वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव के दौरान जब पूर्व विधायक ने बतौर कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी नामांकन दाखिल किया था, तो उस वक्त उनकी संपत्तियों को लेकर सवाल खड़ा हुआ था। जनता यह जानना चाहती थी कि पूर्व विधायक की अक्तूबर 2022 से लेकर अप्रैल 2024 तक केवल डेढ़ वर्ष में 5 करोड़ की संपत्ति कैसे बढ़ गई। हालांकि, इस बीच उन्होंने करोड़ों रुपए का लोन भी चुकता किया था, लेकिन आज तक पूर्व विधायक ने उस मामले की जांच नहीं करवाई। पूर्व विधायक का करोड़ों रुपए का लोन कैसे माफ हुआ जनता उसकी भी जांच चाहती है। इतना ही नहीं जिस बैंक से पूर्व विधायक का लोन माफ किया गया इसी बैंक में हजारों लोगों के छोटे-मोटे कर्ज पड़े हैं, यदि पूर्व विधायक सरकार के इतने ही चहेते हैं तो वह सभी लोगों के कर्ज माफ करवाएं। विधायक ने कहा कि कई ज्वलंत मामलों की जांच होनी चाहिए, लेकिन उनकी दुकानों की जांच पूर्व विधायक को करवाने की जल्दी इसलिए मची है क्योंकि उनके होटल के बाहर हुए गोली कांड में एक मासूम की मौत हो गई, कुछ मासूम बच्चे पुलिस से भागते फिर रहे हैं और कुछ मौत और जिंदगी के बीच अस्पतालों में लटक रहे हैं। विधायक ने कहा कि पूर्व विधायक ने इन्हीं सब चीजों से लोगों का ध्यान हटाने के लिए ही उनके खिलाफ आडंबर रचने का काम शुरू किया है।

## वायु प्रदूषण से 'राहत' के लिए कुल्लू-मनाली का रुख कर रहे सैलानी, पर्यटन स्थलों में बढ़ी पर्यटकों की तादाद

# क्रिसमस व न्यू ईयर को लेकर मनाली तैयार

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**कुल्लू।** देश की राजधानी दिल्ली सहित उत्तर भारत के कई हिस्सों में बढ़ते वायु प्रदूषण से परेशान पर्यटक अब राहत की तलाश में हिमाचल प्रदेश का रुख कर रहे हैं।

क्रिसमस और नए साल के जश्न के लिए कुल्लू से कसोल, बंजार व तीर्थन और मनाली तक होटलों में बुकिंग फुल हो चुकी है। साफ हवा, ठंडा मौसम और बर्फ से ढकी वादियों के कारण कुल्लू जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों में सैलानियों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है। इसका सीधा असर होटल कारोबार और पर्यटन गतिविधियों पर दिख रहा है। कुल्लू, मनाली, कसोल, मणिकर्ण और जिभी जैसे पर्यटन स्थलों में बीते कुछ दिनों में पर्यटकों की आमद लगातार बढ़ी है। होटल कारोबारियों के अनुसार पहले जहां कमरों की बुकिंग 40 से 45 फीसदी तक सिमटी हुई थी, अब यह बढ़कर 60 से 80 फीसदी तक पहुंच गई है। रोजाना नए पर्यटक घाटी में पहुंच रहे हैं, जिससे बाजारों और पर्यटन स्थलों में रौनक लौटने लगी है। वहीं, जिला पर्यटन अधिकारी कुल्लू रोहित शर्मा ने बताया, 'कुल्लू जिले के पर्यटन स्थलों में रोजाना पर्यटकों की आमद बढ़ रही है। क्रिसमस और न्यू ईयर पर यह संख्या और बढ़ने की संभावना है। अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन विभाग लगातार प्रयास कर रहा है।


पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटक चहलकदमी करते हुए।

### मणिकर्ण व तीर्थन घाटी पर भी कड़ी निगरानी

**भीड़** सिर्फ मनाली तक सीमित नहीं है। अब सैलानी कसोल (मणिकर्ण घाटी), जीभी और तीर्थन वैली (बंजार) जैसे शांत इलाकों को भी खूब पसंद कर रहे हैं। इन तंग रास्तों पर ट्रैफिक सुचारू रखने के लिए भुंतर से कसोल तक के संवेदनशील पॉइंट्स पर पुलिस तैनात रहेगी। लारजी से जिभी तक के मार्ग पर विशेष नजर रखी जाएगी, ताकि पर्यटकों को संकरी सड़कों पर घंटों फंसना न पड़े।

### हुड़दंगियों पर नजर रखेगी 'तीसरी आंख'

**अक्सर** जश्न के माहौल में शराब पीकर उत्पात मचाने या सड़क किनारे कहीं भी गाड़ी खड़ी करने से अव्यवस्था फैलती है। पुलिस प्रशासन ने साफ कर दिया है कि नो-पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग मचाने वालों और नशे में गाड़ी चलाने वालों से निपटने के लिए पुलिस की टीमें मुस्तैद रहेंगी।

**एसपी** कुल्लू मदन लाल कश्यप ने बताया कि क्रिसमस इव व न्यू ईयर को लेकर पर्यटकों की सुरक्षा व यातायात के मद्देनजर तैयारियां पूरी हैं। हर गतिविधि पर नजर रखी जायेगी और ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रखने के लिए भी जगह-जगह पुलिस जवान तैनात हैं।

### त्योहारों से पर्यटन कारोबार को राहत की उम्मीद

**पर्यटन** कारोबारी अनिल, सुमित, मकरध्वज शर्मा, सोनू व मुकेश ठाकुर का कहना है कि घाटी में अभी बर्फबारी का इंतजार है। बर्फ गिरते ही सैलानियों की संख्या दोगुनी हो सकती है। उन्होंने कहा कि इस साल प्राकृतिक आपदा के कारण पर्यटन कारोबार को भारी नुकसान झेलना पड़ा। जहां पिछले वर्ष कुल्लू जिले में 35 लाख से अधिक सैलानी पहुंचे थे, वहीं इस साल यह आंकड़ा घटकर करीब 23 लाख रह गया। ऐसे में क्रिसमस और न्यू ईयर से कारोबारियों को काफी उम्मीदें हैं।

### ईको-फ्रेंडली गश्त

**पर्यावरण** का ध्यान रखते हुए 5 इलेक्ट्रिक पेट्रोलिंग कारें तैनात की गई हैं। हर परिस्थिति के लिए तैयार: बर्फबारी या कठिन रास्तों के लिए फोर बाई फोर वाहन और ओवरस्पीडिंग रोकने के लिए इंटरसेप्टर गाड़ियां बजौरा से मनाली तक चौबीसों घंटे गश्त करेंगी।

### वाहनों की संख्या में लगातार इजाफा

**प्रशासन** के आंकड़ों के अनुसार हर दिन पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। इससे आने वाले दिनों में पर्यटन कारोबार के और तेज होने की उम्मीद जताई जा रही है। ऐसे में हजारों वाहनों की आमद के बीच कुल्लू-मनाली की सड़कों पर जाम का डर भी बना रहता है। इस चुनौती से निपटने के लिए कुल्लू पुलिस ने इस बार 'स्मार्ट और हाई-टेक' सुरक्षा चक्र तैयार किया है।

## पालतू कुत्ते का पंजीकरण नहीं कराया, तो लगेगा हर महीने 200 रुपए जुर्माना

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली में पालतू कुत्तों का पंजीकरण अब अनिवार्य कर दिया गया है। नगर परिषद ने शहर में कुत्ते पालने वाले सभी नागरिकों को 30 दिनों के भीतर पंजीकरण करवाने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित समय में पंजीकरण न करवाने पर प्रति माह 200 रुपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा। नगर परिषद की जनरल हाउस बैठक में इस विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। पार्षदों ने बिना पंजीकरण पालतू कुत्ते रखने वालों पर सख्ती बरतने पर सहमति जताई। नगर परिषद अध्यक्ष मनोज लारजे ने बताया कि शहर में आवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। कुत्तों के लिए शेल्टर हाउस का निर्माण भी किया जाएगा, जहां नसबंदी के बाद उन्हें रखा जाएगा। ठेका बढ़ोतरी व पानी के बिलों को लेकर आ रही आपत्तियों पर भी चर्चा हुई। जिन मामलों का समाधान नहीं हो पा रहा है, उन्हें शहरी विकास विभाग को भेजा जा रहा है। सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 10 अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती के लिए भी टेंडर किए गए हैं। बिना पंजीकरण चल रहे स्पा को बंद करने के लिए प्रशासन से आग्रह किया।

# कुल्लू जिले की 22 टीबी मुक्त पंचायतें सम्मानित


पंचायत प्रधानों को सम्मानित करते हुए एडीएम कुल्लू व उनके साथ सीएमओ कुल्लू।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

स्वास्थ्य विभाग कुल्लू द्वारा 22 टीबी मुक्त पंचायतों को सम्मानित किया। एक समारोह में इन पंचायतों को मुख्यातिथि एडीसी कुल्लू अश्वनी कुमार के कर कमलों द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर एडीसी ने स्वास्थ्य विभाग की सराहना करते हुए कहा कि विभाग के जनसहभागिता से यह संभव किया है और वह दिन दूर नहीं जब पूरा कुल्लू जिला टीबी मुक्त होगा। इस अवसर पर 17 पंचायतों को ब्राउंज मेडल और पांच पंचायतों को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीएमओ कुल्लू रंजीत ठाकुर ने कहा कि जो पंचायतें पहली बार टीबी मुक्त हुई हैं, उन्हें ब्राउंज मेडल व जो दूसरी बार टीबी मुक्त रहीं, उन्हें सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि जिस भी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक खांसी हो रही हो, उसे नजदीकी अस्पताल में जाकर बलगम का टेस्ट करना चाहिए और टीबी रोगियों को मुफ्त में दवाइयां व सलाह मशवरा दिया जाता है। इसके अलावा टीबी मरीजों को कुछ सहायता भी की जाती है, जिन पंचायतों को यह अवार्ड मिला उनमें बखनी, बेहना, बिनन, डिंगिधार जबान, कराना-1, करशाई गाड, पोखरी, शिल्ली, बाहू, धौगी, बंदल, गाहर, हल्लान-1, काइस, नियोली, पंगन, दलशनी, बखन, देहरा, खरगा, शिश्वी शामिल है।

## न्यूज ब्रीफ

### 'छमक-छल्लो' गीत पर विद्यार्थियों ने मचाया धमाल

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** लिटिल फ्लावर सीनियर सेकेंडरी स्कूल बशकोला (कटराई) में विद्यालय का वार्षिक समारोह हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक रंगों के बीच आयोजित किया गया। समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके बाद कक्षा छठी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य सिस्टर मेबेल हेलेन ने स्वागत भाषण देते हुए विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और उपलब्धियों की जानकारी दी। वार्षिकोत्सव में नर्सरी व केजी के बच्चों की कविता पाठ और नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कक्षा पहली के विद्यार्थियों ने मोबाइल के दुष्प्रभावों पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। कक्षा दूसरी की कव्वाली, तीसरी का रेट्रो डांस, चौथी का पपेट डांस, पांचवीं का लोकगीत 'छमक-छल्लो' तथा आठवीं कक्षा का मिजोरम का पारंपरिक नृत्य विशेष आकर्षण रहे। विद्यालय के चेयरमैन किशन दास ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया और 96.8 प्रतिशत अंक लाने वाली छात्रा को दस हजार रुपये की नकद राशि प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### बेरोजगारों को रोजगार देना सबसे बड़ा धर्म : राणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में मंगलवार को करियर काउंसलिंग सेल एवं क्रैक एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन देना और प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यशाला की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने की। प्राचार्य डॉ. राणा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बेरोजगारी एक गंभीर समस्या है और इससे निपटने के लिए युवाओं को कौशल विकास और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने छात्रों से पढ़ाई को गंभीरता से लेने और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता क्रैक एकेडमी के कंटेंट क्रिएटर संजय चौहान रहे। उन्होंने आईएएस, एचएएस सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, समय प्रबंधन, अध्ययन सामग्री और परीक्षा रणनीति पर उपयोगी जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनीष सूद ने किया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ फैकल्टी सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### हर्षित बेस्ट ब्वॉय, गार्गी व दीपाली बेस्ट गर्ल



**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय लरांकेलो में वार्षिक उत्सव एवं पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राजीव ठाकुर, पूर्व प्रधान हलाण-2 एवं भाजपा किसान मोर्चा जिला सचिव, मुख्य अतिथि रहे। समारोह की अध्यक्षता समाजसेविका तारा कपूर ने की तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य जोगिंद्र तथा भारतीय वायुसेना अधिकारी जुबेदा बौद्ध उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा तैयार प्रदर्शनी के अवलोकन से हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभक्ति गीत, लोकनृत्य, नाटक, योगासन, समूहगान और भाषण प्रस्तुत किए गए। प्रधानाचार्य डिंपल चौहान ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। वर्ष 2025-26 के लिए हर्षित को बेस्ट बॉय तथा गार्गी ठाकुर व दीपाली ठाकुर को बेस्ट गर्ल चुना गया। समारोह में प्रबंधन समिति सदस्य, प्रधानाचार्य, अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### पीड़ित परिवार से विस्तारपूर्वक बातचीत की

**अनंत ज्ञान, सैंज।** हिमाचल प्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने मंगलवार को सैंज क्षेत्र में घटित अनुसूचित जाति की महिला से जुड़े मर्डर एवं दुराचार मामले की सुनवाई बहुउद्देशीय भवन, सैंज में की। सुनवाई की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने की। इस अवसर पर सदस्य दिग्विजय मल्होत्रा और सदस्य सचिव विनय मोदी भी उपस्थित रहे। आयोग ने मामले की गहन समीक्षा करते हुए पीड़ित परिवार से विस्तारपूर्वक बातचीत की। अध्यक्ष धीमान ने कहा कि प्रारंभिक पुलिस जांच में लापरवाही पाई गई और तथ्यों को दबाने के संकेत मिले। संबंधित थाने के तत्कालीन एसएचओ को निलंबित किया गया, जबकि तत्कालीन एसपी और डीएसपी की विभागीय जांच की सिफारिश की गई। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर किसी के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आयोग ने मौके पर निरीक्षण कर स्थानीय लोगों, पीड़ित परिवार और पुलिस अधिकारियों से पूछताछ की। चार आरोपियों को जेल भेजा गया। आयोग ने संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि पीड़ित परिवार को सहायता राशि शीघ्र जारी की जाए। सुनवाई में उपायुक्त कुल्लू, पुलिस अधीक्षक, पंचायत सदस्य और महिला मंडल के सदस्य भी मौजूद रहे।

### राम सिंह मियां ने सुनी लोगों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, बंजार।** जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार में तीर्थन घाटी के बठाहड़ में प्रदेश सरकार का जनकल्याणकारी कार्यक्रम 'प्रशासन गांव की ओर' सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को एक मंच पर सुनना और उनका समाधान सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर एपीएमसी अध्यक्ष राम सिंह मियां, तहसीलदार बंजार नीरज शर्मा, स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने सड़क निर्माण, पेयजल संकट, बिजली, परिवहन, पुल निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा और सरकारी योजनाओं से जुड़े मुद्दे लिखित और मौखिक रूप में प्रस्तुत किए। कुल 13 लिखित शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से कई का मौके पर समाधान किया गया, जबकि बाकी मामलों पर संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए। राम सिंह मियां ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता और तत्परता के साथ किया जाए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में भी बठाहड़ समेत उपमंडल के अन्य दूरदराज क्षेत्रों में यह कार्यक्रम नियमित रूप से जारी रहेंगे, ताकि ग्रामीण घर के द्वार पर प्रशासन से सीधे संवाद कर सकें।

## स्ट्रीट वेंडर्स एंड वर्कर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, मनाली।** स्ट्रीट वेंडर्स एंड वर्कर्स वेलफेयर एसोसिएशन मनाली के पदाधिकारियों ने मंगलवार को एसडीएम मनाली को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मनाली शहर में बढ़ रही अवैध गतिविधियों पर कड़ा संज्ञान लेने की मांग की गई। एसोसिएशन ने 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों से बाजार में कराए जा रहे व्यापार, स्ट्रीट वेंडर्स की आड़ में नशे के कारोबार और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर अंकुश लगाने का आग्रह किया। पदाधिकारियों ने कहा कि कुछ लोग रेडी-फड़ी की आड़ में नशे को बढ़ावा दे रहे हैं, जिसकी संगठन कड़ी निंदा करता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन का उद्देश्य स्ट्रीट वेंडर्स को उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराकर मनाली को स्वच्छ व सुंदर बनाना है। एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि इन हालातों के लिए नगर परिषद जिम्मेदार है। प्रतिनिधिमंडल में प्रधान जमुना, उपप्रधान केसंग, महासचिव अवनीश, सचिव सुमित्रा देवी आदि शामिल रहे।

# क्षेत्रीय अस्पताल की कैंटीन में आग, 50 हजार का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू की कैंटीन में आगजनी की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 6:05 बजे अस्पताल की कैंटीन के किचन में अचानक आग लग गई।

आग लगते ही अफरा-तफरी मच गई, ऐसे में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मी राकेश ने तुरंत अग्निशमन विभाग को घटना के बारे में सूचित किया और सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड कुल्लू की टीम मौके पर पहुंची और समय रहते आग पर काबू पा लिया। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन कैंटीन में काम कर रहे एक व्यक्ति का हाथ थोड़ा झुलस गया है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण एलपीजी सिलेंडर का लीकेज बताया है। आगजनी की इस घटना में कैंटीन को करीब 50,000 का नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### घटना का विवरण

**अस्पताल** कैंटीन में सुबह के नाश्ते की तैयारी चल रही थी, तभी एलपीजी सिलेंडर में हुए रिसाव ने भयानक रूप ले लिया। गैस लीक होने की वजह से आग ने देखते ही देखते पूरी रसोई को अपनी आगोश में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि कैंटीन के भीतर रखा कीमती सामान जल गया।

### प्रशासन की कार्रवाई

**हादसे** के बाद पुलिस बल ने भी घटनास्थल का मुआयना किया और साक्ष्य जुटाए। इस गंभीर चूक के बाद अस्पताल प्रबंधन को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने फायर सेफ्टी प्रोटोकॉल की दोबारा समीक्षा करें ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही की पुनरावृत्ति न हो।

# विधायक ने 10 लाख की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

विकास खंड नग्गर के तहत आने वाली ऊझी घाटी की रायसन पंचायत में मंगलवार को विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सामान्य सेवा केंद्र तथा पंचायत घर की दूसरी मंजिल के निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन किया गया।

दोनों विकास परियोजनाओं पर पांच-पांच लाख रुपए की राशि व्यय की गई है, जबकि कुल लागत दस लाख रुपए रही। इन विकास कार्यों का उद्घाटन मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्थानीय लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम को विशेष गरिमा मिली। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने उद्घाटन के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सामान्य सेवा केंद्र के सुदृढ़ होने से ग्रामीण जनता को विभिन्न सरकारी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। वहीं पंचायत घर की दूसरी मंजिल के निर्माण से पंचायत की प्रशासनिक गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालित करने में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में रायसन पंचायत सहित पूरे क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को और मजबूत किया जाएगा तथा जनकल्याण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। स्थानीय पंचायत प्रधान कर्म चंद और अन्य वक्ताओं ने भी विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन विकास कार्यों से पंचायत के लोगों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उद्घाटन समारोह के दौरान स्थानीय लोगों में उत्साह देखने को मिला और उन्होंने विकास कार्यों के शीघ्र पूर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर विधायक भुवनेश्वर गौड़ के साथ जिला परिषद उपाध्यक्ष बीर सिंह ठाकुर, जिला परिषद सदस्य दीपिका, स्थानीय पंचायत प्रधान कर्म चंद, खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इनके अलावा मनीष, प्रेम शर्मा, टेकचंद नेगी, चमन ठाकुर सहित अनेक गणमान्य नागरिकों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।


विधायक भुवनेश्वर गौड़ विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करने के दौरान।

# आंगनबाड़ी सहायिका पदों के लिए अब 9 जनवरी तक आवेदन

**अनंत ज्ञान, आनी**

कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी, आनी द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार आंगनबाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया में आंशिक संशोधन किया गया है। पूर्व में जारी सूचना संख्या 4-आनी-आईसीडीएस-आंवाका/सहा-स्थापना दिनांक 25 नवंबर के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार की तिथि 24 दिसंबर निर्धारित की गई थी।

बाल विकास परियोजना अधिकारी इंद्र सिंह गर्ग ने बताया कि ग्राम पंचायत पलेही के आंगनबाड़ी केंद्र खणी में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद के लिए केवल एक ही पात्र आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत लगौटी के आंगनबाड़ी केंद्र कुआ में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद के लिए केवल दो आवेदन पत्र ही प्राप्त हुए हैं। निर्धारित संख्या से कम आवेदन प्राप्त होने के कारण इन दोनों आंगनबाड़ी केंद्रों में 24 दिसंबर को साक्षात्कार नहीं लिए जाएंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अब इन दोनों पदों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 9 जनवरी कर दी गई है, जबकि साक्षात्कार की नई तिथि 13 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। यह संशोधन केवल ग्राम पंचायत पलेही के आंगनबाड़ी केंद्र खणी तथा ग्राम पंचायत लगौटी के आंगनबाड़ी केंद्र कुआ में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों के लिए लागू होगा। कार्यालय ने स्पष्ट किया कि जिन आवेदनकर्ताओं ने पूर्व में निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन किया है तथा जिन्हें कार्यालय द्वारा आवेदन की पावती जारी की जा चुकी है, वे संशोधित तिथि के अनुसार निर्धारित समय व स्थान पर साक्षात्कार के लिए अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। बाकी केंद्रों के लिए साक्षात्कार तय तिथि 24 दिसंबर को ही होंगे।

## छात्रों को मेहनत व नैतिक मूल्यों का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय केलांग का 38वां वार्षिक समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद सदस्य कुंगा बोध ने शिरकत की। बीपीओ छिमेद, ऊषा किरण और एसएमसी तेनजिन खंडों ने अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। समारोह का स्वागत प्रधानाचार्य रमेश योतरपा, शिक्षकगण और विद्यार्थियों ने किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने लाहौली, कुल्लवी, हिमाचली, तिब्बती, भूटानी, केरल और नेपाली लोक नृत्य, गीत तथा नशा मुक्ति और सड़क सुरक्षा पर नाटिका प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा दिखाई। मुख्यातिथि ने छात्रों को मेहनत, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया और शिक्षकों की सराहना की। उन्होंने छात्रों को पुरस्कार वितरित किए और भविष्य में विद्यालय की आवश्यकताओं को पूरा करने का आश्वासन दिया।

# मांगों को लेकर जल शक्ति विभाग लारजी के कार्यालय का किया घेराव


मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए सीटू के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, सैंज**

प्रदेश आईपीएच कांट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू कुल्लू के द्वारा अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग लारजी कार्यालय के बाहर अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू के जिला महासचिव राजेश ने कहा कि जलशक्ति विभाग लारजी डिवीजन में कार्यरत ठेका मजदूरों का ठेकेदारों के द्वारा समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा है। 5 ठेका मजदूरों का पिछले 14 माह का वेतन ठेकेदार के द्वारा नहीं दिया गया है और अन्य ठेका मजदूरों को भी न्यूनतम वेतन नहीं दिया जा रहा है जो कि सरासर श्रम कानूनों का उल्लंघन है। ठेका मजदूरों को छुट्टियों का कोई प्रावधान नहीं है और मजदूरों को न तो आई कार्ड व न ही वेतन स्लिप दी जाती है। प्रदर्शनकारियों को सीटू जिला प्रधान चमन ठाकुर, सचिव धर्मपाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि जल शक्ति विभाग में हो रहे ठेका मजदूरों का शोषण सहन नहीं किया जाएगा। अगर मजदूरों का बकाया वेतन व अन्य मांगों को समय पर पूरा नहीं किया गया तो आने वाले समय में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान प्रदर्शन में यूनियन के प्रधान माल सिंह, सचिव विद्या सागर, कोषाध्यक्ष कुलदीप व रोहित हुक्म, खूब राम, ईश्वर, बुधि सिंह, प्रशांत सागर, भूपेंद्र, ताप राम, लाल सिंह, मोती राम, चुनी लाल, ईश्रु राम आदि उपस्थित रहे।

## धर्मशाला मैराथन में शामिल होने के लिए करें रजिस्ट्रेशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** धर्मशाला नगर निगम द्वारा जिला प्रशासन कांगड़ा के सहयोग से धर्मशाला मैराथन का आयोजन 25 दिसंबर को किया जा रहा है। मैराथन का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'चिट्टा मुक्त हिमाचल' अभियान को मजबूती प्रदान करना है। इसके साथ-साथ यह आयोजन स्वास्थ्य जागरूकता, शारीरिक फिटनेस, सामुदायिक सहभागिता तथा कांगड़ा जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगा। इस मैराथन में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा अधिक से अधिक लोगों को मैराथन शामिल होने की अपील की गयी है। इच्छुक प्रतिभागी मैराथन के लिए ऑनलाइन पंजीकरण वेबसाइट पर कर सकते हैं अथवा अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 97179-22257 पर संपर्क कर सकते हैं।

## आयोजन | जिले में शीतकालीन तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक हुई आयोजित

# रिलीफ शेल्टर व जरूरी संसाधनों की करें पूर्व तैनाती: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिले में आगामी शीत ऋतु के दौरान संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा की गई तैयारियों के संदर्भ में उपायुक्त कार्यालय के सभागार कक्ष में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष किरण भड़ाना ने की। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित विभागों से सर्दियों के दौरान सड़क संपर्क, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, खाद्यान्न एवं आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता, आपातकालीन सेवाओं तथा संचार व्यवस्था से जुड़ी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समय रहते आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करें, ताकि आम जनता को किसी भी बर्फबारी के समय पर किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उपायुक्त ने बर्फबारी संभावित क्षेत्रों में मशीनरी, आवश्यक उपकरणों और मानव संसाधन की पूर्व तैनाती सुनिश्चित करने पर बल दिया। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग को दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता, एंबुलेंस सेवाओं की तत्परता तथा आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने लोनिवि व सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों को स्नो फाल से बंद होने वाली सड़कों को तुरंत बहाल करने के लिए आवश्यक तैयारियां रखने को कहा। उन्होंने इन दोनों विभागों को आवश्यक मशीनरी की सूची आपस में साझा करने सहित उपमण्डलाधिकारियों को देने के लिए कहा। उन्होंने जल शक्ति विभाग को सर्दियों के समय आवश्यक पेय जल आपूर्ति सुनिश्चित बनाए रखने हेतु जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को थिरोट पॉवर हाउस के रिजरवायर की डिसिलटिंग के कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए ताकि बर्फबारी के समय मनाली से बिजली आपूर्ति न होने पर घाटी में बिजली की समस्या न हो। उन्होंने काजा उपमंडल में दो मेगा वाट के सोलर पॉवर प्लांट की वर्तमान स्थिती के बारे में चर्चा की और बचे हुए कार्य को बर्फबारी से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि काजा उपमंडल में शीत ऋतु के दौरान बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।


उपायुक्त कार्यालय के सभागार कक्ष में समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करतीं डीसी किरण भड़ाना।

उन्होंने खंड विकास अधिकारी को जिला की सभी पंचायतों में एमरजेंसी रिसपोंस सेंटर बनाने सहित इनमें से दस केंद्रों को रिलिफ शेल्टर के रूप में घोषित करने के लिए कहा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बैठक में बताया कि शीत ऋतु की आवश्यकता के अनुसार आवश्यक दवाईयों की खरीद कर ली गई है तथा विभिन्न स्वस्थ्य संस्थानों में इनका वितरण कर दिया गया है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिला में फयूल वुड (बालन लकड़ी) का वितरण कर दिया गया है। उन्होंने जिला प्रबंधन प्राधिकरण व उपमण्डल अधिकारियों सहित सीमा सड़क संगठन को निर्देश दिए कि उनके पास जो साटेलाइट फोन सक्रिय हालत में रहें। ताकि आपदा के समय आवश्यक संचार व्यवस्था बनी रहे। इसके अतिरिक्त बैठक में वाहनों के बर्फबारी के दौरान वाहनों के फसने, पागल नाला के पास यातायात व्यवस्था, अग्निशमन वाहनों के लिए जल व्यवस्था, एमरजेंसी रिसपोंस सेंटर के लिए इक्यूपमेंट खरीदने, पटसेऊ में लोनिवि के विश्राम गृह को स्क्यू सेंटर के रूप में नोटिफाई करने, कुत्तों के वैक्सीनेशन, मोबाइल टॉवर के लिए आवश्यक ईंधन भंडारण सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में सीमा सड़क संगठन, जिला स्तर के सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने अपनी-अपनी तैयारियों की जानकारी साझा की।

# डीसी लाहौल-स्पीति ने किया ईवीएम व वीवीपैट भंडारण कक्ष का निरीक्षण


डीसी लाहौल-स्पीति ईवीएम एवं वीवीपैट भंडारण कक्ष का निरीक्षण करती हुईं।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के भंडारण कक्ष का त्रैमासिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता व निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

डीसी ने निरीक्षण के दौरान मशीनों के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, अग्निशमन उपकरणों व लॉगबुक संधारण जैसी व्यवस्थाओं की विस्तार से जांच की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी मानक संचालन प्रक्रियाओं का कड़ाई से पालन किया जाए। कार्यवाहक निर्वाचन तहसीलदार विकास कुमार भी निरीक्षण के समय उपस्थित रहे और उन्होंने व्यवस्थाओं से जुड़ी तकनीकी जानकारी प्रदान की और बताया कि सभी ईवीएम व वीवीपैट मशीनों की सीलिंग व भंडारण नियमों के अनुरूप किए गए हैं तथा परिसर में किसी भी प्रकार की अनधिकृत पहुंच पूर्णतः प्रतिबंधित है। इस दौरान राजनीतिक दलों, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सचिव नवांग सोनम और कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष टशी केसांग उपस्थित रहे, राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों ने भी सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया और संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी (ना.) केलांग कुनिका अकर्स सहित निर्वाचन विभाग से वरिष्ठ सहायक सुरिंदर कुमार और सहायक प्रोग्रामर मनीष प्रभाकर भी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### लहसुन व्यापारी से 22 लाख की ठगी, एक काबू

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ पुलिस ने लहसुन के एक व्यापारी के साथ 22 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले मध्यप्रदेश के दो आरोपियों में से एक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई साईबर यूनिट के सहयोग से की गई। ग्राम पंचायत छोगटाली के झांगन निवासी लहसुन व्यापारी नारायण दत्त शर्मा ने 29 सितंबर को स्थानीय थाना में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया गया कि मध्यप्रदेश के दो व्यक्ति स्वयं को लहसुन के आढ़ती बताकर उसके पास पहुंचे और दो ट्रक लहसुन खरीदने की बात कही। आपसी जान-पहचान न होने के कारण व्यापारी ने पहले उन्हें लहसुन देने से इनकार कर दिया था। कुछ समय बाद आरोपी दोबारा उसके पास आए और विश्वास में लेने के लिए दस लाख रुपए एडवांस के रूप में दिए। इस पर भरोसा करते हुए नारायण दत्त शर्मा ने 22 और 23 सितंबर को उन्हें दो ट्रक लहसुन सौंप दिए। इसके बाद आरोपी रातों-रात राजगढ़ से फरार हो गए और अपने मोबाइल फोन भी बंद कर लिए। इस तरह व्यापारी के साथ करीब 22 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई। डीएसपी वीसी नेगी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस की टीम ने मुस्तैदी से कार्य करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है।

### पंचर की दुकान से मिली 1.426 किलो भुक्की

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब में पुलिस की एसआईयू टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बस स्टैंड के नजदीक एक पंचर लगाने की दुकानों में दबिश के दौरान 1 किलो 426 ग्राम भुक्की बरामद की। पांवटा के डीएसपी मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि बीती रात पांवटा साहिब में बस स्टैंड के नजदीक टायर पंचर की दुकान के अंदर से यह बरामदगी हुई है। डीएसपी ने बताया कि टीम ने दुकान मालिक इमरान खान पुत्र अब्दुल हमीद निवासी गांव ढकरानी डाकघर व तहसील विकासनगर जिला देहरादून के कब्जे से 1 किलो 426 ग्राम भुक्की बरामद की है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में एफआईआर दर्ज कर दी गई है। डीएसपी ने बताया आरोपी को अदालत में पेश किया जा रहा है।

### ग्राम सभा की स्थापना करने बारे अधिसूचना जारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के पंचायतीराज विभाग द्वारा सोलन जिले के अंतर्गत आने वाली ग्राम सभा का विभाजन अथवा पुनर्गठन कर नई ग्राम सभा का गठन अथवा स्थापना के संबंध में अधिसूचना जारी कर आक्षेप व सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में संबंधित ग्राम सभा सदस्यों की आपत्ति अथवा सुझाव हों, तो वह अधिसूचना जारी होने की तिथि से 7 दिनों के भीतर डीसी सोलन को प्रस्तुत करने होंगे। उन्होंने जिले के संबंधित खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस अधिसूचना की जानकारी संबंधित ग्राम सभा में दें, ताकि समय पर आक्षेप व सुझाव प्राप्त हो सके।

### स्कूल के बच्चों को बांटी स्वेटर और टोपियां

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भारत विकास परिषद नाहन शाखा के द्वारा बाल संस्कार कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला ढाब्बो नाहन में स्वेटर टोपियां तथा अन्य सामग्री वितरित की गईं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत विकास परिषद नाहन शाखा के वरिष्ठ सलाहकार प्रोफेसर अमर सिंह चौहान द्वारा की गई, जो कि साई समिति के भी अध्यक्ष हैं। उन्होंने अपने संबोधन में भारत और भारत विकास परिषद के विषय में जानकारी दी अपने विचार रखे भारत की संप्रभुता के विषय में तथा भारत विकास परिषद के पांच सूत्र के विषय में प्रकाश डाला। सरोज जमवाल ने भी शिक्षा तथा मानवीय मूल्य पर आधारित गुणात्मक शिक्षा पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर जरूरतमंद 16 विद्यार्थियों को स्वेटर बांटी गई तथा 30 बच्चों को टोपियां वितरित की गईं तथा अन्य सामान वितरित किया। भारत विकास परिषद नहान की तरफ से बच्चों को भोजन भी कराया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम रखकर लोगों की बाहवाही लूटी।

### 'ध्यान से मानसिक तनाव कम, आत्मविश्वास बढ़ता है'

**अनंत ज्ञान, नाहन।** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग, नाहन शाखा ने विभिन्न संस्थानों में ध्यान योग शिविर का आयोजन किया। आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक शाश्वत शर्मा ने बताया कि बदलती जीवनशैली, तनाव और चिंता के कारण मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में वृद्धि हो रही है, और इनसे निपटने में ध्यान महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अरिहंत इंटरनेशनल स्कूल के 200 से अधिक विद्यार्थियों और शिक्षकों ने शिविर में भाग लिया। इसी श्रृंखला में जिला पंचायत कार्यालय, नर्सिंग कॉलेज, रोटरी इनर विल क्लब और एचडीएफसी बैंक के प्रतिभागियों ने भी ध्यान अभ्यास किया। प्रतिभागियों ने श्वास-प्रश्वास तकनीक, ध्यान आसन और मन की एकाग्रता बढ़ाने के सरल उपाय सीखे। शाश्वत शर्मा व स्वयंसेवक ईशा ठाकुर और नीलम ठाकुर ने सभी प्रतिभागियों और संस्थानों का आभार व्यक्त किया।

### गोविंद घाट के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने पांवटा साहिब में यमुना नदी तट पर स्थित गोविंद घाट के निर्माण व सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि यह परियोजना नमामि गंगे योजना के अंतर्गत क्रियान्वित की जा रही है, जिसकी अनुमानित लागत लगभग 29 करोड़ रुपए है। मंत्री ने कहा कि गोविंद घाट का विकास पांवटा साहिब आने वाले सभी धर्मों के श्रद्धालुओं की सुविधाओं, सुरक्षा व समग्र विकास की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। इस परियोजना से न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यमुना नदी के संरक्षण एवं स्वच्छता को भी सुदृढ़ किया जाएगा। मंत्री ने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार इस महत्वपूर्ण परियोजना पर लगातार निगरानी रखे हुए है तथा इसके शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण पूर्णता हेतु आवश्यक सभी प्रकार की सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने संबंधित एजेंसियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

### सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल ने मनाया वार्षिक समारोह

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट ने अपना वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया। समारोह में अदाणी अंबुजा सीमेंट कंपनी के मुख्य प्रबंधक संदीप शेर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जबकि राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एवं समाजसेवी सरताज सिंह राठौर विशेषातिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिक्षा समिति के प्रांत अधिकारी मस्त राम शर्मा मुख्य वक्ता रहे। मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन एवं विद्यार्थियों को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा।

### एनजेडईए ने स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**अनंत ज्ञान, नाहन।** एलआइसी नाहन ब्रांच में एनजेडईए के 70वें स्थापना दिवस के मौके पर सदस्यों द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर एनजेडईए के सचिव सतनाम सिंह ने साथियो, यह अवसर केवल उत्सव का नहीं है, बल्कि स्मरण, आत्ममंथन और संकल्प का भी है। यह वह क्षण है जब हम भविष्य की रणनीति गढ़ते हुए अपने गौरवशाली अतीत पर विहंगम दृष्टि डालते हैं, इतिहास से सीखते हैं और संघर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने कहा कि आज, जब सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों पर हमले तेज़ हैं, एलआईसी के सार्वजनिक चरित्र को कमजोर करने के प्रयास जारी हैं, श्रम अधिकारों का संकुचन हो रहा है और ट्रेड यूनियन आंदोलन को हाशिये पर धकेलने की सुनियोजित कोशिशें चल रही हैं। इस अवसर पर सदस्यों में मिठाई खिलाकर खुशी जताई गई। कार्यक्रम में जयप्रिया, अमृता, गौरव, रोहित,लतीफ, बलबीर व राजीव उपस्थित रहे।

### वादे केवल कागजों तक ही सीमित : शैलेंद्र

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा शहरी मंडल सोलन अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री द्वारा सोलन की जनता से नियमित पेयजल आपूर्ति, मुफ्त पानी और घर-घर से मुफ्त कूड़ा उठाने जैसे बड़े-बड़े वादे किए गए थे। आज लगभग पांच वर्ष बीतने को हैं, लेकिन ये वादे केवल कागजों तक ही सीमित रह गए हैं। स्थिति यह है कि सर्दियों के मौसम में भी सोलन शहर के नागरिकों को छठे-सातवें दिन पानी मिल रहा है। कड़ाके की ठंड में लोग पानी के लिए तरस रहे हैं, वहीं दूसरी ओर जनता को महंगे-महंगे पानी के बिल थमाए जा रहे हैं। यह हाल तब है जब कांग्रेस समर्थित पार्षद सत्ता में होते हुए भी इस गंभीर मुद्दे पर जनता को कोई जवाब देने की स्थिति में नहीं हैं। गुप्ता ने कहा कि सोलन की मासूम जनता आज पूछना चाहती है कि हमारा क्या कसूर था जो हमने आपके घोषणा पत्र पर विश्वास किया? आखिर यह बदहाली कब तक चलेगी? सोलन की जल संकट की समस्या को और गहरा करने में कसौली पेयजल योजना की विफलता भी एक बड़ा कारण है।

### पंचायत भवन में स्वच्छता अभियान चलाया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय महाविद्यालय जयनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया। मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. अंजना सूद ने दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविर में स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय, मंदिर, जल स्रोत, बाजार और पंचायत भवन में स्वच्छता अभियान चलाया और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। सात दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला में करियर, संप्रेषण कौशल और आलोचनात्मक सोच पर मार्गदर्शन दिया गया।

# एमसी सोलन में कनिष्ठ अभियंताओं की कमी, एक का इस्तीफा एक की पदोन्नति

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**





'नगर निगम सोलन में फिलहाल पांच कनिष्ठ अभियंताओं की सेवाएं मिल रही थी पर एक कनिष्ठ अभियंता ने निजी कारणों से इस्तीफा दिया है जबकि एक वरिष्ठ कनिष्ठ अभियंता पदोन्नत हो गए हैं। ऐसे अब कार्यो के निपटान के लिए अतिरिक्त कनिष्ठ अभियंताओं की जरूरत रहेगी। इस संबंध में यूडी को लिखा जाएगा।

**एकता कापटा,आयुक्त, नगर निगम सोलन।**

अनंत ज्ञान स्पैशल

**सोलन।** कनिष्ठ अभियंताओं की कमी से पहले ही नगर निगम सोलन में विकास कार्यों की डीपीआर, मकानों के नक्शे, पानी और सीवरेज के तकनीकी कार्य लंबित हो रहे हैं। वहीं, अब एक आउटसोर्स कनिष्ठ अभियंता ने अचानक इस्तीफा दे दिया है और एक वरिष्ठ कनिष्ठ अभियंता विनोद पाल पदोन्नत होकर सहायक अभियंता बने हैं, ऐसे में नगर निगम को आने वाले दिनों में कनिष्ठ अभियंताओं की कमी खलने वाली है।

नगर निगम में अभी तक पांच कनिष्ठ अभियंता कार्यरत थे जो अब घटकर तीन हो गए हैं। जानकारी के मुताबिक नगर निगम को 17 वार्डो में विभिन्न तकनिकी कार्यो के लिए 8 कनिष्ठ अभियंताओं की जरूरत है। वर्तमान में कनिष्ठ अभियंताओं पर कार्यो का बोझ बढ़ रहा है। आउट सोर्स कनिष्ठ अभियंता के इस्तीफे का कारण भी वर्क लोड बताया जा रहा है। बता दें कि वर्ष 2020 में परिषद से अपग्रेड होकर निगम बने एमसी सोलन का का राजस्व और काम पांच गुना बढ़ गया है, लेकिन पर्याप्त कर्मचारियों की कमी इसकी दक्षता पर पड़ रहा है। नगर निकाय आय के साधन जुटाने को फील्ड स्टाफ की मांग कर रहा है, लेकिन लगातार राज्य सरकार से इसकी मंजूरी नहीं मिल रही है। निगम ने अधिक पदों के सृजन के लिए अगस्त 2022 में सामान्य सदन में एक प्रस्ताव पारित किया था। 17 वार्डों वाले सोलन शहर की जनसंख्या करीब 50 हजार है जबकि घरों की संख्या भी बढ़कर लगभग 14,000 हो गई है। काम में कई गुणा वृद्धि के कारण प्रभावी सेवाओं के साथ-साथ आय के साधन जुटाने के लिए अधिक कर्मचारियों की आवश्यकता थी। पानी की बिल बकाया वसूलने के लिए नगर निगम के पास पर्याप्त संख्या में मीटर रीडर नहीं हैं। हालत यह है की निगम का स्टेटस मिलने के बावजूद परिषद जितने कार्य भी नहीं हो रहे हैं। नगर निगम सोलन में कई अहम पद खाली होने से विकास कार्यों सहित नक्शा पास, रिकवरी, डॉग स्टरलाइजेशन महत्वपूर्ण, पेंशन और ई ऑफिस जैसे महत्वपूर्ण कार्य लंबित हो रहे हैं। निगम ने एक प्रस्ताव पास कर राज्य सरकार से तहसीलदार (वसूली), पशु चिकित्सा सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी, कंप्यूटर प्रोग्रामर, फोरमैन (इलेक्ट्रिक), सहायक सामाजिक विकास अधिकारी, सर्वेक्षक, पांच कनिष्ठ कार्यालय सहायकों के पद सृजित करने का आग्रह किया था। इसके अलावा दो सेनेटरी इंस्पेक्टर और चार चपरासी की भी मांग है। बावजूद इसके सरकार से पदों को भरने की मंजूरी नहीं मिल पाई है। कनिष्ठ अभियंताओं की कमी के कारण शहर में विकास कार्यों की डीपीआर, मकानों के नक्शे, पानी और सीवरेज के तकनीकी कार्य लंबित हो रहे हैं। हालात यह है कि निगम के तीन कनिष्ठ अभियंताओं के भरोसे शहर के 17 वार्ड हैं, जबकि मांग आठ कनिष्ठ अभियंताओं की है। लोगों को अपने कार्यों के लिए बार बार कार्यालय की चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ता है। सफाई निरीक्षकों और कर्मचारियों की कमी से भी शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाना चुनौती बन चुका है।

## आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निवारण करना सरकार की प्राथमिकता : विनोद सुल्तानपुरी



कार्यक्रम में 'चिट्टा मुक्त अभियान' की शपथ दिलाते विधायक विनोद सुल्तानपुरी।

**अनंत ज्ञान, कुमारहट्टी**

कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निवारण प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। वह आज सोलन उपमंडल की ग्राम पंचायत भोजनगर में 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

यह अभियान सुशासन सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किया गया और इसका उद्देश्य जनता को उनके द्वार पर पारदर्शी, त्वरित और प्रभावी सेवाएं प्रदान करना है। विधायक ने कहा कि कसौली विधानसभा क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने तड़ोल मार्ग के निर्माण के लिए 25 लाख रुपए स्वीकृत किए जाने की जानकारी दी और बताया कि शीघ्र ही भोजनगर से इलेक्ट्रॉनिक मुद्रिका बस सेवा शुरू की जाएगी। नारायणी के पास पानी के बांध का निर्माण भी जल्द किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित लोगों को 'चिट्टा मुक्त प्रदेश अभियान' के तहत शपथ दिलाई और नशे से दूर रहने व समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। विद्युत बोर्ड, जल शक्ति, लोक निर्माण, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों को उन्होंने सुना और अधिकारियों को शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। उपमंडलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल ने कहा कि यह शिविर प्रशासन और आमजन के बीच सेतु का काम करता है। इस अवसर पर भोजनगर, बड़ोग और बोहली पटवार वृत्त के लोगों की समस्याएं सुनी गईं। 48 इंतकाल और 42 विभिन्न प्रमाण पत्र बनाए गए, जबकि 49 शिकायतें व मांगें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर समाधान किया गया और शेष को संबंधित विभागों को भेजा गया।

## सैंणधार उत्सव के महादंगल में उमड़ा जनसैलाब

**अनंत ज्ञान, सराहां**



सैंणधार उत्सव की सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि का स्वागत करते आयोजक।

जिला सिरमौर के नारग में आयोजित सैंणधार उत्सव का समापन पारंपरिक उल्लास, खेल भावना और सांस्कृतिक रंगों के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ।

उत्सव के अंतिम दिन आयोजित महा दंगल और सांस्कृतिक संध्या आकर्षण का केंद्र रहे। समापन अवसर पर आयोजित महा दंगल में दूरदराज से आए पहलवानों ने दमखम और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। दंगल में बड़ी माली 51,000 रुपए तथा छोटी माली 31,000 रुपए रखी गई थी। बड़ी माली दिल्ली और हरियाणा के पहलवानों की बीच हुई, जिसमें हरियाणा के रोहित इसराना विजेता रहे, जबकि दिल्ली के रोहित उपविजेता रहे। छोटी माली में वासनी के धर्मेंद्र विजेता रहे, जबकि नैनाटिक्कर के सोहन लाल उपविजेता रहे। दंगल कार्यक्रम में एएसपी योगेश रोल्टा और कमल राम कश्यप बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे, जबकि आशु भाटिया और महामंडलेश्वर दयानंद भारती विशेषातिथि के रूप में मौजूद रहे। अतिथियों ने पहलवानों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की। मुख्यातिथियों ने दंगल के पश्चात सैंणधार उत्सव की स्मारिका का विमोचन भी किया।

सांस्कृतिक संध्या में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्टार परफॉर्मर दलीप सिरमौरी ने अपनी शानदार प्रस्तुति से खूब रंग जमाया, वहीं भारती शर्मा ने भी एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर पंडाल में मौजूद दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों की भारी भीड़ और तालियों की गूंज उत्सव की सफलता का प्रमाण बनी। इस अवसर पर प्रताप ठाकुर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे, जबकि विद्या दत्त शर्मा विशिष्टातिथि के रूप में मौजूद रहे। सैंणधार उत्सव की संस्थापक भावना ओबेरॉय सहित सभी कमिटी के पदाधिकारियों ने उत्सव के सफल आयोजन के लिए क्षेत्रवासियों, आयोजन समिति, कलाकारों, खिलाड़ियों और प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में इस उत्सव को और अधिक बेहतर, भव्य और व्यापक जनभागीदारी के साथ आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने मां नागरकोटी और देवता कुंवरू महाराज से क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

## हरिपुरधार में पुलिस की नजर से नहीं बच पाई नकली पुलिस

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर के मंडल के हरिपुरधार में हिमाचल प्रदेश पुलिस ने दो नकली पुलिस की गाड़ियों सहित दो लोगों को धर दबोचा है।

जानकारी के मुताबिक हरिपुरधार के मुख्य बाजार में लाल बत्ती लगी दो गाड़ियां घूम रही थी, इन गाड़ियों में बाकायदा पुलिस की नेम प्लेट भी लगी थी, जैसे ही इन गाड़ियों पर हिमाचल प्रदेश पुलिस की पहली नजर पड़ी, तो ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को शक हुआ, जिसके चलते उन्होंने इन गाड़ियों में बैठे लोगों से पूछताछ शुरू की। गाड़ी में सवार लोगों में से एक ने बाकायदा पुलिस की वर्दी भी पहनी हुई थी, जब पुलिस ने नकली पुलिस की गाड़ियों और उसमें बैठे लोगों से पूछताछ शुरू की तो पता चला कि यह असली नहीं, बल्कि नकली पुलिस बनकर घूम रहे हैं। मौके की नजाकत को देखते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने अपने उच्च अधिकारियों को सूचित किया। इसके चलते पुलिस ने तुरंत एसएचओ रेणुका प्रियंका को मौके के लिए रवाना किया। मौके पर पहुंचकर एसएचओ रेणुका ने दोनों गाड़ियों को संगड़ाह थाने में लाया और गाड़ी में बैठे लोगों से पूछताछ की। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक सिरमौर एनएस नेगी ने बताया कि हरिपुरधार में सोमवार को पुलिस ने दो नकली पुलिस नेम प्लेट लगी गाड़ियों को पकड़ा है। इन गाड़ियों में दो लोगों को भी डिटेन किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इनमें से एक व्यक्ति के पास लाइसेंस पिस्टल भी पाई गई, लेकिन यह पिस्तौल उसके कार्य क्षेत्र से बाहर के एरिया में पाई गई है। इनमें दो लोगों को हिरासत में लिया है, जिनमें से एक व्यक्ति ने बाकायदा पुलिस की वर्दी भी पहन रखी है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## सिरमौर जिले में 3951 कुत्तों का किया टीकाकरण

**अनंत ज्ञान, नाहन।** आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर नियंत्रण और लोगों की सुरक्षा के लिए पशुपालन विभाग द्वारा व्यापक टीकाकरण और स्टरलाइजेशन अभियान चलाया जा रहा है। सहायक निदेशक डॉ. सतीश शर्मा ने बताया कि एनिमल बर्थ कंट्रोल कार्यक्रम के तहत अब तक जिले में 3951 आवारा कुत्तों का टीकाकरण किया जा चुका है और नगर परिषद के सहयोग से 500 से अधिक कुत्तों की स्टरलाइजेशन भी की गई है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार यह अभियान 15 दिसंबर से शुरू हुआ और पहले चरण में शहरी क्षेत्रों को शामिल किया गया है। नाहन, पांवटा साहिब, शिलाई और राजगढ़ में नोडल अधिकारियों को तैनात किया गया है। भविष्य में डॉग शेल्टर का निर्माण भी नगर परिषद की भूमि पर किया जाएगा, जिससे आवारा कुत्तों की संख्या पर स्थायी नियंत्रण संभव हो सके।

## 'ग्लैम हाउस' टीम ने जीता राजा दुर्गा सिंह क्लब इंडोर क्रिकेट टूर्नामेंट



ग्लैम हाउस टीम के खिलाड़ी जीत के बाद।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजा दुर्गा सिंह क्लब इंडोर क्रिकेट टूर्नामेंट का विधिवत समापन हुआ। इसमें खिलाड़ियों ने दमखम दिखाते हुए खेल भावना का परिचय दिया। फाइनल मुकाबले में टीम ग्लैम हाउस ने ग्रीन हिल्स टीम को पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

विजेता टीम के कैप्टन करण सेठी के नेतृत्व में टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अपना शानदार रिकॉर्ड बनाए रखा और प्रतिष्ठित ट्रॉफी जीतने के लिए पूरे मुकाबले में अजय रही। चैंपियनशिप फाइनल मुकाबले में दबाव के बावजूद ग्लैम हाउस ने बेहतर तालमेल और शानदार प्रदर्शन दिखाया। फाइनल में उनकी जीत रणनीतिक प्रतिभा और टीम भावना से भरे अभियान का एक सही अंत था। कैप्टन करण सेठी की लीडरशिप टूर्नामेंट का मुख्य आकर्षण थी, क्योंकि उन्होंने अपनी टीम को कई चुनौतीपूर्ण मैचों में सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया। अंत में ग्लैम हाउस टीम ने ग्रीन हिल्स टीम पर शानदार जीत दर्ज की। समापन कार्यक्रम में राजा दुर्गा सिंह क्लब के सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

## जनप्रतिनिधियों को बिजली बचत की जानकारी दी गई

**अनंत ज्ञान, सराहां।** हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड द्वारा बिजली नियामक आयोग के निर्देशानुसार जिला सिरमौर के बिजली वृत्त नाहन के अंतर्गत सराहां में जनप्रतिनिधियों के लिए त्रैमासिक उपभोक्ता जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपभोक्ता जागरूकता को प्राथमिकता दी गई। बिजली बोर्ड के अधिकारियों ने सिरमौर जिले में बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने से संबंधित कार्यों की जानकारी दी। बैठक में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गंगू राम मुसाफिर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दयाल प्यारी, जिला परिषद सदस्य नीलम शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। बिजली बोर्ड के सलाहकार अनुराग पराशर शिमला से टेली कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े और बिजली बचत, सही लोड जानकारी तथा पिक आवर में संयमित उपयोग पर जोर दिया।

## शिव ज्योति इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव की धूम



शिव ज्योति इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक उत्सव के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लेते मुख्यातिथि व अन्य।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

शिव ज्योति इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल शीतलपुर-बद्दी का प्रथम वार्षिक उत्सव संगम बड़े हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि नवीन शर्मा, अध्यक्ष एक प्रयास ट्रस्ट एवं जनरल मैनेजर, स्टाइलो टेबल वेयर्स कंपनी झाड़माजरी, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सन्डोली के प्रधान भाग सिंह ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर वंदेमातरम से किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नृत्य, नाटिका और प्रेरणादायक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गिद्दा, नाटी, भांगड़ा, हरियाणवी रागिनी और गुजराती प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण रही। उपस्थित दर्शकों ने विद्यार्थियों की अनुशासन, आत्मविश्वास और रचनात्मकता की सराहना की। मुख्यातिथि ने अपने भाषण में विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने और नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि ने 5 हजार रुपए और प्रधान भाग सिंह ने 21 सौ रुपए स्कूल को भेंट किए। प्रधानाचार्या प्रियंका चौहान ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। अतिथियों ने विद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की और विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। यह भव्य वार्षिक समारोह निदेशक राजीव रंजन के कुशल नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समारोह ने विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाया और विद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों को प्रभावी रूप से प्रस्तुत किया।

**आयोजन** उद्योग मंत्री ने सतौन स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

## सतौन स्कूल में 24 लाख से निर्मित साइंस लैब का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान, नाहन**



सतौन स्कूल के सालाना समारोह में छात्रों को संबोधित करते उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान।

उद्योग, संसदीय कार्य एवं श्रम रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने शिलाई विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सतौन में आयोजित वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उद्योग मंत्री के समारोह में पहुंचने पर विद्यालय प्रबंधन तथा क्षेत्रवासियों द्वारा पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। उद्योग मंत्री ने सतौन स्कूल में 24 लाख की लागत से नवनिर्मित साइंस लैब का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस साइंस लैब के निर्माण से स्कूल में पढ़ रहे लगभग 300 विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। उद्योग मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र व समाज की प्रगति का मूल आधार है। राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रथम चरण में 100 स्कूलों को सीबीएससी पैटर्न पर करने का निर्णय लिया है, जिसमें शिलाई विधानसभा क्षेत्र के तीन स्कूल सतौन, कफोटा तथा शिलाई का चयन किए गया है। विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और नैतिक मूल्यों को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि हाल ही में कबड्डी वर्ल्ड कप की विजेता टीम में प्रदेश की पांच लड़कियों ने भाग लिया खुशी का विषय है। उनमें से तीन लड़कियां शिलाई विधानसभा क्षेत्र से संबंध रखती हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में उनके द्वारा शिलाई विधानसभा क्षेत्र के हर इलाके का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिलाई विधानसभा क्षेत्र में लगभग 300 करोड़ से अधिक कि विकासात्मक योजनाओं के लिए बजट स्वीकृत करवाया गया है, जिनका कार्य प्रगति पर है।

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल सतौन 5 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन हैं, कच्ची ढांग पर शिलाई मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति में क्षेत्रवासियों को लम्बी दूरी तय करके अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ता था, लेकिन जल्द ही 16 करोड़ 50 लाख से निर्मित होने वाली सालवाला-सतौन सडक वैकल्पिक मार्ग का कार्य करगी, मानल-कोडगा संपर्क सड़क, जो कि लगभग 24 करोड़ से निर्माणाधीन है, चिलोन-चोकी मृगवाल सड़क जिसके लिए 8 करोड़ 50 लाख स्वीकृत करवाया गया है, पीएचसी सतौन के लिए तीन बीघा भूमि उपलब्ध करवाने के उपरांत निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 50 लाख स्वीकृत तथा शिलाई में 19 करोड़ की लागत 100 बिस्तरों के अस्पताल का कार्य प्रगति पर है, जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त शिलाई विधानसभा क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, बिजली तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए बहुत सी योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है, जिनके जल्द पूर्ण होने के उपरांत क्षेत्रवासियों को इन योजनाओं का लाभ प्राप्त होगा।

इससे पूर्व उद्योग मंत्री ने दीप प्रज्वलन कर वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का शुभारंभ किया। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उद्योग मंत्री ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों के सर्वांगीण विकास को बल मिलता है और उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है।

## एनएच-907-ए 'साठडू की बावड़ी' के पास 'ब्लाइंड मोड़' से मिलेगी निजात

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान**



**नाहन।** नाहन-कुमारहट्टी नेशनल हाईवे (907-ए) पर साठडू की बावड़ी के पास यात्रियों के लिए सफर अब और सुरक्षित होने जा रहा है। विभाग ने इस संकरे और दुर्घटना संभावित 'ब्लाइंड मोड़' को सुव्यवस्थित करने के लिए यहां बॉक्स कलवर्ट का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है। करीब 44 लाख रुपए की लागत वाले इस प्रोजेक्ट से यहां अक्सर लगने वाले जाम और हादसों के खतरे को हमेशा के लिए खत्म किया जा सकेगा।

इस महत्वपूर्ण कार्य को विभाग के अनुभवी व दक्ष ठेकेदार प्रताप सिंह सैनी द्वारा अंजाम दिया जा रहा है। 24 घंटे बहने वाला प्राकृतिक नाला है, जिसे तकनीकी कौशल के जरिए डायवर्ट कर पुल की नींव को मजबूती दी जा रही है। मंगलवार को निर्माण एजेंसी ने विभागीय अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर कार्य की तकनीकी बारीकियों का अवलोकन किया। इस प्रोजेक्ट की एक अन्य सराहनीय कड़ी यहां स्थित रियासतकालीन बावड़ी का जीर्णोद्धार है। ठेकेदार प्रताप सिंह सैनी ने बताया कि वे ऐतिहासिक धरोहर के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए इस बावड़ी का अपने स्तर पर निशुल्क सुदृढ़ीकरण करेंगे। इसके मूल ढांचे से छेड़छाड़ किए बिना इसे इस तरह व्यवस्थित किया जाएगा कि राहगीरों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। प्राप्त जानकारी अनुसार प्रताप सिंह को लोक निर्माण विभाग और एनएच में उनके गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी कार्यशैली के लिए पहचाना जाता है। प्रताप सिंह का सामाजिक सरोकारों में भी बढ़-चढ़कर योगदान रहता है। एनएच सिरमौर के अधिशाषी अभियंता राकेश खड्डूजा ने कार्य की पुष्टि करते हुए बताया कि एनएच-907-ए पर इस बॉक्स कलवर्ट का निर्माण यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जमीनी सतह को अतिरिक्त मजबूती प्रदान करते हुए इसे निर्धारित समय के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आदर्श पब्लिक स्मार्ट स्कूल में मनाया क्रिसमस



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** आदर्श पब्लिक स्कूल सेक्टर-20बी, चंडीगढ़ (एपीएस-20) के छात्रों और स्टाफ ने क्रिसमस मनाया। स्कूल परिसर को मालाओं, गुब्बारों, झालरों, सितारों और स्ट्रीमर्स से सजाया गया था। क्रिसमस ट्री को भी बहुत अच्छे से सजाया गया था। कालेंस ने गाना गाया और छोटे बच्चों ने पावर पैक्ड डांस किया। सांता ने छात्रों को टॉफियां, चॉकलेट और बिस्कुट बांटे। प्रिंसिपल सुनीता ठाकुर ने सभी को क्रिसमस और नए साल की शुभकामनाएं दीं।

### मधु मान ने लॉन टेनिस में हरियाणा का बढ़ाया मान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** गुजरात के गांधी नगर में हुए ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज लॉन टेनिस टूर्नामेंट 2025-26 में हरियाणा की ज्वाइंट डायरेक्टर मधु मान ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने मिक्स वैटर्न 45 प्लस डबल और वुमन डबल्स में सिल्वर मेडल जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया। मधु मान उत्तर भारत की पहली महिला अधिकारी हैं, जो दो सिल्वर मेडल जीतने में सफल रही हैं। वे पिछले सात वर्षों से लगातार राष्ट्रीय खेलों में भाग ले रही हैं और पदक जीत रही हैं। इस बार वे पहली बार हरियाणा की ओर से खेली हैं। उनका सेमीफाइनल में आंध्र प्रदेश की अंजनी साहू पर जीत हासिल करने के बाद फाइनल में गुजरात के साथ मुकाबला हुआ। मधु मान ने 2018 से राष्ट्रीय स्तर पर कई गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते हैं, जिससे उनकी खेल उपलब्धियों की लंबी श्रृंखला कायम हुई है।

### हरियाणा में लिव-इन-रिलेशनशिप का हो पंजीकरण

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** रेवाड़ी से भाजपा विधायक लक्ष्मण यादव ने लिव-इन-रिलेशनशिप के बढ़ते प्रचलन पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे सामाजिक ताना-बाना और पारिवारिक रिश्ते प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष इस संबंध में पंजीकरण की मांग रखने का ऐलान किया। विधायक ने कहा कि उत्तराखंड सरकार की तर्ज पर लिव-इन-रिलेशनशिप का पंजीकरण जरूरी है, जिससे महिला सुरक्षा मजबूत होगी और आत्महत्या जैसी घटनाओं पर अंकुश लगेगा। उन्होंने पंजीकरण के मानदंड तय करने के लिए कमेटी गठित करने की भी मांग की। रेवाड़ी में हाल ही में इस तरह के तीन मामले सामने आए हैं। उत्तराखंड में छह महीने के भीतर पंजीकरण न कराने पर 25 हजार रुपये का जुर्माना और तीन साल तक की सजा का प्रावधान है। विधायक ने कहा कि यह कदम सामाजिक ताना-बाना बनाए रखने में मदद करेगा।

### हरियाणा के स्कूलों में एक जनवरी से होंगी सर्दी की छुट्टियां

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने एक जनवरी से प्रदेश के स्कूलों में सर्दी की छुट्टियों का ऐलान किया है। प्रदेश में एक जनवरी से सरकारी और निजी स्कूल 15 दिन के लिए बंद रहेंगे। प्रदेश सरकार ने एक से 15 जनवरी तक स्कूलों में सर्दी की छुट्टियां घोषित कर दी हैं। 16 जनवरी से सभी स्कूल नियमित रूप से खुलेंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने लगातार बढ़ती ठंड के मद्देनजर यह निर्णय लिया है। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और खंड शिक्षा अधिकारियों, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों और खंड मौलिक शिक्षा अधिकारियों तथा स्कूल मुखियाओं को इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। शीतकालीन अवकाश के दौरान दसवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल के लिए पूर्व निर्धारित शेड्यूल के अनुसार स्कूल में बुलाया जा सकेगा। सभी शिक्षा अधिकारियों को अपने अधीनस्थ विद्यालयों में आदेश का सख्ती से अनुपालना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# नववर्ष से पहले पठानकोट बॉर्डर पर हाई अलर्ट, सर्च अभियान तेज

## सुनसान स्थानों पर रहने वाले लोगों के आईडी प्रूफ भी किए जा रहे चेक

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**



**पठानकोट।** पठानकोट जिले के बॉर्डर क्षेत्र में सुरक्षा का घेरा मजबूत करते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने संदिग्धों की तलाश लिए सर्च भी तेज कर दी है। सेना, पुलिस और घातक कमांडो रोजाना भारत पाक सीमा निकट और एयरबेस, मामून कैंट तरफ ज्यादा सतर्क चल रहे हैं, क्योंकि जिला पठानकोट सुरक्षा के लिहाजे से अति संवेदनशील माना जाता है। जहां घने जंगलों में जहां फोर्स नहीं पहुंच रही वहां पर ड्रोन के माध्यम से संदिग्ध मूवमेंट पर नजर रखी जा रही है। जबकि अब पुलिस द्वारा बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन जैसे स्थानों पर डॉग स्कॉड से तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

हालांकि, पाकिस्तानी आतंकी नए साल के दिन पंजाब में बड़ी वारदात की फिराक में रहते हैं और बॉर्डर क्षेत्रों में पाकिस्तानी आतंकी अपनी ज्यादा मूवमेंट बनाए रखते हैं, लेकिन अभी तक पठानकोट में किसी भी तरह की कोई संदिग्ध मूवमेंट नहीं देखने को मिली है।

इंटर स्टेट नाकों और सकेंड लाइन ऑफ डिफेंस पर पठानकोट में घुसने वाले लोगों की गहनता से मोबाइल ऐप के जरिए जांच हो रही है। पुलिस ज्यादातर उन लोगों की जांच कर रही है जिन पर उन्हें संदेह हो। कुछ दिन पहले खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में पता चला था कि पठानकोट एयरबेस की तरफ हमले की कुछ पाकिस्तानी आतंकी योजना बना बैठे है लेकिन, वह पठानकोट के ही दो मददगारों से संपर्क करके घुसपैठ करेंगे। इसके बाद पुलिस विभाग के सीआईए स्टाफ ने पठानकोट के गंदला लाहड़ी से एक बिल्लू गुज्जर को हिरासत में लिया, जबकि दूसरा संदिग्ध नजाकत हुसैन अभी फरार चल रहा है। जिसकी पुलिस तलाश के लिए बॉर्डर क्षेत्र समेत अन्य सुनसान स्थानों पर रहने लोगों के आईडी प्रूफ भी चेक कर रही है। सर्च पर दिखने वाले पुलिस अधिकारियों का यही कहना है कि नए साल को ध्यान में रखते हुए तलाशी अभियान जारी है।

# झांकियों और कैरोल के संग शहर में क्रिसमस उत्सव की धूम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

क्रिसमस के अवसर पर ट्राईसिटी चर्चिस एसोसिएशन ने रोमन कैथोलिक चर्च, बिशप टी थॉमस और फादर प्रेमचंद की अध्यक्षता में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया। यह यात्रा सैक्टर 18 स्थित सीएनआई चर्च से शुरू होकर शहर के विभिन्न सेक्टरों से होकर सैक्टर 25 स्थित रैली ग्राउंड तक पहुंची।

इस दौरान आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गई और बच्चों ने कैरोल गाकर शांति और प्रेम का संदेश फैलाया। निवासियों ने यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया और विभिन्न स्थानों पर जलपान का आयोजन किया गया। प्रेसिडेंट लॉरेंस मलिक ने प्रेम और शांति का संदेश देते हुए सभी को क्रिसमस की बधाई दी। बिशप टी थॉमस ने यीशु मसीह के जन्म और उनके शिक्षाओं का महत्व बताया। समारोह का समापन सामुदायिक प्रार्थना और भोजन के साथ हुआ।

## सोनीपत में फर्नीचर शोरूम में भीषण आग, लाखों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, सोनीपत।** साईं मंदिर रोड स्थित दो मंजिला लक्ष्य फर्नीचर शोरूम में सोमवार रात शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लगी। आग ने तेजी से पूरे शोरूम को घेर लिया और फर्नीचर व अन्य सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। शोरूम की छत पर काम कर रहे पांच मिस्त्री समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। पास के बिजली खंभे और मीटर भी आग की चपेट में आए। दमकल विभाग की कई गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और शोरूम मालिक को सांत्वना दी। उन्होंने बताया कि जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों के लिए हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड में नुकसान की भरपाई का प्रावधान है और सभी से पंजीकरण कराने की अपील की।

## सेंट्रल बैंक ने वंचित बच्चों को बांटी शिक्षा सामग्री



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

अपने 115वें स्थापना दिवस के अवसर पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, चंडीगढ़ अंचल ने वृद्धि स्कूल, जगतपुरा में कमजोर वर्ग के वंचित स्कूली बच्चों के लिए सामाजिक सरोकार कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वृद्धि स्कूल की संस्थापक प्रणिता विस्वास के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने बैंक की समावेशी शिक्षा और सामाजिक उत्थान के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की। इस अवसर पर अंचल प्रमुख अरविंद कुमार और वरिष्ठ अधिकारियों ने 115 गर्म स्वेटर, स्कूल बैग, कॉपियां और स्टेशनरी सामग्री बच्चों में वितरित की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से बाल मन का सशक्तिकरण राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। यह पहल सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व, समावेशी विकास और सामुदायिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक एक जनवरी को

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नए साल 2026 के पहले दिन एक जनवरी को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक बुला ली है। इस संबंध में मंगलवार को मुख्य सचिव ने अधिसूचना जारी कर दी है। हरियाणा सचिवालय में सुबह 11 बजे से होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक का एजेंडा अभी तय किया जाना बाकी है। संभावना है कि इस दिन सरकार नए साल 2026 में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा पर चर्चा करने के बाद उनमें से कुछ को मंत्रिमंडल की बैठक में मंजूरी प्रदान करेगी। मंत्रिमंडल की बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों को साल 2026-27 के वार्षिक बजट की तैयारी करने के निर्देश भी दिए जा सकते हैं। वित्त मंत्री के नाते मुख्यमंत्री सैनी फरवरी माह के अंतिम सप्ताह अथवा मार्च के पहले सप्ताह में साल 2026-27 का बजट पेश कर सकते हैं। नायब सिंह सैनी अपनी सरकार का दूसरा बजट पेश करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की चर्चा हो चुकी है, जिसकी घोषणा होनी बाकी है। विजय सिंह दहिया मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग के आयुक्त एवं सचिव हैं, जिन्हें विकास गुप्ता के स्थान पर वेतन विसंगति एवं शिकायत निवारण समिति (पे अनोमालीज एंड रिड्रेसल कमेटी) का सदस्य नियुक्त किया गया है।

## सतलुज पब्लिक स्कूल में 'सतलुज प्राइड 2025' का भव्य शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, पंचकूला**



सतलुज पब्लिक स्कूल, सेक्टर-4, पंचकूला में दो दिवसीय वार्षिक समारोह 'सतलुज प्राइड 2025' का भव्य शुभारंभ हुआ। इस वर्ष समारोह की थीम थी, 'Rising Nation - The World Wakes Up to the Glory of India' उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि अल्बा स्मेरिलियो, डिप्टी हाई कमिश्नर, ब्रिटिश डिप्टी हाई कमीशन, चंडीगढ़ थीं। उन्होंने विद्यार्थियों की शैक्षणिक अनुशासनशीलता और रचनात्मकता की सराहना की।

दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ शुरू हुए समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा और देशभक्ति का भाव प्रदर्शित किया। कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक महिलाओं पर आधारित प्रस्तुति दी, जबकि कक्षा 9 और 8 के विद्यार्थियों ने सौहार्द और आध्यात्मिक विरासत पर ध्यान केंद्रित किया।

सत्र 2024-25 के सीबीएसई टॉपर्स को पुरस्कार प्रदान किए गए। मैनेजिंग डायरेक्टर रिकृत सराय ने कहा कि यह समारोह विद्यार्थियों की उपलब्धियों और जिम्मेदार नागरिक तैयार करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। संजीव कुमार जैन, आईपीएस, डीजीपी हरियाणा अंतिम दिन के मुख्यातिथि होंगे।

# देश-विदेश

## सेंसेक्स 43 अंक गिरकर 85,525 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**



**हफ्ते** के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को शेयर बाजार में करीब 400 अंक का उतार-चढ़ाव रहा। सेंसेक्स 43 अंक गिरकर 85,525 पर बंद हुआ। निफ्टी में 5 अंक की तेजी रही, यह 26,177 के स्तर पर है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 नीचे बंद हुए। इंफोसिस, टेक महिंद्रा और एयरटेल में 1.5% तक गिरावट रही।

आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और टीएमपीवी 1% बढ़कर बंद हुए। निफ्टी के 50 में से 26 शेयर्स गिरकर बंद हुए। एनएसई के आईटीसी फार्मा गिरावट रही। वहीं, और बैंकिंग सेक्टर में आज एफएमसीजी, मीडिया और मेटल ऊपर बंद हुए। एशियाई बाजारों में कोरिया का कोस्पी 0.28% ऊपर 4,117 पर और जापान का निक्केई इंडेक्स 0.021% ऊपर 50,413 पर बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.11% गिरकर 25,774 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.067% बढ़कर 3,920 पर बंद हुआ। 22 दिसंबर को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.47% ऊपर 48,362 पर बंद हुआ था। वहीं, नैस्डैक कंपोजिट में 0.52% और S&P 500 में 0.64% की तेजी रही थी।

## ओडिशा में 22 नक्सलियों ने किया सरेंडर

**एजेंसी, रायपुर**



**छत्तीसगढ़** के 22 नक्सलियों ने ओडिशा पुलिस के सामने सरेंडर किया है। एक-47, इंसास समेत कुल नौ हथियारों के साथ सरेंडर करने सभी नक्सली पहुंचे थे। इन नक्सलियों पर एक करोड़ 84 लाख 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। ये नक्सली कई हिंसक घटनाओं में संलिप्त रहे हैं।

बताया जाता है कि ये सभी नक्सली बस्तर संभाग में कई अपराधिक घटनाओं में शामिल रह चुके हैं। इन पर पुलिस ने कई धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया था। छत्तीसगढ़ में नक्सली एक के बाद एक करके सरेंडर कर रहे हैं। राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा ने भी नक्सलियों से आग्रह कर चुके हैं कि वो मुख्यधारा में शामिल हो जाएं। ऐसा नहीं करने पर पुलिस नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब देगी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 से पहले छत्तीसगढ़ समेत देश को नक्सलमुक्त घोषित करने का संकल्प लिया है। इस क्रम में नक्सलियों का लगातार एनकाउंटर किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

## कफ सिरप मामले में रांची पुलिस ने तुपुदाना में सैली ट्रेडर्स पर मारा छापा

**एजेंसी, रांची।** पुलिस ने तुपुदाना इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित सैली ट्रेडर्स पर छापा मारा। यह कार्रवाई प्रतिबंधित कफ सिरफ से जुड़ी जांच के तहत की गई है। सिटी डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस ने तीन अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने दुकान और गोदामों में रखे प्रतिबंधित पदार्थों की तलाशी ली और जब्ती की कार्रवाई की। पुलिस अब मामले की पूरी जांच कर रही है और देख रही है कि इसमें कौन-कौन शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, इस कार्रवाई का उद्देश्य अवैध रूप से बिक रहे प्रतिबंधित दवाओं और पदार्थों को बाजार से हटाना है और संबंधित अपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करना है। (अनंत ज्ञान)

## पुलवामा जिले में आतंकवादी का साथी हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार

**एजेंसी, श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी के साथी को हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया है। 01 पिस्टल, 05 जिंदा राउंड समेत हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। पुलिस ने कहा कि अवंतीपोरा पुलिस सीआरपीएफ की 185 बटालियन और 50 राष्ट्रीय राइफल्स समेत ज्वाइंट फोर्स ने पुलवामा जिले के वुयान खेव इलाके में एक सर्च और कॉर्डन ऑपरेशन किया। इस दौरान गुलाब बाग त्राल निवासी अब्दुल रशीद हजाम को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से तलाशी के दौरान 01 पिस्टल, 05 जिंदा राउंड समेत हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार किया गया अब्दुल रशीद हजाम अवंतीपोरा के पंपोर, त्राल और अवंतीपोरा इलाकों में आतंकवादियों को लॉजिस्टिक्स सपोर्ट और हथियार और गोला-बारूद पहुंचाने में शामिल रहा है। उसके खिलाफ कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे जांच शुरू कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)

## दिल्ली में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर, कई स्थानों पर एक्यूआई 400 के पार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**दिल्लीवासियों** को मंगलवार सुबह की शुरुआत दम घोंटू हवा के साथ हुई और पूरे शहर में घना कोहरा तथा धुंध छायी रही। शहर में 27 निगरानी स्टेशन पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 (गंभीर श्रेणी) के पार चला गया तथा कई अन्य स्थानों पर यह 'अत्यंत गंभीर' श्रेणी में पहुंच गया, जिससे राजधानी निवासियों को बेहद खतरनाक प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार को सुबह नौ बजे शहर का एक्यूआई 415 रिकॉर्ड किया गया, जो एक दिन पहले को 'बहुत खराब' श्रेणी से भी नीचे चला गया। प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। आंकड़ों के अनुसार, 40 निगरानी स्टेशन में से 27 ने 400 से अधिक एक्यूआई के साथ गंभीर श्रेणी की वायु गुणवत्ता दर्ज की। इस स्तर की वायु गुणवत्ता से स्वास्थ्य पर गंभीर असर होते हैं। सीपीसीबी के 'समीर' ऐप के आंकड़ों के अनुसार, पांच स्टेशन पर एक्यूआई 450 से अधिक के साथ 'बहुत गंभीर' श्रेणी में दर्ज किया गया। आनंद विहार में एक्यूआई 470, नेहरू नगर में 463, ओखला में 459, मुंडका में 459 और सिरीफोर्ट में 450 दर्ज किया गया। सीपीसीबी के मानकों के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 को 'संतोषजनक', 101 से 200 को 'मध्यम', 201 से 300 को 'खराब', 301 से 400 को 'बेहद खराब' और 401 से 500 के बीच को 'गंभीर' माना जाता है। इस बीच घने कोहरे की वजह से दृश्यता में काफी कमी आई।

पालम में सुबह आठ बजे घने कोहरे के कारण दृश्यता 50 मीटर दर्ज की गई, जबकि हवा पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम दिशा से पांच किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। वहीं, सफदरजंग में उसी समय हवा मंद होने से दृश्यता 100 मीटर दर्ज की गई। (अनंत ज्ञान)

## खैबर पख्तूनख्वा के करक में पुलिस वैन पर हमला, 5 कांस्टेबल मारे गए

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के करक के गुरगुरी इलाके में पुलिस वैन पर हुए हमले में पांच कांस्टेबल मारे गए। जिला पुलिस अधीक्षक शौकत खान ने घटना और हताहत कांस्टेबलों की संख्या की पुष्टि की है। डान अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, जिला पुलिस अधीक्षक खान ने बताया कि इलाके को घेर लिया गया है। हमलावरों की तलाश की जा रही है। दुनिया न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, पांचों कांस्टेबल रोज की तरह गश्त पर निकले थे। हमलावरों ने घात लगाकर उनकी वैन पर गोलियां चला दीं। दुनिया न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल (2025) अब तक खैबर पख्तूनख्वा में हुआ आतंकी हमलों में सुरक्षा अधिकारियों सहित 502 लोग मारे गए। खैबर पख्तूनख्वा पुलिस के अनुसार, कुल 1,588 आतंकवादी घटनाएं हुई, जिनमें 223 नागरिकों की मौत हुई और 570 घायल हुए। इसके अलावा, 137 पुलिस अधिकारी शहीद हुए और 236 अन्य घायल हुए, जबकि विभिन्न एजेंसियों के 18 कानून प्रवर्तन कर्मियों ने भी अपनी जान गंवाई। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन हमलों में फेडरल कांस्टेबुलरी के 124 कर्मी शहीद हुए और 244 घायल हुए। (अनंत ज्ञान)

## दिल्ली एयरपोर्ट पर पैसेंजर को पीटने वाले पायलट पर एफआईआर दर्ज

**एजेंसी, दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर पैसेंजर से मारपीट के मामले में दिल्ली पुलिस ने पायलट पर एफआईआर दर्ज कर ली है। आरोपी वीरेंद्र सेजवाल को पुलिस ने हिरासत में लिया है और पूछताछ कर रही है। दरअसल 19 दिसंबर को आरोपी ने एक यात्री के साथ मारपीट की थी, जिसके बाद पीड़ित ने अपने साथ हुई घटना के कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर पोस्ट किए थे। घटना के समय आरोपी ऑफ ड्यूटी था। वह उस दिन परिवार के साथ यात्रा कर रहा था। वहीं पैसेंजर अंकित ने दावा किया है कि सीटी स्कैन में उसकी नाक की हड्डी में फ्रैक्चर आया है। मारपीट की घटना के बाद सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने मामले की जांच के आदेश दिए थे। जिसके बाद एअर इंडिया एक्सप्रेस ने भी पायलट कैप्टन वीरेंद्र सेजवाल को सस्पेंड कर दिया था। पीड़ित पीड़ित अंकित ने पायलट पर आरोप लगाया था कि दिल्ली एयरपोर्ट पर उसके साथ मारपीट की गई, सिर्फ इसलिए क्योंकि उसने कैप्टन वीरेंद्र को लाइन तोड़ने के लिए टोका था। पीड़ित ने कहा था कि उसकी 7 साल की बेटी के सामने उसे पीटा गया। वह अभी भी सदमे में है। (अनंत ज्ञान)

**तैयारी** इसरो रचेगा इतिहास, संचार उपग्रह को ले जाने वाले एलवीएम-एम6 रॉकेट के प्रक्षेपण की उल्टी गिनती शुरू

# 'ब्लूबर्ड ब्लॉक-2' मिशन आज होगा लांच

**एजेंसी, श्रीहरिकोटा**

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि अमेरिका के एक नए पीढ़ी के संचार उपग्रह को ले जाने वाले एलवीएम-एम6 रॉकेट के प्रक्षेपण के लिए 24 घंटे की उल्टी गिनती मंगलवार को शुरू हो गई। एक समर्पित वाणिज्यिक मिशन के तहत इसरो बुधवार को सुबह 8.54 बजे इस अंतरिक्ष केंद्र के दूसरे प्रक्षेपण पैड से भारी सामान को ले जाने वाले अपने प्रक्षेपण यान



एलवीएम3-एम6 के जरिए 'ब्लूबर्ड ब्लॉक-2' का प्रक्षेपण करेगा। बेंगलुरु स्थित अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि 6,100 किलोग्राम वजनी यह संचार उपग्रह एलवीएम3 के प्रक्षेपण इतिहास में पृथ्वी की निम्न कक्षा (एलईओ) में स्थापित किया जाने वाला अब तक सबसे भारी पेलोड होगा। इससे पहले सबसे भारी पेलोड एलवीएम3-एम5 संचार उपग्रह-03 था, जिसका वजन करीब 4,400 किलोग्राम था और जिसे इसरो ने दो नवंबर को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया था। बुधवार का यह मिशन 'न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड' और अमेरिका स्थित एएसटी स्पेसमोबाइल के बीच हुए वाणिज्यिक समझौते के तहत संचालित किया जा रहा है। एनएसआईएल, इसरो की वाणिज्यिक इकाई है। यह ऐतिहासिक मिशन अगली पीढ़ी का ऐसा संचार उपग्रह स्थापित करेगा, जिसे दुनियाभर में सीधे स्मार्टफोन को उच्च गति वाली सेल्युलर ब्रॉडबैंड सेवा देने के लिए डिजाइन किया गया है। प्रक्षेपण से पहले इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन ने 23 दिसंबर को तिरुमला स्थित श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार, 43.5 मीटर ऊंचा एलवीएम3 तीन चरणों वाला रॉकेट है, जिसमें क्रायोजेनिक इंजन लगा है। इसे इसरो के 'लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर' ने विकसित किया है। प्रक्षेपण के लिए आवश्यक अत्यधिक थ्रस्ट प्रदान करने के लिए इस प्रक्षेपण यान में दो एस200 ठोस रॉकेट बूस्टर लगाए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## अमेरिका स्थित कश्मीरी लॉबिस्ट की संपत्ति कुर्क करने का आदेश

**एजेंसी, श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की विशेष अदालत ने अमेरिका स्थित कश्मीरी लॉबिस्ट गुलाम नबी शाह उर्फ 'डॉ. फई' की 1.5 कनाल से अधिक (एक कनाल 5,445 वर्ग फुट के बराबर) भूमि कुर्क करने का मंगलवार को आदेश दिया। सहायक लोक अभियोजक मोहम्मद इकबाल राठेर ने आपराधिक दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 83 (भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 85) के तहत फई की संपत्ति कुर्क करने का अनुरोध करते हुए अर्जी दायर की थी जिसके बाद न्यायाधीश यहाया फिरदौस ने यह आदेश पारित किया। अर्जी में कहा गया कि इस अदालत ने 2020 में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज एक मामले में आरोपी को पहले ही फरार घोषित कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### नेरेस के दो गोल से नेपोली ने इटालियन सुपर कप जीता

**एजेंसी, रियाद।** डेविड नेरेस ने दोनों हाफ में एक-एक गोल किए, जिससे मौजूदा सीरी ए चैंपियन नेपोली ने सऊदी अरब में खेले गए फाइनल में बोलोग्ना को 2-0 से हराकर तीसरी बार इटालियन सुपर कप फुटबॉल टूर्नामेंट जीता। नेरेस का 39वें मिनट में पहला गोल किया। उनका 25 मीटर की दूरी से बाएं पैर से लगाया गया शॉट दूर के कोने में जाकर लगा। उन्होंने बोलोग्ना के गोलकीपर फेडेरिको रावग्लिया को इसे बचाने का कोई मौका नहीं दिया। उन्होंने मैच का एक घंटा पूरा होने के बाद अपना दूसरा गोल किया। नेरेस ने रावग्लिया के एक ढीले पास का फायदा उठाया और जॉन लुकुमी से गेंद छीनकर गोलकीपर के ऊपर से उसे गोल में डाल दिया। नेपोली ने इससे पहले 1990 और 2014 में सुपर कप जीता था। (अनंत ज्ञान)

### स्ट्राइकर नेमार के घुटने की हुई सर्जरी फुटबॉल विश्व कप में खेलने की उम्मीद

एजेंसी, साओ पाउलो। स्टार स्ट्राइकर नेमार के बाएं घुटने की सर्जरी हुई है लेकिन उन्हें अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले फुटबॉल विश्व कप में खेलने और ब्राजील की तरफ से फाइनल में गोल करने की उम्मीद है। नेमार के क्लब सैंटोस ने बताया कि इस 33 वर्षीय खिलाड़ी के बाएं घुटने की मामूली सर्जरी हुई है। इस चोट के कारण वह इस साल लंबे समय तक बाहर रहे। उनकी आर्थोस्कोपी सर्जरी रोड्रिगो लास्मार ने की, जो ब्राजील टीम से भी जुड़े हुए हैं। पिछले सप्ताहांत साओ पाउलो में एक संगीत कार्यक्रम के दौरान नेमार ने कहा था उन्हें अब भी विश्व कप में खेलने और फाइनल में गोल करने की उम्मीद है। ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी ने अभी तक नेमार को टीम में शामिल नहीं किया है। नेमार ने कहा, ''हम इस बार कप को ब्राजील लाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। जुलाई में आप हमें इसकी याद दिला सकते हैं। एंसेलोटी इसमें हमारी मदद करना।'' (अनंत ज्ञान)

### ऑस्ट्रेलिया: चौथे टेस्ट में चोटिल लियोन की जगह टॉड मर्फी टीम में शामिल

**एजेंसी, मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) पर शुरू होने वाले चौथे एशेज टेस्ट में विश्राम दिया जाएगा,जबकि चोटिल नाथन लियोन की जगह टॉड मर्फी को स्पिन गेंदबाज के रूप में टीम में शामिल किया गया है। मर्फी बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) मैच में ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए तैयार हैं। उन्हें मंगलवार को घोषित 15 सदस्यीय टीम में मैट कुहनेमैन और कोरी रोकिचिओली पर प्राथमिकता दी गई है। ऑस्ट्रेलिया एडिलेड ने तीसरा टेस्ट मैच जीतकर पहले ही एशेज अपने पास बरकरार रह चुका है। जून से पीठ दर्द के कारण परेशान रहे कमिंस ने एडिलेड टेस्ट में वापसी की थी लेकिन अगले मैच के लिए उन्हें विश्राम दिया जाएगा। कमिंस ने एडिलेड में इंग्लैंड पर ऑस्ट्रेलिया की 82 रन की जीत के बाद कहा था कि उनका एमसीजी में खेलना मुश्किल है। स्टीव स्मिथ अस्वस्थ होने के कारण तीसरे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे, लेकिन अब उनके ठीक होने की उम्मीद है। कमिंस की अनुपस्थिति में वह एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी करेंगे। तेज गेंदबाज झाई रिचर्डसन टीम में वापस बुलाए जाने के बाद चार साल से अधिक समय में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए दावेदार हैं। तीसरे टेस्ट के अंतिम दिन चौका बचाने के लिए डाइव लगाते समय लियोन की हैमस्ट्रिंग में मोच आ गई। (अनंत ज्ञान)

### खूबसूरत अंदाज में हॉली फर्लिंग

**ऑस्ट्रेलिया।** हॉली फर्लिंग ऑस्ट्रेलिया की क्रिकेटर हैं, जिन्होंने 2013 में ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम के लिए पदार्पण किया और वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया की घरेलू प्रतियोगिताओं में ऑस्ट्रेलियन कैपिटल टेरिटरी के लिए खेलती हैं।



**विजय हजारे ट्रॉफी** गिल-पंत के लिए चयनकर्ताओं को प्रभावित करने का मौका

# विजय हजारे ट्रॉफी में कोहली-रोहित की वापसी, घरेलू क्रिकेट बना अग्निपरीक्षा

**एजेंसी, बेंगलुरु**

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा की मौजूदगी से बुधवार से शुरू हो रही विजय हजारे ट्रॉफी की चमक कई गुना बढ़ गई है। लंबे समय बाद घरेलू एकदिवसीय क्रिकेट में उतर रहे इन दिग्गजों के लिए यह टूर्नामेंट न सिर्फ फॉर्म हासिल करने, बल्कि बदलते भारतीय क्रिकेट परिदृश्य में अपनी अहमियत दोबारा साबित करने का भी मौका है।

कोहली, रोहित के अलावा ऋषभ पंत, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव और अभिषेक शर्मा जैसे बड़े नाम भी इस राष्ट्रीय एकदिवसीय चैंपियनशिप में खेलते नजर आएंगे। हालांकि, सुर्खियों का केंद्र कोहली और रोहित ही रहेंगे, जिनका घरेलू क्रिकेट में उतरना बीसीसीआई के उस फैसले का नतीजा है, जिसमें सभी भारतीय खिलाड़ियों के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के कम से कम दो मैच खेलना अनिवार्य किया गया है।




करीब 15 साल बाद इस टूर्नामेंट में उतर रहे कोहली और रोहित का खेलना इस बात का संकेत है कि वे भारतीय क्रिकेट में बदलते शक्ति संतुलन से अछूते नहीं हैं। दोनों अब भी बड़े सितारे हैं, लेकिन युवा खिलाड़ियों की चुनौती लगातार मजबूत हो रही है।

रोहित शर्मा ने पुष्टि की है कि वह मुंबई की ओर से सिक्किम और उत्तराखंड के खिलाफ जयपुर में 24 और 26 दिसंबर को होने वाले मुकाबले खेलेंगे। वहीं, कोहली ने बेंगलुरु पहुंचने के बाद पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ के साथ अभ्यास किया है। उनके दिल्ली के लिए किन मैचों में खेलने को लेकर अटकलें जारी हैं। दिल्ली एलीट ग्रुप-डी में अपना पहला मैच आंध्र के खिलाफ खेलेगी।

भले ही विजय हजारे में खराब प्रदर्शन से कोहली और रोहित का न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज के चयन पर सीधा असर न पड़े, लेकिन दोनों जानते हैं कि उनका दायरा सिमट रहा है। शुभमन गिल को टी20 विश्व कप टीम से बाहर करना और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में प्रदर्शन के दम पर ईशान किशन की वापसी, इस बदलाव के साफ संकेत हैं। ऋषभ पंत के लिए भी यह टूर्नामेंट अहम है। टेस्ट टीम में जगह पक्की कर चुके पंत सीमित ओवरों में वापसी की कोशिश करेंगे। गिल पंजाब के लिए खेलते हुए लय में लौटने और न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले खुद को तैयार करने पर नजरें जमाए होंगे, जहां वह भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे।

चयनकर्ताओं की नजरें तेज गेंदबाजों पर भी होंगी। गुरजपनीत सिंह, गुरनूर बरार, युद्धवीर सिंह, अनुज ठकराल और साकिब हुसैन जैसे गेंदबाज इस मंच पर खुद को साबित करने का मौका तलाशेंगे। मैच सुबह नौ बजे शुरू होंगे। (अनंत ज्ञान)

# हरमनप्रीत और सविता एचआईएल में सूरमा हॉकी क्लब की संभालेंगे कमान




**एजेंसी, नई दिल्ली**

स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह और गोलकीपर सविता आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में फिर से सूरमा हॉकी क्लब की पुरुष और महिला टीमों की कमान संभालेंगे। मिडफील्डर सलीमा टेटे को महिला टीम की उप कप्तान नियुक्त किया गया है।

भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, ''इस टीम का नेतृत्व करना विशेष होता है। पिछले सत्र में तीसरे स्थान पर रहने से हमारी क्षमता का पता चलता है और इससे हमें काफी आत्मविश्वास मिला है। मेरा मानना है कि हमारे पास सर्वश्रेष्ठ टीमों को चुनौती देने के लिए सही संयोजन है।''

महिला टीम पिछले साल उपविजेता रही थी, जिसमें सविता और सलीमा ने अहम भूमिका निभाई थी। सूरमा की महिला टीम 29 दिसंबर को रांची में श्राची रार बंगाल टाइगर्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। पुरुष टीम चार जनवरी को चेन्नई में अपने पहले मैच में मौजूदा चैंपियन श्राची रार बंगाल टाइगर्स से भिड़ेगी। पुरुषों का टूर्नामेंट चेन्नई, रांची और भुवनेश्वर में खेला जाएगा जबकि महिलाओं के सभी मैच रांची में होंगे। (अनंत ज्ञान)

# पैट कमिंस का टी20 विश्व कप में खेलना संदिग्ध

**एजेंसी, मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट और वनडे कप्तान पैट कमिंस का अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप में खेलना संदिग्ध है क्योंकि वह पीठ की चोट से अभी तक पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं।



कमिंस इंग्लैंड के खिलाफ एशेज सीरीज के पहले दो मैच में नहीं खेल पाए थे। उन्होंने एडिलेड में खेले गए तीसरे एशेज टेस्ट में वापसी की और छह विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त दिलाने में अहम भूमिका निभाई। कमिंस अब इस सीरीज के बाकी बचे दो मैच में नहीं खेल पाएंगे और यहां तक कि उनका टी20 विश्व कप में खेलना भी संदिग्ध है। ऑलराउंडर मिचेल मार्श टी20 अंतरराष्ट्रीय में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान हैं। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, ''विश्व कप का बेसब्री से इंतजार है। वह (कमिंस) इस टूर्नामेंट के लिए टीम में शामिल होंगे या नहीं, मैं अभी इस बारे में स्पष्ट तौर पर कुछ नहीं कर सकता। फिलहाल स्थिति अनिश्चित है। हमें उम्मीद है कि वह तब तक फिट हो जाएंगे।''

उन्होंने कहा, ''वह ठीक है, लेकिन हम किसी तरह का जोखिम नहीं उठाना चाहते हैं। हमने सीरीज जीत ली है और यही हमारा लक्ष्य था। वह सीरीज के बाकी मैचों में नहीं खेलेंगे। उनकी वापसी को लेकर हमने काफी समय पहले इस बारे में चर्चा की थी।'' टी20 विश्व कप सात फरवरी से शुरू होगा और उसका फाइनल आठ मार्च को खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया को अपना पहला मैच 11 फरवरी को कोलंबो में आयरलैंड के खिलाफ खेलना है। (अनंत ज्ञान)

### सलाह के गोल से मिस्र ने जिम्बाब्वे को हराया

**एजेंसी, रबात (मोरक्को)**

स्टार स्ट्राइकर मोहम्मद सलाह के गोल की मदद से मिस्र ने जिम्बाब्वे को 2-1 से हराकर अफ्रीका कप ऑफ नेशंस फुटबॉल टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरुआत की।

विश्व रैंकिंग में 129वें स्थान की टीम जिम्बाब्वे ने मिस्र के सामने कड़ी चुनौती पेश की और एक समय वह मैच ड्रॉ कराने के करीब पहुंच गया था। ऐसे में सलाह में इंजरी टाइम में गोल करके मिस्र को जीत दिलाई। एक अन्य मैच में दक्षिण अफ्रीका ने अंगोला को 2-1 से हराया। यह दक्षिण अफ्रीका की अंगोला के खिलाफ पिछले छह मैचों में पहली जीत है। कैसाब्लांका में खेले गए एक अन्य मैच में पैटसन डाका ने स्टॉपेज टाइम में गोल किया जिससे जाम्बिया ने माली के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ कराया। मेजबान देश मोरक्को ने रविवार को कोमोरोस पर 2-0 से जीत हासिल की थी। (अनंत ज्ञान)

# एशेज के दौरान इंग्लैंड क्रिकेटरों की शराब पीने की लत की होगी जांच

**एजेंसी, मेलबर्न**

इंग्लैंड की पुरुष क्रिकेट टीम के प्रबंध निदेशक रॉब की ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज सीरीज के दौरे में समुद्र तट पर स्थित एक रिसॉर्ट में छुट्टियां मनाने के दौरान शराब के अत्यधिक सेवन की खबरें सामने आने के बाद वह इंग्लैंड टीम की शराब पीने की लत जांच करेंगे।

इंग्लैंड का वर्तमान सीरीज में अभी तक प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और उसे तीनों टेस्ट मैच में हार का सामना करना पड़ा जिससे आस्ट्रेलिया ने एशेज को अपने पास बरकरार रखा। इंग्लैंड पिछले 18 मैच से ऑस्ट्रेलिया में एक भी टेस्ट मैच नहीं जीत पाया है। उसने ऑस्ट्रेलिया में अपनी आखिरी श्रृंखला 2010-11 में जीती थी।

इंग्लैंड जब सीरीज में 0-2 से पीछे चल रहा था तब उसकी टीम ने दूसरे और तीसरे टेस्ट के बीच मिले ब्रेक के दौरान ब्रिस्बेन के उत्तर में स्थित शहर नूसा में एक रिसॉर्ट में चार रात बिताई थी। यह हालांकि, उसके कार्यक्रम का हिस्सा था। रॉब की ने कहा कि उन्हें इस ब्रेक से कोई समस्या नहीं है, लेकिन अगर उन्हें अत्यधिक भोग-विलास के सबूत मिलते हैं तो वह इसकी जांच करेंगे। उन्होंने कहा, ''अगर ऐसी बातें सामने आती हैं कि हमारे खिलाड़ियों ने अत्यधिक शराब पी, तो निश्चित रूप से हम इसकी जांच करेंगे। यह अस्वीकार्य है।''



रॉब की ने कहा, ''किसी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टीम का अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन करने की मैं किसी भी स्तर पर उम्मीद नहीं कर सकता हूं और वहां जो कुछ हुआ अगर मैं उसकी जांच नहीं करता हूं तो यह गलती होगी। लेकिन अब तक मैंने जो कुछ भी सुना है, उससे यही लगता है कि उनका व्यवहार बहुत अच्छा था।''

उन्होंने कहा, ''हमारे पास यह पता लगाने के पर्याप्त तरीके हैं कि वास्तव में क्या हुआ था। अब तक मैंने जो कुछ भी सुना है, उससे यही पता चलता है कि वे बैठे, दोपहर का भोजन किया, रात का खाना खाया, देर रात को बाहर नहीं गए, वगैरह-वगैरह। उन्होंने थोड़ी-बहुत शराब भी पी। मुझे इससे कोई आपत्ति नहीं है। अगर बात इससे आगे बढ़ती है तो फिर जहां तक मेरा सवाल है यह एक मुद्दा बन जाएगा।'' (अनंत ज्ञान)

# दीप्ति आईसीसी रैंकिंग में पहली बार शीर्ष टी20 गेंदबाज बनीं

**एजेंसी, दुबई**

स्टार भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा मंगलवार को अपने करियर में पहली बार आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई। विशाखापत्तनम में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में 28 साल की ऑफ स्पिनर दीप्ति ने 20 रन देकर एक विकेट चटकाया और इस प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गई। दीप्ति ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज से एक रेटिंग अंक आगे 737 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी पांच स्थान के फायदे से 36वें स्थान पर हैं, जबकि स्पिनर श्री चरणी 19 स्थान की लंबी छलांग के साथ 69वें स्थान पर पहुंच गईं।



विशाखापत्तनम में 44 गेंद में नाबाद 69 रन बनाकर मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई, जेमिमा रोड्रिग्स पांच स्थान के फायदे से नौवें स्थान पर हैं। भारतीय उप कप्तान स्मृति मंधाना शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय बल्लेबाज बनी हुई हैं। वह तीसरे स्थान पर हैं। शेफाली वर्मा एक स्थान नीचे खिसककर 10वें स्थान पर हैं। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में स्मृति की जगह नंबर एक बल्लेबाज बन गई। वोलवार्ट ने करियर के सर्वश्रेष्ठ 820 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस 45 और 64 रन की पारियों के बाद चार स्थान ऊपर 18वें स्थान पर पहुंच गई हैं। उनकी टीम की साथी ऐमी हंटर 31वें से 28वें स्थान पर पहुंच गई, जबकि दक्षिण अफ्रीका की सुने लुस (सात स्थान ऊपर 34वें स्थान पर) और डेन वैन नीकर्क (24 स्थान ऊपर 95वें स्थान पर) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### चिन्नास्वामी स्टेडियम में 24 दिसंबर को मैच के आयोजन को नहीं मिली मंजूरी

**एजेंसी, बेंगलुरु।** बेंगलुरु पुलिस आयुक्त सीमंत कुमार सिंह ने मंगलवार को कहा कि शहर के चिन्नास्वामी स्टेडियम में 24 दिसंबर को विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के मैच आयोजित करने की अनुमति नहीं दी गई है। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) ने फिलहाल दर्शकों के बिना मैच आयोजित करने की अनुमति मांगी थी। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने स्टेडियम में क्रिकेट मैचों के आयोजन की अनुमति देने पर विचार करने के लिए एक समिति का गठन किया था। समिति ने सोमवार को स्टेडियम का दौरा किया था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिताबी जीत का चार जून को जश्न मनाए जाने के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद से इस स्टेडियम में मैचों के आयोजन पर रोक लगा दी गई थी।

सीमंत ने पत्रकारों से कहा, ''समिति ने कल स्टेडियम का दौरा किया था और उसकी सिफारिश पर मैच खेलने की अनुमति नहीं देने का फैसला किया गया। इसलिए कल वहां कोई मैच नहीं होगा।'' राज्य के गृह मंत्री ने सोमवार को विधान सौध में केएससीए के पदाधिकारियों, राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के साथ स्टेडियम में क्रिकेट मैच आयोजित करने के संबंध में बैठक की थी। उन्होंने समिति को स्टेडियम का दौरा करने और क्रिकेट मैचों के आयोजन के लिए अनुमति देने के संबंध में सिफारिश देने के लिए कहा था। (अनंत ज्ञान)

# इंग्लैंड का कोच बने रहने का फैसला करना मेरे हाथ में नहीं है: मैकुलम

**एजेंसी, मेलबर्न**

इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ऑस्ट्रेलिया के हाथों एशेज सीरीज में 0-3 से हार के बावजूद अपने पद पर बने रहना चाहते हैं, लेकिन उन्होंने स्वीकार किया है कि कोच के रूप में उनका भविष्य अब उनके हाथ में नहीं है। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाते रहेंगे और उनके भविष्य पर फैसला इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को करना है।



एशेज के पहले तीन टेस्ट हारने के बाद मैकुलम की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि, ईसीबी के साथ उनका अनुबंध 2027 वनडे विश्व कप तक है। मैकुलम ने कहा कि कड़ी आलोचना के बावजूद वह इस भूमिका को लेकर उत्साहित हैं और खिलाड़ियों से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन निकलवाना उनका मुख्य उद्देश्य है। उनका मानना है कि पदभार संभालने के बाद से टीम ने कुछ प्रगति जरूर की है।

मैकुलम को पहले टेस्ट टीम का कोच बनाया गया था और इस साल की शुरुआत में उन्हें सीमित ओवरों की टीम का भी मुख्य कोच नियुक्त किया गया। इंग्लैंड पिछले 18 टेस्ट मैचों से ऑस्ट्रेलिया में जीत दर्ज नहीं कर पाया है और उसने आखिरी बार वहां 2010-11 में सीरीज जीती थी। इस बीच ईसीबी के प्रबंध निदेशक रॉब की ने एशेज के दौरान खिलाड़ियों द्वारा अत्यधिक शराब सेवन के आरोपों की जांच का आश्वासन दिया है। उन्होंने ऐसे व्यवहार को अस्वीकार्य बताया, हालांकि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार खिलाड़ियों का आचरण ठीक था। (अनंत ज्ञान)

बेल्जियम के डिफेंडर वैन डोरेन बोले-

# भारत 2026 हॉकी विश्व कप का प्रबल दावेदार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बेल्जियम के डिफेंडर आर्थर वैन डोरेन का मानना है कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपने प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई है, जिससे वह अगले साल होने वाले पुरुष हॉकी विश्व कप में खिताब का प्रबल दावेदार बन गया है। भारत ने पिछले दो ओलंपिक खेलों में कांस्य जीता था और वैन डोरेन का मानना है कि भारतीय टीम को किसी भी दृष्टिकोण से कम करके नहीं आंका जा सकता है।

वैन डोरेन ने कहा, ''भारत को बड़े दावेदारों के रूप में न मानना असंभव है। भारतीय टीम ने लंबे समय से अच्छे परिणाम हासिल किए हैं। वह पिछले दो ओलंपिक खेलों की पदक विजेता है। इसलिए विश्व कप की बात करते समय भारत को नजरअंदाज करना अब उचित नहीं होगा।'' लगभग 300 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके

**विश्व कप अगले साल 14 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में खेला जाएगा**

बेल्जियम के इस दिग्गज खिलाड़ी ने भारतीय टीम के शानदार संतुलन की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा, ''उनके पास लगभग हर विभाग में अच्छे खिलाड़ी हैं। उनके पास एक अच्छा कोच है, अनुभवी खिलाड़ी हैं और उसके युवा खिलाड़ी भी प्रतिभावान हैं। भारतीय टीम आज जिस मजबूत स्थिति में हैं वह महज संयोग नहीं है। इसके लिए उन्होंने लंबे समय से काम किया जिसके परिणाम अब मिल रहे हैं।''

वैन डोरेन ने इसके साथ ही कहा कि विश्व कप में किसी भी टीम को काम करके नहीं आंका जा सकता है और खिताब की दौड़ बेहद कड़ी होने की संभावना है। उन्होंने कहा, ''भारत और बेल्जियम जैसी टीमों के लिए चुनौती आसान नहीं होगी क्योंकि पांच, छह या सात और टीमें हैं जो हमारी तरह ही आत्मविश्वास से भरी हैं। यही इस समय अंतरराष्ट्रीय हॉकी की खूबसूरती है। शीर्ष पर मुकाबला बेहद कड़ा है।'' वैन डोरेन ने भारतीय खिलाड़ियों विशेषकर युवा पीढ़ी के उभरते खिलाड़ियों की तकनीकी क्षमता की भी जमकर प्रशंसा की।

उन्होंने कहा, ''भारतीय हॉकी टीम दुनिया के किसी भी अन्य टीम की तुलना में अधिक व्यस्त हैं। वे सीखना चाहते हैं, खेलना चाहते हैं और प्रगति करना चाहते हैं। उसके पास कई युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। उनके खिलाड़ी कम उम्र में ही अपने कौशल को अगले स्तर पर पहुंचा देते हैं।'' विश्व कप अगले साल 14 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में खेला जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**यादें** सीनियर स्तर पर निराशा, अंतिम पंघाल बनीं चमकदार चेहरा; आयु वर्ग के पहलवानों ने दिलाया भरोसा

# कुश्ती में रहा उतार-चढ़ाव, जूनियर खिलाड़ियों ने बिखेरी चमक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय कुश्ती के लिए वर्ष 2025 उतार-चढ़ाव से भरा रहा। सीनियर स्तर पर जहां अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सके, वहीं जूनियर और आयु वर्ग के पहलवानों के शानदार प्रदर्शन ने उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद जरूर जगाई। सीनियर वर्ग में हरियाणा की अंतिम पंघाल ही ऐसी पहलवान रहीं, जिन्होंने पूरे सत्र में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी।




अंतिम पंघाल ने विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं के 53 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भारत की पदक तालिका में मौजूदगी दर्ज कराई। कांस्य पदक मुकाबले में उन्होंने मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी मानसिक मजबूती का परिचय दिया। इसके अलावा उन्होंने एशियाई चैंपियनशिप में भी कांस्य पदक जीता और सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक के साथ वर्ष का शानदार समापन किया। पूरे साल के प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें देश की सर्वश्रेष्ठ महिला पहलवानों में शामिल करना गलत नहीं होगा।

सीनियर विश्व चैंपियनशिप में भारत का समग्र प्रदर्शन निराशाजनक रहा और टीम को केवल एक पदक से संतोष करना पड़ा। कई पहलवान शुरुआती दौर में ही बाहर हो गए। हालांकि महाद्वीपीय स्तर पर मनीषा भानवाला (62 किग्रा) का एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतना बड़ी उपलब्धि रहा। ओलंपिक पदक विजेता अमन सेहरावत (57 किग्रा) के लिए 2025 कठिन साबित हुआ। विश्व चैंपियनशिप में अधिक वजन के कारण उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया गया, जिसके चलते उन पर प्रतिबंध भी लगा। यह वर्ष की सबसे चौंकाने वाली घटनाओं में से एक रही। बाद में अमन ने बिना शर्त माफी मांगी, जिसके बाद भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने उनका निलंबन हटा लिया और वे घरेलू प्रतियोगिताओं में लौट आए। सकारात्मक पहलू यह रहा कि सुजीत कलकल ने पुरुषों के 65 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में शानदार रक्षात्मक खेल दिखाते हुए अपनी जगह मजबूत की, जहां पहले बजरंग पुनिया खेलते थे।

वजन और डोपिंग से जुड़े मामलों ने भी वर्ष को प्रभावित किया। अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में अधिक वजन के कारण नेहा सांगवान पर प्रतिबंध लगा, जबकि 76 किग्रा वर्ग की उभरती पहलवान रितिका हुडा डोपिंग उल्लंघन के कारण बाहर हो गईं। इन मामलों से डब्ल्यूएफआई के कड़े रुख का संकेत मिला। इसके बावजूद आयु वर्ग के पहलवानों ने भारत को गर्व करने का मौका दिया। अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में सुजीत ने स्वर्ण पदक जीता। अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में काजल (72 किग्रा) और तपस्या गहलावत (57 किग्रा) के स्वर्ण सहित भारत ने कई पदक जीते। महिला फ्रीस्टाइल में प्रिया मलिक, सारिका, श्रुति और रीना ने पदक हासिल किए। (अनंत ज्ञान)